22 may 2022:Layout 1 7/15/2022 1:10 AM Page 1



किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

TITLE CODE :UPHIN49919

# दैनिक समाज जागरण

समाज जागरण NEWS

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 01 अंक: 277 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शुक्रवार 15 जुलाई 2022 vatankiawaz@gmail.com पेज: 12 मूल्य 05 रुपया

## नोएडा मे गुरू पूर्णिमा का पर्व बडे ही उल्लास पूर्वक मनाया गया

देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी नोएडा गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष पर पूरे नॉएडा महानगर में भाजपा ने हर बूथ और मंडलों साधु ,संत, विद्वान, साधकों का सम्मान का कार्यक्रम किया और उनसे आशीर्वाद लिया। इसी के चलते आज नॉएडा में राज्य सभा सांसद और राष्ट्रीय महामंत्री भाजपा अरुण सिंह सेक्टर 39 के मंदिर में रहे। उन्होंने वहाँ पुरोहित जी का माल्यार्पण और शॉल पहना कर सम्मान किया और उनसे आशीर्वाद लिया। उसके बाद श्री अरुण सिंह सेक्टर 126 के बालाजी मंदिर गए और वहाँ भी साधु, संतों का सम्मान किया। महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता द्वारा ने बताया की इन सभी कार्यक्रम का उद्देश्य अपने गुरुओं का सम्मान एवं पार्टी के सिद्धांतों पर चल कर देश और समाज की रक्षा करना है।

इन्ही के साथ बाकी जगह पर भी कार्यक्रम रहे जिसमें में सेक्टर 22 के बाबा बालक नाथ मंदिर, चोटपुर में हनुमान मंदिर, काली बाड़ी मंदिर सेक्टर 26, हनुमान मंदिर सेक्टर 20, शिव मंदिर, सेक्टर 37, माता मंदिर सदरपुर, शिव मंदिर सेक्टर 44, चामुंडा मंदिर, हल्दोनी में भाजपा कार्यकर्ता रहे और पुजारियों का सम्मान कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद सेक्टर 116 के ज़िले कार्यालय में ज़िला पदाधिकारियों की बैठक हुई जिसमें जिला अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने बताया की आजादी के अम्रत महोत्सव के चलते कार्यक्रम चलेगा जो 15 अगस्त तक चलाया जाएगा, जिसमें हर मंडल एवं बूथ पर कार्यक्रम करके तिरंगा लगाना है, जिसमें सभी पदाधिकारी बूथ पर जाएँगे और कार्यक्रम को सफल बनायेंगे एवं कॉलेज व स्कूल में गोष्टी कर छात्रों को भी तिरंगा लगाने के लिए जागरुक किया जाएगा । कार्यक्रम में प्रभारी बसंत त्यागी, महामंत्री चंदगीराम यादव, उमेश त्यागी, गणेश जाटव, उपाध्यक्ष गिरजा सिंह, मीडिया प्रभारी तन्मय शंकर, एसपी चमोली, अमरीश त्यागी, रवि यादव, उमेश यादव, मंडल अध्यक्ष कल्लू सिंह, गोपाल गौर, अशोक मिश्रा, बबलू यादव, पंकज झा, महेश चौहान, डाक्टर प्रसंजीत मैत्रा प्रमोद बहल, आदि लोग मौजूद रहे।

## सांसद खेल महोत्सव में गोकलपुर दबंग व तिमारपुर टांइटस ने अपने-अपने मैच जीते

(हरेश उपाध्याय) दिल्लीः- सांसद खेल महोत्सव के तहत आज सुबह सीमापुरी स्ट्राइकर्स और गोकलपुर दबंग के बीच तथा शाम को रोहतास नगर रेंजर्स एवं तिमारपुर टाइटंस के बीच क्रिकेट मैच खेले गए। नंद



नगरी स्थित डिस्ट्रिक्ट पार्क खेल मैदान पर खेल महोत्सव के आयोजक सांसद मनोज तिवारी राष्ट्रीय सहारा के संपादक उपेंद्र राय यमुना वाजार हनुमान मंदिर के महन्त वैभव शर्मा मशहूर हरियाणवी कलाकार सपना चौधरी के साथ पहुंचे।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष मोहन गोयल मास्टर विनोद कुमार उपाध्यक्ष महामंत्री संजय त्यागी डॉ यूके चौधरी मनोज त्यागी वीरेंद्र खंडेलवाल आनंद त्रिवेदी आयोजन समिति के पदाधिकारी तेज प्रकाश, भुवनेश सिंघल अश्वनी शर्मा गंगाराम माहोर आरडी शर्मा रामनिवास निमेष दीपक चौहान सुग्रीव चौधरी पूर्व विधायक जगदीश प्रधान पूर्व जिला अध्यक्ष कैलाश जैन पूर्व निगम पार्षद सचिन शर्मा रीना माहेश्वरी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहें। सुबह के मैच में गोकलपुर दबंग ने टॉस जीता एवं पहले फील्डिंग करने का फैसला लिया।सीमापुरी स्ट्राइकर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 18.5ओवर में 10विकेट खोकर 120रन बनाए और गोकलपुर दबंग के सामने121 रनों का लक्ष्य रखा लक्ष्य का पीछा करते हुए गोकलपुर दबंग की टीम ने 18 ओवर में 9 विकेट खोकर 125 रन बनाकर यह मैच जीत लिया। शाम के मैच में रोहतास नगर रेंजर्स की टीम ने टॉस जीता और फील्डिंग करने का फैसला किया तिमारपुर टाइटंस की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 18.4 ओवर में10 विकेट खोकर 159रन बनाए और रोहतास नगर रेंजर्स की टीम के सामने160 रनों का लक्ष्य रखा। जिसका पीछा करते हुए रोहतास नगर रेंजर्स की टीम 18.1ओवर में 10विकेट पर117रन ही बना सकी और तिमारपुर टाइटंस ने यह मैच 42रन से जीत लिया।

## क्लासिक गोल्फ प्रीमियर लीग की शुरूआत 22 जुलाई से गुरूग्राम में

( हरेश उपाध्याय) दिल्लीः-भारत के पहले डिजाइनर गोल्फ कोर्स, क्लासिक गोल्फ एण्ड कंट्री क्लब, ने आज क्लासिक गोल्फ प्रीमियर लीग



(सीजीपीएल) के लॉन्च की घोषणा की है। सीजीपीएल के पहले संस्करण की शुरूआत शुक्रवार 22 जुलाई को होगी।इसे स्ट्रोकप्ले और मैचप्ले राउण्ड्स के अनूठे मिश्रण के रूप में छह सप्ताहों के दौरान खेला जाएगा। पहले आयोजन में 12 टीमें हर शुक्रवार और रविवार को पांच क्लासिफिकेशन राउण्ड्स में प्रतिस्पर्धा करेंगी। इसके बाद टॉप आठ टीमें नॉक आउट स्टेज में पहुंचेंगी। जिसे फोरबॉल बैटर बॉल मैचप्ले फोर्मेट में खेला जाएगा। यह लीग स्पोर्ट्स, फूड एवं मनोरंजन का बेजोड़ अनुभव होगी। इसमें विभिन्न पेशों से ताल्लुक रखने वाले 120 लीग खिलाड़ी हिस्सा लेंगे, जिनमें उद्योगपतियों से लेकर सीएक्सओ तक शामिल होंगे।ब्रांडन डीसूजा, टूनार्मेन्ट डायरेक्टर ऑफ सीजीपीएल ने कहा, ह्यह्यआज देश में गोल्फ तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। व्यक्तिगत खेल के अलावा गोल्फ टीम चैम्पियनशिप्स क्लब गोल्फरों को खूब लुभा रही हैं। कोलकाता, हैदराबाद, लखनऊ, बैंगलुरू और मुंबई सहित देश भर में यही रूझान सामने आए हैं। इसका मुख्य उद्देश्य लीग की सभी टीमों के सदस्यों के बीच इंटरैक्शन को सुनिश्चित करना है।

# विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला 2022 का हुआ भव्य उद्घाटन,

## डिप्टी सीएम व अन्य कई मंत्रियों ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलन कर किया मेले की शुरूआत



**भागलपुर /सुल्तानगंज :समाज जागरण प्रमंडलीय ब्यूरो राजीब पाण्डेय /निभाष मोदी**

भागलपुर के सुल्तानगंज में विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला 2022 का उद्घाटन डिप्टी सीएम तारकिशोर प्रसाद ने किया। इस दौरान कई मंत्री, विधायक और विधान पार्षद भी इस कार्यक्रम में मौजूद थे। उद्घाटन कार्यक्रम सुल्तानगंज के नमामि गंगे घाट पर वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ दीप प्रज्वलन से हुआ। इसके बाद कांवरिये बम भोले के नारे लगाते हुए सुल्तानगंज से गंगा जल लेकर देवघर स्थित बाबा धाम के लिए रवाना होंने लगे। सुलतानगंज अजगैविनाथ धाम गंगा घाट से सावन और भादो महीने में लाखों लाख श्रद्धालु बाबा बैजनाथ धाम जल अर्पण करने के लिए सुल्तानगंज से जल भरते हैं। बीते 2 वर्षों से विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला कोरोना महामारी के कारण स्थगित कर दिया गया था। इस वर्ष लगने वाले श्रावणी मेला की तैयारी पूरी हो चुकी है। श्रावणी मेला के उद्घाटन कार्यक्रम में डिप्टी सीएम तरकीशोर प्रसाद के अलावे बिहार के राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री रामसूरत राय बतौर अध्यक्ष शामिल हुए। वहीं, पर्यटन मंत्री नारायण प्रसाद, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय, जल संसाधन मंत्री संजय कुमार झा, पंचायती राज मंत्री सम्राट चौधरी, उद्योग मंत्री सैय्यद शहनवाज हुसैन, कला एवं संस्कृति मंत्री आलोक रंजन , भागलपुर सांसद अजय मंडल, बांका सांसद गिरधारी यादव, सुल्तानगंज विधायक ललित नारायण मंडल,भूदेव चौधरी के अलावे कई विधायक, सांसद व विशिष्ठ राजनेता भी शामिल थे। प्रशासनिक खेमे में प्रमंडलीय आयुक्त, जिलाधिकारी भागलपुर, डीआ-ईजी,एसएसपी के अलावे कई पदाधिकारी सामिल थे।

डीएम सुब्रत कुमार सेन ने बताया एक महीने तक चलने वाले श्रावणी मेले के उद्घाटन समारोह की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिस मार्ग से कांवरिये जल लेकर जाएंगे वहां पीएचईडी और नगर परिषद के द्वारा पेयजल की व्यवस्था की गई है। कांवरियों को कोई परेशानी ना हो इसके लिए ठहरने की व्यवस्था, बिजली की व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान रखा गया है। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम है। मेला स्थल पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, ताकि असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाए। पर्यटन विभाग एवम बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम बिहार सरकार की ओर से मुंबई से आए हंसराज रघुवंशी की भी प्रस्तुति के साथ साथ राज्यों और स्थानीय कलाकारों की भी प्रस्तुति की जा रही है।

## कैदी गुड्डू हत्याकांड में एक और जेल कर्मी पर गिरी गाज, प्रोग्रामर को हटाने का आदेश

**समाज जागरण नवादा ब्यूरो (धर्म जीत सिन्हा)**

नवादाःमंडल कारा नवादा में बंदी गुड्डू सिंह की हत्या मामले में एक और कर्मी।पर कार्रवाई की गाज गिरी है। वहां कार्यरत सहायक प्रोग्रामर अनंत कुमार को हटाने का आदेश जारी किया गया है। उनके स्थान पर किसी दूसरे योग्य सहायक प्रोग्रामर का पदस्थापन करने का भी आदेश जारी हुआ है।





कारा विभाग के संयुक्त सचिव सह निदेशक (प्र) रजनीश कुमार ने इस बावत राज्य सूचना विज्ञान पदाधिकारी को पत्र लिखकर नवादा मंडल कारा में तैनात सहायक प्रोग्रामर अनंत कुमार को हटाते हुए नए प्रोग्रामर की तैनाती करने को कहा है।

पत्र में कहा गया है कि 6.9.21को गुड्डू सिंह की मौत के मामले में प्रोग्रामर की भूमिका संदिग्ध है। घटना के दिन जेल का सभी 16 ३५ कैमरा एक साथ बंद था। पत्र में प्रोग्रामर का पूरा पता, मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी प्राप्त करने को कहा गया है ताकि जरूरत पड़ने पर पूछताछ के लिए बुलाया जा सके। 12 जुलाई की तिथि में उक्त पत्र जारी किया गया है। जिसे कारा महानिरीक्षक से अनुमोदन प्राप्त बताया गया है। बता दें कि घटना की न्यायिक जांच के बाद जेल के 6 कर्मियों व पदाधिकारियों पर कार्रवाई की गाज गिर चुकी है।काराधीक्षक अभिषेक पांडेय, जेलर उमाशंकर, एक जामदार, 2 सिपाही निलंबित हो चुके हैं या यहां से हटाए गए हैं। अब प्रोग्रामर पर गाज गिरी है। कारा अधीक्षक के दो गार्ड सोनू और राजकुमार पर भी कार्रवाई की गाज गिर सकती है। हालांकि, काराधीक्षक लगातार खुद को निर्दोष बताते रहे हैं।

गुड्डू शराब के मामले में गिरफ्तार हुआ था। वह रजौली थाना क्षेत्र के सोहदा गांव का निवासी था। जेल जाने के एक सप्ताह के अंदर ही उसकी मौत हो गई थी। शरीर के कई हिस्सों में चोट के गहरे निशान मिले थे।

## असम करीमगंज जिले के दुल्लभछड़ा पी एन बी के सी एस पी से पैसे निकालने के लिए दो सौ रुपये की मांग की आरोप.

### करीमगंज जिले के दुल्लभछड़ा पंजाब नेशनल बैंक का एटीएम करीब एक महीने से बंद है, लोग परेशान

**असम संवाददाता दैनिक समाज जागरण :**

दुल्लभछड़ा पी एन बी शाखा के तहत सी एस पी के निदेशक ने (200) दो सौ रुपया की मांग की, सायरा बेगम खाता बही से 4000 (चार हजार) रुपया निकालने के लिए गई तब लेकिन जब ग्राहक ने अनिच्छा व्यक्त की, तो केवाईसी फॉर्म जमा करने का विषय सामने आया, लेकिन सी एस पी निदेशक ने फॉर्म स्वीकार नहीं किया और फॉर्म को पी एन बी शाखा में जमा कर दिया। लेकिन एक माह बीत जाने के बाद भी उसकी फाइल दबाई जा रही है। ऐसी शि-कायत पातीयाला ग्राम पंचायत के पेचायाला गांव के वार्ड नंबर 4 निवासी सायरा बेगम उन्होंने शि-कायत की संवाद माध्यम





के सामने, जिनका खाता क्रमांक 06010108 66961 है, समाचार कर्मियों द्वारा शाखा के प्रबंधक से मामले के बारे में पूछे जाने पर शिकायतकर्ता उनके पास नहीं आया. दूसरी ओर, ग्राहकों के काम के प्रति उदासीनता के कारण सी एस पी प्रबंधकों को शाखा में विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ता है। हालांकि, समाज सेवी इब्राहिम आली ने दुल्लभछड़ा पी एन बी शाखा के ग्राहकों की समस्या पर प्रकाश डाला और मीडिया से कहा कि वह पी एन बी शाखा के एटीएम के लगभग एक महीने से बंद होने की समस्या के साथ ग्राहकों द्वारा हस्ताक्षरित एक ज्ञापन विभागीय उद्धरण प्राधिकरण को भेजेंगे ताकि का जल्द से जल्द समस्या समाधान हो सके।

## दीक्षांत समारोह : विभिन्न समितियों की बैठकों में लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णय-जनसंपर्क पदाधिकारी

मधेपुरा । आगामी तीन अगस्त को निर्धारित बीएनएमयू, मधेपुरा के चौथे दीक्षांत समारोह में महामहिम राज्यपाल सह कुलाधिपति फागू चौहान के आगमन को लेकर विश्वविद्यालय में सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

### परिधान समिति की बैठक संपन्न

जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि गुरूवार को परिधान समिति की बैठक संयोजक डॉ. एम. आई. रहमान की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में बताया गया कि दीक्षांत समारोह की विद्वत शोभा यात्रा में राज्यपाल सह कुलाधिपति सहित अन्य गणमान्य अतिथि एवं प्रतिभागी विशेष दीक्षांत परिधान में शामिल होंगे। सभी अतिथियों एवं सभी प्रतिभागियों को विश्वविद्यालय द्वारा पीला मालविया पगड़ी, लाल बॉडर वाला विश्वविद्यालय के मोनोग्राम अंकित पीला अंगवस्त्रम् उपलब्ध कराया जाएगा। छात्रों को खादी कपड़े में सफेद (उजला) कुर्ता एवं पजामा या उजली धोती एवं उजला कुर्ता स्वयं बनाना है। छात्राओं के लिए खादी सलवार (उजला) लेमन येलो कुर्ता या खादी की साड़ी लाल बॉडर के साथ, लाल ब्लॉज स्वयं बनवाना है।

**बैठक में सीसीडीसी डॉ. इम्तियाज अंजुम, कुलसचिव डॉ. मिहिर कुमार ठाकुर, क्रीड़ा सचिव डॉ. मो. अबुल फजल, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. प्रियंका, यूडीसी बिमल किशोर बिमल आदि उपस्थित थे।**

जनसंपर्क पदाधिकारी ने बताया कि दीक्षांत समारोह के निमित्त साफ- सफाई एवं सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है और पूरे परिसर को दुल्हन की तरह सजाने की योजना है। विश्वविद्यालय अतिथिगृह सहित सभी प्रमुख भवनों के रंग-रोगन का कार्य जारी है। मुख्य द्वार पर लाइट लगाने का प्रस्ताव है। दीक्षा मंच पर मधुबनी पेंटिंग लगाने और मंच को खुशबूदार फूलों से सजाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि राज्यपाल सह कुलाधिपति के स्वागत एवं सम्मान में जगह-जगह तोरणद्वार लगाया जाएगा। समारोह में आगमन हेतु अतिथियों को ससमय आमंत्रण-पत्र भेजने का निर्णय लिया गया।



### 18 जुलाई तक होगा आवेदन

उन्होंने बताया कि दीक्षांत समारोह को लेकर विद्यार्थियों में काफी उत्साह है। विद्यार्थियों द्वारा विश्वविद्यालय में लगातार आवेदन प्रपत्र जमा किया जा रहा है। 18 जुलाई (सोमवार) तक आवेदन प्रपत्र स्वीकार किया जाएगा। समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की छायाप्रति के साथ संबंधित विभाग/ महाविद्यालय से अग्रसारित कराकर निर्धारित शुल्क के साथ शुल्क काउंटर पर जमा कराया जा सकता है।

एमए, एमएससी एवं एमकॉम हेतु 12 सौ, एमएलआईएस एवं एमएड हेतु 15 सौ, पीएचडी हेतु दो हजार तथा एमएस एवं एमडी हेतु चार हजार शुल्क निर्धारित किया गया है।

### स्नातकोत्तर एवं पीएचडी वालों को मिलेगी उपाधि

उन्होंने बताया कि चतुर्थ दीक्षांत समारोह में पीएच. डी. एवं स्नातकोत्तर के विद्यार्थी भाग लेंगे। इस निमित्त 14 दिसंबर, 2019 से अद्यतन पीएच. डी. डिग्री और स्नातकोत्तर 2016-18 एवं 2017-19, एमडी एवं एमएस 2020 ( ), एमएलआईएस 2019-20, एमएड 2017-19, 2018-20 एवं 2019-21 के विद्यार्थियों का प्रमाण पत्र बन रहा है।

## #ईआईएल ने झुग्गी बस्ती में बच्चों के साथ मनाया स्वच्छता पखवाड़ा

(हरेश उपाध्याय) गुरुग्रामः- भारत सरकार के उपक्रम इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड ने स्वच्छता पखवाड़ा शिक्षा वंचित बच्चों के साथ मनाया। इस अवसर पर इनोवेशन मोबाइल स्कूल कैम्प सेक्टर 90 एवं सेक्टर 52 स्थित झुग्गी बस्ती में बच्चों एवं उनके माता पिता ने भाग लिया। इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड की तरफ से विवेक अवस्थी, नोडल आफीसर सीएसआर ,साहिल कपूर, प्रबन्धक सीएसआर एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर विवेक अवस्थी ने स्वच्छता पखवाड़ा का महत्व बताते हुए बच्चों एवं उनके माता पिता को आहावान किया कि कैसे वह झुग्गी बस्ती में साफ सफाई से रह सकते हैं और अपने को स्वस्थ रख सकते हैं। उन्होंने कहा स्वच्छ झुग्गी होगी तो कोई बीमारी नहीं फैलेगी। उन्होंने ईआईएल की तरफ से बच्चों को स्वच्छता किट और मिठाईयां वितरित की। सभी मजदूरों को जूट बैग दिए गए और बताया कि पालीथीन की जगह इस बैग का प्रयोग करें। इस अवसर पर 300 से अधिक बच्चों एवं उनके माता पिता ने भाग लिया। एआईसीएपीडी एवं इनोवेशन मोबाइल स्कूल के संस्थापक व निदेशक संदीप राजपूत ईआईएल से आए सभी अधिकारियों का धन्यवाद किया और कहा कि कहा कि ईआईएल का ह्यस्वच्छ झुग्गीह्य कार्यक्रम जो उन्होंने अपने स्वच्छता पखवाड़ा में शामिल किया है जिसकी जितनी सराहना की जाए कम है।

## मुबारक : एक आटो में 27 सवारी बिठाने पर 11 हजार 500 का चालान

आपने भले ही जनसंख्या दिवस पर पेड़ लगाया हो। एक दूसरे को गिफ्त दिया होगा। सेमिनार में बड़े बड़े भाषण दिए होंगे। लेकिन फतेहपुर पुलिस नें जो किया वह काबिले ता-रीफ है औङ्ट हम सबकों समझने के लिए है । दिल्ली हो या नोएडा या हो यूपी के फतेहपुर गाड़ी पर बढ़ती सवारियों का भीड़ है।

फतेहपुर पुलिस नें एक आटों में 27 सवारी बिठाने वाले आटो ड्राइवर का चालान 11 हजार 500 का कर दिया। अब यह विडियों सोशल मिडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। देखा जाता है कि आटो में सिर्फ तीन सवारियों को ले जाने की परमिशन है लेकिन यह जनाब ने तो 3 नही, 6 नही , 9 भी नही। 9 को तीन से गुणा कीजिए यानि कि 27 सवारी एक आटो में लेकर जा रहे थे। योगी प्रशासन नें भले ही इनका चालान 11 हजार 500 का कर दिया है लेकिन बीबीसी वाले औङ्ट द वायर वाले तो इनको आस्कर दिलवाने की पुरजोर कोशिश करेंगे। जहाँ एक सवारी आटो खचाखच भरा हुआ ले जाया जा रहा था। जब इनको रोका गया और सवारियों की गिनती की गई तो पूरे 27 सवारी निकली। यह देखकर यातायात पुलिस भी दंग रह गई। किस प्रकार से 3 सवारी के क्षमता वाली आटो में 27 सवारियों को बिठाया होगा। हालांकि यह हालत सिर्फ फतेहपुर की नही है दिल्ली से सटे नोएडा स्मार्ट सिटी की भी है। जहाँ पर आटो वाले 15 सवारी तक भर लेते है औङ्ट यातायात पुलिस सिर्फ टू व्हीलर वाले को ढुढ़ने में लगे रहते है कि हैलमेट लगाया है कि नही। प्रशासन के माने तो किसी भी गाड़ी में ड्राइवर सीट पर सवारी बिठाना जुर्म है। नोएडा पुलिस और देश के तमाम पुलिस को भी फतेहपुर के पुलिस से सबक लेना चाहिए और ओवरलोडिंग करने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही करनी है चाहिए। ऐसे विश्व जनसंख्या दिवस पर आप सभी को शुभकामनाए। 2023 में विश्व की आबादी 8 अरब होने वाली है। पहले एक अरब 223 साल में और आखिर एक अरब सिर्फ 11 साल में हमने प्राप्त किए है। ऐसे ही चलता रहा तो इस आटों में 27 क्या 54 भी बिठाने पड़ेंगे।

# साधना पथ (भाग 196)



देव मणि शुक्ल

साधकों हमारी शंकाएँ और भय जैसे दूसरों के विश्वास को नष्ट करते हैं "वैसे कोई अन्य पदार्थ नहीं।" बहुत से मनुष्यों की असफलता का कारण यह है, कि वह अपने निराशाजनक भाव को ही प्रोत्साहन देते रहते हैं और अपने पास उठने-बैठने वाले लोगों से ऐसी ही निराशा,भय की प्रेरणा किया करते हैं।

जितना आप अपनी योग्यता पर अविश्वास करेंगे, जितना आप भय और आशंका को अपने हृदय में स्थान देंगे, उतने ही आप विजय से, सफलता से दूर रहेंगे।

चाहे हमारा पथ कितना ही कंटकाकीर्ण और अन्धकारमय क्यों न हो, पर हमें चाहिए कि हम कभी अपने आत्मविश्वास को, मानसिक धैर्य को तिलांजलि न दें।

जिन गुणों को आप प्राप्त करना चाहते हो, उन्हीं गुणों को यदि आप अपने मानसिक भवन में पैदा करते रहोगे, तो धीरे-धीरे यह गुण आपके होने लगेंगे और इनका प्रकाश आपके चेहरे पर भी चमकने लगेगा। यदि आप चाहते हैं कि हमारे मुख मंडल पर दिव्यता का भाव झलके, तो पहले आप अपने हृदय में वैसे भावों को उत्पन्न कीजिए।यदि आप चाहते हैं कि हमारे मुखमण्डल और आचार-व्यवहार में उच्चता का भाव झलके, तो इसके लिए आवश्यक है कि आप अपने विचारों में उच्चता लावें।

हमारे कार्य की नींव हमारे आत्मविश्वास पर लगी हुई है "हम कार्य करते हैं" इस विचार में बड़ी अद्भुत शक्ति भरी हुई है। जिस मनुष्य में पूरा आत्म विश्वास है, वह इस तरह की गड़बड़ी में नहीं पड़ता कि मैं ठीक पथ पर हूँ या नहीं, मुझमें कार्य सम्पादन की योग्यता है कि नहीं? उसके मन में अपने भविष्य के लिए किसी प्रकार की चिंता नहीं उठती।


# क्या नयी शब्द नियमावली बदलेगी सदन का माहौल?

मृत्युंजय दीक्षित दैनिक समाज जागरण/ अखिलेश सिंहवर्ष- 2022 में संसद का मानसून सत्र एक नई कहानी लिखने जा रहा है क्योंकि इस बार सांसदों के लिए एक पुस्तिका जारी की गयी है जिसके अनुसार कम से कम 60 शब्दों के बोलने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। विगत कई वर्षों से जब भी संसद कोई सत्र आहूत किया जाता है तो इसका कोई भी दिन बिना हंगामे और शोरगुल के नहीं बीतता है। इसी हंगामे और शोरगुल के बीच माननीय सांसद गण सदन कि मयार्दा को भूलकर असंसदीय शब्दावली का उपयोग करते जिन्हें बाद में सदन की कार्यवाही के रिकार्ड से बाहर किया जाता है। लेकिन इस बार संभवतः दृश्य अलग होगा क्योंकि अब नये नियमों के अनुसार लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही के दौरान सदस्य चर्चा में हिस्सा लेते हुए जुमलाजीवी, बालबुद्धि, जयचंद, कोविड स्प्रेडर और स्नूपगेट जैसे शब्दों का प्रयोग नहीं कर पाएंगे। लोकसभा सचिवालय ने दोहरा चरित्र, निकम्मा, नौटंकी, ढिंढोरा पीटना ओर बाहरी सरकार को भी असंसदीय शब्दों की सूची में शामिल किया है। सांसद अब तानाशाह जैसे शब्द भी नहीं बोल सकेंगे। इसके अलावा ब्लडशेड, अशेम्ड, चीटेड, चमचा, चमचागीरी, चेला, चाइल्डनेस , कावर्ड, क्रिमिनल, क्रोकोडाइल टीयर्स, डिस्ग्रेस, डंकी, आइवाश , फ्रिंज , हूलिगनिज्म, मिसलेड, लार्ड, अनटू ,गद्दार, गिरगिट, गून्स, घड़ियाली आंसू ,अपमान, असत्य, अहंकार ,काला दिन, काला बाजारी, दादागिरि, बेचारा ,बाबकट, लालीपाप, विश्वासघात, संवेदनहीन, फूलिश, पिटटू, सेक्सुअल हरेसमेंट, माफिया, रबिश , स्नेक, चार्मर, टाउट, ट्रेटर जैसे शब्दों को असंसदीय घोषित किया गया है। अभी हाल ही में कृषि कानून विरोधी आंदोलन व सीएए विरोधी आंदोलन के दौरान विरोधी दलों के सांसदां ने मयार्दा के बाहर जाकर जमकर हंगामा किया था । वे दोनों सदनों में सभापति के आसन तक आ जाते थे जिसके कारण कई दिनों तक संसद की कार्यवाही ठप रही थी। यह नये नियम सांसदों का आचरण सुधारने के लिए बनाये गये हैं लेकिन आज देश के सभी विरोधी दलों ने इस नई नियमावली का विरोध करना प्रारंभ कर दिया है।तृणमूल कांग्रेस के नेता डेरेक ओ ब्रायन ने अपने ट्वीट में कहा है कि, ह्लसंसद में अपनी बात रखते हुए अब हमें इन मूल शब्दों शर्मिंदा, धोखा, भ्रष्ट अक्षम दिखावा जैसे शब्दों का इस्तेमाल करने की इजाजत नहीं दी जएगी।ह्व टीएमसी नेता का कहना है कि, ह्ववह इन शब्दों का इस्तेमाल करेंगे। सरकार चाहे तो उन्हें निलंबित कर सकती है। वह लोकतंत्र के लिए लड़ेंगे।ह्ल कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि सरकार की आलोचना करने वाले शब्दों को असंसदीय घोषित कर दिया गया है। उनका कहना है कि इस पर एक समिति बने और विचार करे हो सकता है कांग्रेस पार्टी इस पुनर्विचार करने के लिए भी कह सकती है। वहीं कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंधवी ने कहा, जब आप अपनी आलोचना में यदि क्रिएटिव नहीं हो सकते तो संसद का औचित्य क्या है ? उन्होंने कहा कि जुमलाजीवी को जुमलाजीवी नहीं बोलेंगे तो क्या बोलेंगे ? शब्दों पर प्रतिबंध लगाना अवांछित है। जिन शब्दों को असंसदीय घोषित किया गया है इसमें राजस्थान विधानसभा में असंसदीय घोषित कुछ शब्दों को भी रखा गया है जिसमें कांव कांव करना, तलवे चाटना, तड़ीपार, तुर्रम खां तथा झारखंड विधनसभा में असंसदीय घोषित कई घाट का पानी पीना , ठेंगा दिखाना आदि शामिल हैं। सचिवालय द्वारा तैयार पुस्तिका सांसदों को एक दूसरे के प्रति सम्मान देने के लिए तैयार की गयी है। सूची में जिन शब्दों को षामिल किया गया है उन सभी शब्दों का देश के विरोधी दल व सभी नेतागण सरकार का विरोध करने के लिए बहुतायत में प्रयोग कर रहे हैं। संसद में भी इन शब्दों का बहुत ही आक्रामक तरीके से प्रयोग किया जा रहा था और जिसके कारण संसद की कार्यवाही बार- बार ठप हो रही थी। जिसके कारण संचिवालय ने यह नयी पुस्तिका जारी की है लेकिन विपक्ष अब अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर इन शब्दों के प्रयोग पर भी अड़ गया है। सभी विरोधी दलों के नेताओं ने इन शब्दों का आगामी मानसून सत्र में जमकर प्रयोग करने की घोषणा कर दी है और यह बात भी साफ हो गयी है कि आगामी दिनो में संसद के दोनों सदनों में विभिन्न मुद्दों पर जमकर हंगामा होने जा रहा है। विपक्ष की हंगामे की लिस्ट तैयार हो चुकी है जिसमें नेशनल हेराल्ड मामले में गांधी परिवार से पूछताछ , अग्निपथ योजना व उसके विरोध में उपजी हिंसा, नुपूर शर्मा विवाद, महंगाई, बेरोजगारी और श्रीलंका के हालात , नये अशोक स्तम्भ को लेकर भी दोनों सदनों में भारी हंगामा तय माना जा रहा है। देश के विरोधी दल महाराष्ट्र में सत्ता परिवर्तन को लेकर भी बहस और हंगामा करने के मूड में दिखाई पड़ रहे हैं। संसद के हंगामे को ध्यान में रखते हुए सचिवालय ने यह पुस्तिका जारी की है लेकिन अभिव्यक्ति की आजादी के दीवाने राजनैतिक दलों ने इस पुस्तिका का ही प्रबल विरोध प्रारंभ कर दिया है और अपने इरादे जगजाहिर कर दिए हैं। विरोधी दल इन नये नियमों को भी तानाशाही प्रवृत्ति और अभिव्यक्ति की आजादी का गला घोटना ही बतायेंगे। लोकसभा सचिवालय ने असंसदीय शब्द शीर्षक के तहत दोनों सदनों, राज्य विधानसभाओं और 2020 में राष्ट्रमंडल देशों की संसद में असंसदीय घोषित शब्दों से ही यह नया संकलन तैयार किया गया है। हालांकि शब्दों को कार्यवाही से हटाने का अंतिम अधिकार राज्यसभा के सभापति और

# अब लाचारी नहीं रही रीढ़ की सर्जरी

नई दिल्ली रीढ़ की हड्डी का संकरा होना बढ़ते उम्र (50 वर्ष से ज्यादा) व बुढ़ापे की आम बीमारी है. यह साधारणतः रीढ़ की हड्डी में बढ़ती उम्र के साथ टूट-फूट या घिसाव के कारण होती है. गठिया भी बढ़ती उम्र के साथ इस बीमारी का मूल कारण है. इस बीमारी में नसें संकरे रास्ते में फंस कर जाम हो जाते हैं. इस बीमारी के शुरूआत में कुछ दूर चलने पर या काफी देर खड़े होने पर लक्षण नजर आते है. जैसे :- दोनों पैरों में सुन्नापन आना या चीटियों सी चलना व सूइयों सा चूभना या जलन जैसा महसूस होना. इसके अलावा कमर में दर्द या पैरों में सियाटिका का होना. पैरों व बटक में भारीपन या थक-ावट या बैचेनी. पैरों में कमजोरी आना या मल-मूत्र पर नियंत्रण खोना.

नई दिल्ली स्थित पीएसआरआई हॉस्पिटल के सीनियर कंसलटेंट न्यूरोसर्जरी डॉ. अमिताभ गुप्ता का कहना है कि शुरू में तो इन लक्षणों में कुछ देर बैठने पर आराम आता है व मरीज फिर से कुछ दूर तक चल पाता है. अंततः समय के साथ मरीज न चल पाता है, न खड़ा हो पाता है व चरपाई पकड़ लेता है. इस स्थिति को आने में कुछ साल लग जाते हैं. जिस दौरान वो डॉक्टर को दिखता है व दवाईयों से ही इलाज की कोशिश करता है. इस बीमारी के इलाज में दवाईयां नकाम सिद्ध होती है व सर्जरी से ही आराम आता है. सर्जरी ना कराने का मूल कारण है कि समाज में यह वहम है कि रीढ़ की हड्डी का



ऑपरेशन के बाद दोनों टागें बेकार हो जाती है और फिर पुरा जीवन चरपाई पर ही व्यतीत करना पड़ता है. अफसोस यह सोच पढ़े-लिखे लोगों की भी है.

आज विज्ञान ने इतनी तरक्की कर ली है, हम दूसरे ग्रहों की ओर ले जाने की तैयारी कर रहे है और साथ ही मनुष्य के कृत्रिम अंग विकसित करने और उन्हें ट्रांसप्लांट करने के तरीके ढूढ़ रहे है. वही दूसरी ओर रीढकी हड्डी की बीमारी को समाज की सोच ने मरीज को इतना मजबूर कर दिया है कि वे इसके कारण अपनी जिंदगी को अपंग जैसा या लाइलाज बना लेते है. इस बीमारी को आसानी से सर्जरी के द्वारा ठीक किया जा सकता है. डॉ.अमिताभ गुप्ता का कहना है कि रीढ़ की बड़ी हुई हड्डी को काट कर नसों को खोला जाता है व जिन लोगों में बढ़ती आयु के कारण स्पाइन अस्थिर हो जाती है, उनमें मजबूती के लिए पेंच व रोड़ स्पाइन सर्जरी के दौरान ही डाल दिये जाते हैं. ये स्पाइन सर्जरी उतनी ही सुरक्षित है जितनी की हार्निया या गलैड ब्लेडर की कोई सर्जरी. इस बीमारी से बचने के लिए नियमित व्यायाम व वजन नियंत्रित रखना जरूरी है. रीढ़ की हड्डी को कसरत द्वारा लचीला रख कर भी इस मर्ज से बचा सकता है.




# भारतीय संस्कृति

भारत के बहु-सांस्कृतिक भण्डार और विश्वविख्यात विरासत के सतत अनुस्मारक के रूप में भारतीय इतिहास के तीन हजार से अधिक वर्ष की जानकारी और अनेक सभ्यताओं के विषय में बताया गया है। भारत के निवासी और उनकी जीवन शैलियाँ, उनके नृत्य और संगीत शैलियाँ, कला और हस्तकला जैसे अन्य अनेक विधाएँ भारतीय संस्कृति और विरासत के विभिन्न वर्णों को प्रस्तुत करती हैं, जो देश की राष्ट्रीयता का सच्चा चित्र प्रस्तुत करते हैं। इस खण्ड में उन सभी तत्वों को शामिल किया गया है जो भारत की संस्कृति और विरासत के प्रतीक हैं। भारत की संस्कृति कई चीजों को मिला-जुलाकर बनती है जिसमें भारत का लम्बा इतिहास, विलक्षण भूगोल और सिन्धु घाटी की सभ्यता के दौरान बनी और आगे चलकर वैदिक युग में विकसित हुई, बौद्ध धर्म एवं स्वर्ण युग की शुरूआत और उसके अस्तगमन के साथ फली-फूली अपनी खुद की प्राचीन विरासत शामिल हैं। इसके साथ ही पड़ोसी देशों के रिवाज, परम्पराओं और विचारों का भी इसमें समावेश है। भारतीय संस्कृति विश्व की प्रधान संस्कृति है, यह कोई गर्वोक्ति नहीं, बल्कि वास्तविकता है। हजारों वर्षों से भारत की सांस्कृतिक प्रथाओं, भाषाओं, रीति-रिवाजों आदि में विविधता बनी रही है जो कि आज भी विद्यमान है और यही अनेकता में एकता भारतीय संस्कृति की महान् विशेषता है।

800 ई. से 1200 ई. का काल आर्थिक और सामाजिक जीवन तथा धर्म के लिए उपयुक्त है। आर्थिक व्यवस्था, समाज, धार्मिक विश्वास तथा मानव विचार राजनीति से कहीं कम परिवर्तनशील है। इसीलिए ऐसी कई विशेषताएँ जो नौवीं शताब्दी के पूर्व पायी जाती थीं, अभी भी जारी थीं। पर साथ ही कुछ ऐसी भी बातें थीं, जिससे इस काल को पहले के युग से भिन्न माना जाता है। सामान्यतः इस ऐतिहासिक काल में नए तत्वों के साथ पुराने तत्त्व भी विद्यमान रहते हैं, पर परिवर्तन की दिशाएँ भिन्न रहती हैं।

**वाणिज्य और व्यापार**

उत्तर काल में यह काल सामान्यतः जड़ता तथा ह्रास का काल माना जाता है। इसका मुख्य कारण यह था कि सातवीं शताब्दी और दसवीं शताब्दी के बीच वाणिज्य और व्यापार में गतिरोध आ गया था। इसके परिणामस्वरूप इस क्षेत्र में नगरों तथा नागरिक जीवन का ह्रास हुआ। वाणिज्य और व्यापार में गतिरोध का मुख्य कारण पश्चिम में रोमन साम्राज्य का पतन था। जिसके साथ भारत का बड़े पैमाने पर तथा मुनाफे का व्यापार होता था। भारत में कभी भी बड़ी मात्रा में सोने और चाँदी के खनन का काम नहीं हुआ। सोना और चाँदी जिसके लिए भारत विख्यात था, वह भारत के लाभकारी व्यापार के कारण था क्योंकि मुनाफे के रूप में यहाँ सोना और चाँदी आते थे। इस्लाम के उदय से भी, जिससे सासानीद (ईरानी) जैसे प्राचीन साम्राज्यों का पतन हो गया, भारत के व्यापार और विशेष कर जमीन के रास्ते होने वाले व्यापार पर बहुत असर पड़ा। परिणामस्वरूप उत्तरी भारत में आठवीं और दसवीं शताब्दी के बीच नई स्वर्ण मुद्राओं की बहुत कमी हो गई। पश्चिम एशिया तथा उत्तरी अफ्रीका में विस्तृत और शक्तिशाली अरब साम्राज्य में ऐसे कई क्षेत्र शामिल थे जिनमें बड़ी मात्रा में खानों से स्वर्ण निकाला जाता था। अरब स्वयं भी समुद्र प्रेमी व्यक्ति थे। भारतीय कपड़ों,



मसालों तथा लोबान के लिए अमीर अरब शासकों की माँग के कारण भारत और दक्षिण-पूर्व एशिया के द्वीपों को मसालों के द्वीप के नाम से जाना जाता था। नौवीं और दसवीं शताब्दी के बीच कई अरब यात्री पश्चिमी तट के नगरों में आए और उन्होंने देश की तत्कालीन स्थिति का विवरण किया है। दसवीं शताब्दी के बाद उत्तर भारत में विदेश व्यापार और वाणिज्य में धीरे-धीरे फिर वृद्धि हुई। व्यापार के इस पुनरुत्थान से सबसे अधिक लाभ मालवा और गुजरात को पहुँचा। गुजरात में चंपानेर और अंकिलेश्वर जैसे कई नगरों की नींव इसी काल में पड़ी। उन दिनों भारत की जनसंख्या दस करोड़ से भी कम थी, अर्थात आज की तुलना में, छटे हिस्से से भी कम थी। देश का एक बड़ा भाग जंगलों से ढका था जिनमें जंगली पशुओं के अलावा ऐसे कबीले थे जो राहगीरों को लूट लेते थे। नदियों पर पुल नहीं थे और बरसात के मौसम में सड़कें बहुत खराब हो जाती थीं। इन कारणो से उन दिनों यात्रा, चाहे व्यापार हो या फिर शौक के लिए, कभी भी खतरे से खाली नहीं थी। सुरक्षा के ध्यान से व्यापारी तथा अन्य लोग कारवों में चलते थे जिसकी सुरक्षा उनके अपने सैनिक करते थे। इसके बावजूद कभी-कभी साहसी लुटेरे उन्हें लूट लेते थे।

**उपजातियों का रूप**

उस समय की कहानियों की किताबों में यात्रा के खतरों का बड़ा रोचक वर्णन मिलता है। गाँवों में जीवन और सम्पत्ति की असुरक्षा से यात्रा और भी कठिन थी और इस कारण भी वाणिज्य और व्यापार का ह्रास हुआ। इससे एक नये समाज का उदय हुआ जिसमें ग्रामीण क्षेत्र आर्थिक दृष्टि से अधिक आत्म-निर्भर होते गए। कुछ लोग समाज के इस विकास को सामंतवाद के विकास के साथ जोड़ते हैं। आंतरिक व्यापार के ह्रास से उत्तर भारत में व्यापार संघ, जिन्हें श्रेणी और संघ कहा जाता था, भी कमजोर पड़े। इन व्यापार संघों में अधिकतर विभिन्न जाति के लोग थे पर श्रेणियों के आचरण के अपने नियम थे जो इसके सभी सदस्यों को मानने पड़ते थे। वे पैसों के लेन-देन तथा दान प्राप्त करने का भी अधिकार रखते थे। वाणिज्य और व्यापार के ह्रास के साथ-साथ इन संघों का महत्त्व भी कम हो गया। इस काल में इन संघों द्वारा दान प्राप्त करने की बहुत कम चर्चा उपलब्ध है। कालान्तर में कुछ पुरानी श्रेणियों ने उपजातियों का रूप धारण कर लिया, उदाहरणार्थ - दास, वैश्यों की एक उपजाति बन गया। व्यापारी वर्ग अधिकतर जैन धर्म के समर्थक थे, इसलिए उनके साथ जैन धर्म भी कमजोर पड़ गया।

वाणिज्य और व्यापार के ह्रास की झलक इस काल की विचारधारा में भी मिलती है। इस काल में रचित कुछ धर्मशास्त्रों ने विदेश यात्रा को निषिद्ध माना है। उनके अनुसार उस जगह नहीं जाना चाहिए जहाँ मुंज घास नहीं उगती हो और जहाँ काले हिरण विचरण नहीं करते हों। कहने का तात्पर्य यह है कि भारत के बाहर की यात्रा नहीं करनी चाहिए। इनके अनुसार नमकीन समुद्र की यात्रा करने से आदमी दूषित हो जाता है। यह अवश्य था कि इन प्रतिबन्धों को सभी पूरी तरह नहीं मानते थे। भारतीय व्यापारियों, दार्शनिकों, चिकित्साशास्त्रियों तथा हस्तकला विशेषज्ञों के वृत्तान्त मिलते हैं जिन्होंने पश्चिम एशिया में बगदाद तथा अन्य शहरों की यात्रा कीं। धर्मशास्त्रों का प्रतिबन्ध शायद ब्राह्मणों के लिए ही था या फिर वे इस भय से लगाए गए थे कि कहीं भारतीय बड़ी संख्या में विदेश जाकर ऐसे विरोधी धार्मिक विचार या सामाजिक समानता के विचार भारत में न ले आएँ जो ब्राह्मणों और शासक वर्ग को अमान्य हों।

**धर्मशास्त्रों द्वारा समुद्र यात्रा पर प्रतिबन्ध**

**अंकोरवाट, कंबोडिया**

समुद्र यात्रा पर धर्मशास्त्रों द्वारा लगाए गए प्रतिबन्धों का दक्षिण-पूर्व एशिया तथा चीन के साथ होने वाले व्यापार पर कोई असर नहीं पड़ा। भारत और दक्षिण-पूर्व एशिया के देशों के बीच छठी शताब्दी से ही बड़े पैमाने पर व्यापार आरम्भ हो गया था। उस क्षेत्र के देशों का विस्तृत भौगोलिक ज्ञान उस समय के साहित्य में परिलक्षित है। 'हरिसेन' की 'वृहतकथा कोष' जैसी उस काल की किताबों में इस क्षेत्र के पहनावे और भाषाओं आदि के बारे में विस्तृत चर्चा की है। इस क्षेत्र में चमत्कारी समुद्रों में भारतीय व्यापारियों की कई रोमांचकारी कहानियाँ हैं जो बाद में विख्यात 'सिंदबाद की कहानियों' का आधार बनी। अनेक भारतीय व्यापारी इन देशों में बस तक गए और कुछ लोगों ने स्थानीय लोगों से शादी-विवाह भी कर लिया। व्यापारियों के पीछे-पीछे धर्म प्रचारक भी आए और इस प्रकार इस क्षेत्र में बौद्ध तथा हिन्दू धर्मों का प्रादुर्भाव हुआ। जावा में बोरोबोदुर के बौद्ध तथा अंकोरवाट के हिन्दू मन्दिरों से हमें इस क्षेत्र में इन धर्मों के प्रचार के बारे में पता चलता है। इस क्षेत्र के कुछ शासक हिन्दू धर्म से बहुत प्रभावित हुए और उन्होंने भारत के साथ व्यापारिक तथा सांस्कृतिक सम्बन्धों का स्वागत किया। इस प्रकार भारतीय और स्थानीय संस्कृतियों के सम्मिश्रण से नयी सांस्कृतिक और साहित्यिक धाराओं का जन्म हुआ।


जावा और सुमात्रा आदि की यात्रा के लिए मुख्य भारतीय बंदरगाह बंगाल का ताम्रलिप्ति था। इस काल की कई कहानियों में हमें भारतीय व्यापारियों की ताम्रलिप्ति से सुवर्णद्वीप (आधुनिक इंडोनेशिया) और कटाहा (मलाया में केदाह) की यात्रा के लिए रवाना होने की चर्चा मिलती है। जावा के चौदहवीं शताब्दी के एक लेखक के अनुसार वहाँ बड़ी संख्या में जम्बूद्वीप (भारत), कर्नाटक (दक्षिण भारत) तथा गौड़ (बंगाल) के लोग बड़े-बड़े जहाजों में आते थे। इस व्यापार में गुजरात के व्यापारी भी भाग लेते थे।

**भारत और चीन का व्यापार**

भारत का दक्षिण पूर्व एशिया के साथ व्यापार स्वयं में महत्त्वपूर्ण तो था ही इसके साथ-साथ वह भारत और चीन के व्यापार के लिए केन्द्र का कार्य भी करता था। आमतौर पर चीनी जहाज मोलस्का द्वीपों के आगे नहीं आते थे। उधर भारत और चीन के बीच का सड़क मार्ग उस काल में तुर्क, अरब तथा चीनियों के बीच संघर्ष के कारण सुरक्षित नहीं रह गया था। इसके स्थान पर भारत और चीन के बीच का समुद्री मार्ग अधिक महत्त्व का होता जा रहा था। चीन के विदेश व्यापार के लिए वहाँ का प्रमुख बंदरगाह कैटन, या जैसा कि अरब यात्री पुकारते थे, काफु था। भारत से बौद्ध विद्वान् भी समुद्र मार्ग से चीन जाते थे। चीनी इतिहासकारों ने लिखा है कि दसवीं शताब्दी के अंत तथा ग्यारहवीं शताब्दी के आरम्भ में चीनी राजदरबार में जितने भारतीय भिक्षु थे, उतने चीन के इतिहास में पहले कभी नहीं रहे। कुछ और पहले के काल के चीनी वृत्तान्त के अनुसार कैटन नदी भारत, फारस और अरब से आने वाले जहाजों से भरी रहती थी। इसके अलवा कैटन में तीन हिन्दू मन्दिर थे जिनमें भारतीय ब्राह्मण रहते थे। चीनी समुद्र में भारतीयों की उपस्थिति के बारे में हमें जापानी सूत्रों से भी पता चलता है। इनके अनुसार जापान में कपास के परिचय का श्रेय दो भारतीयों को है। जो अपनी समुद्री यात्रा के दौरान लहरों के जोर से गलती से जापान पहुँच गए थे। भारतीय

# गणेश गीता (गीता भाग 113)

# ब्रह्म की प्राप्ति के उपाय, शंका का समाधान



विश्वनाथ त्रिपाठी

श्री गजानन भगवान आगे बताते हैं-

अकामतः श्रद्धया च यत्तपः<br>,सात्विकं च तते<br>ऋद्धयै सत्कारपूजार्थं,<br>सदम्भं राजसं तपः`

हे राजन् ! निष्काम भाव व श्रद्धा भाव से जो तप किया जाता है वह तप सात्विक कहा जाता है` ऐश्वर्य और सत्कार पूजा के लिए ,पाखंड के साथ जो भी कार्य किया जाता हे वह राजसी होता है`

तदस्थिरं जन्ममृती ,<br>प्रयच्छति न संशयः`<br>परात्मपीडकं यच्च,<br>तपः तामसी उच्यते`

हे राजन्! राजसी तप जन्म मृत्यु और अस्थिरता कै देनेवाला है` जिसमें दूसरों को पीड़ा हो वह तामसी तप की संज्ञा में आता है`

विविध वाक्य प्रमाणार्थं,<br>सत्पात्रे देशकालतः`<br>श्रद्धया दीयमानं यद्दानं<br>तत्सात्विकं मतं`

विधियुक्त उत्तम देश-काल में सत्पात्र को श्रद्धा पूर्वक दिया गया दान सात्विक दान कहा जाता है।




उपकारम् फलं वापि<br>कांक्षिद्भिर्दीयते नरैः`,<br>क्लेशतो दीयमानं वा<br>भक्त्या राजमुच्यते`

उपकार व फल की कामना से जो दान दिया जाता है तथा जो दान क्लेश पूर्वक या भक्ति के कारण दिया जाय वह दान राजसी दान। कहा जाता है`

इस प्रकार से दान भी तीन श्रेणी का होता है` प्रायः: ज्ञान के अभाव व झूठी प्रतिष्ठा हेतु हम राजसी व तामसी की ओर बढ़ते जा रहे हैं`

स्वामी मुद्रक एंव प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी, 42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कुल श्याम लाल कालोनी बरोला सेक्टर 49 नोएडा 201301 गौतमबुध्द नगर ,उ.प्र. से प्रकाशित, फोन 9891706853
संपादक– रमन कुमार झा , समस्त विवाद का निपटारा गौतमबुध्द नगर न्यायालय में होगा, वेबसाइट: www-vatankiawaz-com , Email: vatankiawaz@gmail-com TITLE CODE UPHIN49919\2021

22 may 2022:Layout 1 7/15/2022 1:10 AM Page 3



## संक्षिप्त न्यूज

### पैर में भले ही वैशाखी है।पर इस भोले! की उड़ान बाकी है:अजय शर्मा

(हरेश उपाध्याय) दिल्ली :- बम-बम भोले!श्रावण मास के शुभारंभ पर,हर कोई मुख से बोले!"एक नीला आसमान बाकी है। हौसलों में अभी उड़ान बाकी है"।आज आप पार्टी के पूर्व ऊजार्वान युवा निगम पार्षद अजय शर्मा ने हमें गंगोत्री से पवन कुमार कुंडली, सोनीपत (हरियाणा) के निवासी एक



दिव्यांग भोले, जिन्होंने एक एक्सीडेंट में अपना वाया पांव खो दिया था,की रिपोर्ट भेजी है। हमारी न्यूज नेटवर्क डेस्क ने दिव्यांग कांवड़िया (भोले) पवन कुमार और आप पार्टी के पूर्व निगम पार्षद अजय शर्मा,जिनको कुछ कौतूहल व कुछ नया जानने की चाहत रहती है। कांवड़िया व शर्मा से वीडियो कांफ्रेंसिंग के द्वारा बात की। सोनीपत के इस भोले ने हमें बताया कि वह विगत पांच वर्षों से 500-550किमी दूर गंगोत्री से कांवड़ लेकर आते हैं। उन्हें श्रद्धा व हौसला और हिम्मत भोले बाबा से मिलता है।हम आप तो निमित्त मात्र है,सब करने और कराने वाला भोला है। अजय शर्मा ने हमें बताया कि वह और उनके साथी पूर्व मनोनीत निगम पार्षद प्रदीप जिंदल, भूपेंद्र (बिल्लू गिल) वार्ड अध्यक्ष, राजेंद्र शर्मा (टोनी) ने इस भोले को देखा तो उनकी जिज्ञासा ने जन्म लिया और वे रूके व पूछा, कोई परेशानी तो नहीं। क्या वे उनके कुछ काम आ सकते हैं?पर इस भोले ने उत्तर दिया कि आप और मैं कुछ नहीं कर सकते हैं।सब शिव शंकर कर रहे हैं।बम बम भोले की धुन के साथ कांवड़िया अपने गंतव्य अपने आराध्य के लिए चल पड़ा।

### बिजली दर में बढ़ोत्तरी को लेकर सांसद बिधूड़ी के नेतृत्व में केजरीवाल के आवास पर विरोध-प्रदर्शन

( हरेश उपाध्याय) दिल्ली:-आज दक्षिणी दिल्ली के सांसद रमेश बिधूड़ी के नेतृत्व में हजारों की संख्या में दक्षिणी दिल्ली के क्षेत्रवासियों



ने बिजली दरों में बढ़ोतरी के विरोध में केजरीवाल के आवास पर विरोध-प्रदर्शन कर रोष प्रकट किया।

इस दौरान सांसद रमेश बिधूड़ी ने केजरीवाल की नीतियों के विषय में बताया कि दिल्ली में मुफ्त बिजली देने के नाम पर लोगों के साथ धोखा किया जा रहा है। केजरीवाल जी ने कहा था कि बिजली कंपनियां चोर हैं, शीला दीक्षित से मिली हुई हैं। मैं उन्हें जेल भेजूंगा। वहीं आज उन बिजली कंपनियों के संरक्षक बने हुए है तथा बिजली कंपनियों के साथ मिलकर दिल्ली की जनता को लूट रहे हैं। क्या आपने कोई नया पावर प्लांट लगाया है?लेकिन सच्चाई यह है 2015 के बाद से कई चार्जेस जैसे पेंशन चार्ज, इलेक्ट्रिसिटी चार्ज टैक्स, फिक्स चार्ज के नाम पर अरबों रुपए वसूले गए हैं।बिधूड़ी ने आगे बताया कि 2015 से 2021 - आर.ए चार्ज- 9,195 करोड़, इलेक्ट्रिसिटी चार्ज-5,222 करोड़, एपीएसी चार्ज- 3,900 करोड़, फिक्स चार्ज- 16,233 करोड़` और सब्सिडी -12,408 करोड़, जिन कंपनियों का विरोध करते थें। अब उन्हीं कंपनियों से केवल 2021 तक 49,636 करोड़ रुपये वसूल लिए है। अब पावर परचेज एडजस्टमेंट कॉस्ट के नाम पर कहने को तो 6% बिजली दामों पर बढ़ोतरी दिखाई गई परंतु बढ़ोतरी 12%कर दी गई। 6 प्रतिशत भी अनुचित है। कैसी पढ़े-लिखे केजरीवाल की चतुराई है। दिल्ली में लगभग 800 से 1000 करोड रुपए की हर महीना हर कंपनी की कलेक्शन है। जिस पर आप लगभग 100 करोड रुपए ज्यादा लेकर कंपनी के साथ बांट कर खा रहे हो। जवाब दो!3 साल दिल्ली वालों को लूटने के बाद फिर चुनाव में लॉलीपॉप दोंगे।मैं फ्री बिजली 300 यूनिट तक मुफ्त करूंगा। यह है पढ़े-लिखे का शातिर दिमाग गरीबों को लूटने का फामूर्ला। हमारे दिए पैसे को 3 साल लूट कर हमें ही 300 यूनिट फ्री देने का नाटक करोगे। प्रदर्शन के दौरान दिल्ली प्रदेश प्रवक्ता विक्रम बिधूड़ी, महरौली जिला अध्यक्ष जगमोहन ,महामंत्री बलबीर ,पूर्व नेता सदन इंद्रजीत, राजकुमार पूर्व पार्षद, रणवीर तंवर आदि भाजपा नेता मौजूद थें।

### वृंदावन में गौशाला के अंदर गौमाताओं के पाए अवशेष व गौमताएं पाई गई मृत

(हरेश उपाध्याय) :-वृंदावन-मथुरा :- रुक्मिणी विहार के निकट स्वामी अखण्डानन्द सरस्वती महाराज गौशाला के अंदर गौमाताओं के पाए





अनेकों अवशेष और दो गौमताएं पाई गईं। जिन्हें कुत्ते खा रहे थें और काफी दूर तक दुर्गन्ध आ रही थी और गौशाला से लगा हुआ खेत है।उसमें अनेकों गौमाताओं के अवशेष पूरे खेत में बिखरे हुए थें। जिसकी खबर थाना जैत को दी गई।ऐसा दुर्व्यवहार गौमाताओं के साथ इस गौशाला में पहले भी कई बार हुआ लेकिन फिर भी कठोर कारवाही नहीं होती है। इस मौके पर विश्व हिन्दू परिषद्, गौ रक्षा विभाग, वृन्दावन के अनेकों कार्यकर्त्ता और अखिल भारतीय वृन्दावन गौ रक्षा सेवा समिति, वृन्दावन के अनेकों कार्यकर्ता एवं श्रीजी भागवत गौ सेवा ट्रस्ट के कार्यकर्ता आचार्य अश्वनीकृष्ण, हेमन्त शर्मा, निखिल शर्मा, वनवारी ठाकुर की टीम, करण कुशवाहा, सौरभ पंडित, भरत पंडित, ओमप्रकाश गोला, आकाश गौड़, गिरधारी मंडल, सोनू ठाकुर, धर्मेंद्र निषाद, आदि अनेकों गौ सेवक उपस्थित रहें।इन सबका कहना है कि पुलिस कार्यवाही करने से बचती है।

## झुग्गी झोपड़ी में अवैध रूप से चल रही मीट की दुकाने बन्द कराने की मांग

समाज जागरण नोएडा

सेक्टर 16 नोएडा गन्दे नाले पर बसी झुग्गी झोपड़ी में अवैध रूप से चल रही मीट मुर्गा, बकरा, मछली, सूअर, की दुकाने बन्द कराने एवं सफाई कराने की व्यवस्था किये जाने हेतू प्राधिकरण को लिखा पत्र। पत्र में कबाड़ी की दुकान का भी किया गया है जिक्र।

सेक्टर 16 नोएडा में स्थित गन्दे नाले पर बसी झुग्गी झोपड़ी में सफाई की कोई व्यवस्था नहीं होने के कारण पूरी बस्ती में कुडे के ढेर लगे रहते है। बस्ती में बहुत गन्दगी फैल रही यहाँ पर कबाडी की एवं मीट मुर्गा,बकरा, मछली और सूअर काट कर बैचने की दुकानें भी है जो कि बिना लाइसेंस के चल रही है। कबाडे एवं मीट की दुकानों के



आस पास तो बेहद गन्दगी रहती है जिसके कारण आये दिन लोग बीमार पड़ते रहते है। इस समय में सावन का महीना है कबाडी ओर मीट की दुकानों से धार्मिक लोगों को भी भारी दिक्कत का सामना करना पड़ता है।

नोएडा सेक्टर 16 झुग्गी बस्ती के प्रधान श्री ब्रह्मपाल सिंह ने प्राधिकरण को पत्र लिखकर इस झुग्गी बस्ती में सफाई की व्यवस्था कराने और अवैध तरीके से चले रहे मीट मछली के दुकानों को बंद कराने की मांग की है। उनका कहना है कि एक तो सावन की महीना है जिसके कारण लोगों के धार्मिक भावना आहत होते है लेकिन कुछ बोल नही पाते है दूसरी बात बरसात की समय चल रहा है कोरोना अभी गया नही है और गंदगी के कारण मलेरिया डेंगू के खतरे और पनपने लगे है। इसलिए प्राधिकरण से अनुरोध है कि जल्द से जल्द कार्यवाही करे।

## कानपुर में सिख दंगा : 127 की हत्या में अब तक 19 गिरफ्तार 54 की तलाश में छापे

*– तीन बार के पार्षद कांग्रेस नेता कैलाश पाल समेत चार आरोपियों को 14 दिन की जेल*

सुनील बाजपेई कानपुर। यहां सन 1984 में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद हुई देंगे में की गई 127 हत्या में यहां अब तक 19 आरोपियों को गिरफ्तार का जेल भेजा जा चुका है जबकि 54 लोगों की तलाश लगातार जारी है। कुल मिलाकर सिख विरोधी दंगे की जांच में गठित एसआईटी गिरफ्तारी के अपने अभियान में लगातार जुटी हुई है इस बीच उसे चार घटनाओं के मुख्य आरोपी पूर्व पार्षद कैलाश पाल समेत चार लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इनमें नौबस्ता वाई ब्लॉक केडीए मार्केट निवासी राजन लाल पांडेय (85), धीरेंद्र कुमार तिवारी (70), बर्रा विश्वबैंक निवासी दीपक (70) और चार बार पार्षद रहे बी ब्लॉक दबौली निवासी कैलाश पाल (70) का नाम शामिल है।

अवगत कराते चलें कि 31 अक्तूबर 1984 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद हुए दंगों में शहर में 127 सिखों की हत्या कर दी गई थी । डीआईजी बालेंदु भूषण की अगुवाई में आजकल इसकी जांच एसआ-ईटी कर रही है। आरोपियों की जारी गिरफ्तारी के क्रम में उसने यहां किदवई नगर में हुए डबल मर्डर के तीन आरोपियों राजन लाल पांडेय, दीपक व धीरेंद्र कुमार तिवारी को गिरफ्तार किया। इसके बाद उसने चार घटनाओं के मुख्य आरोपी रहे बी ब्लॉक दबौली निवासी पूर्व पार्षद कैलाश पाल (70) को गिरफ्तार कर लिया। कोर्ट ने इन सभी को 14 दिन के न्यायिक हिरासत में भेजा है। फिलहाल सिख दंगों के मामले में एसआईटी की जांच में 12 मामलों में 96 आरोपियों को चिह्नित किया गया है, जिनमें 73 की गिरफ्तारी होनी है। इनमें से 19 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। शेष 54 आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें लगातार दबिश दे रही है। अधिकारियों के मुताबिक शेष बचे आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा`

## कानपुर में शांति पूर्ण सावन के लिए अपराधियों के खिलाफ जारी गोविंद नगर पुलिस की कार्रवाई

**सावन माह में परमट और सिद्धनाथ घाट समेत सभी शिव मंदिरों में होती है भक्तों की भारी भीड़**

सुनील बाजपेई

कानपुर। यहां चुनौती पूर्ण बकरीद के त्यौहार को सकुशल संपन्न कराने में मिली सफलता के बाद शुरू हो रहे सावन माह को भी सकुशल संपन्न करने के लिए अपराधी अराजक तत्वों के खिलाफ गोविंद नगर में पुलिस की गश्त लगातार जारी है।

दरअसल सावन माह को भी सकुशल संपन्न कराना बहुत चिनौती पूर्ण माना जाता है, क्योंकि यहां परमट ,सिद्धनाथ घाट समेत सभी शिव मंदिरों में दर्शन के लिए भक्तों की अपार भीड़ भी होती है, जिसका फायदा उठाने से अपराधी आराधक तत्व भी नहीं चूकते इसीलिए गोविंद नगर पुलिस उनके खिलाफ लगातार अभियान जारी किए हुए हैं।

साथ ही यह भी अवगत कराते चलें कि हर तरह के अपराधियों के खिलाफ लगातार सफल मोर्चा खोले गोविंद नगर पुलिस की कमान साधारण सूचनाओं पर भी खुद मौके पर पहुंचकर तत्काल प्रभावी कार्रवाई करने और वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश निर्देश का अक्षरशः अनुपालन के लिए भी चर्चित लोकहित में अपनी धुन के पक्के निष्पक्ष और पारदर्शी कार्यशैली के स्वाभिमानी स्वभाव वाले उन तेज तर्रार, व्यवहार कुशल और कठोर परिश्रमी जुझारू इंस्पेक्टर रोहित तिवारी के हाथ में है ,जिनका पुलिस विभाग में अबतक का इतिहास यह साबित करता है कि उनकी कर्तव्य के प्रति प्रगाढ़ निष्ठा केवल हत्या जैसी संगीन वारदातों को ही नहीं बल्कि हर छोटी से छोटी घटना को भी बहुत गम्भीरता से लेकर पूरी निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ दोषियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाही और पीड़ितों की सहायता में भी अग्रणी रही है।

## एस डी एम सदर व जिला पंचायत राज अधिकारी हकीकत जानने पहुंचे जलालाबाद

**- समाज जागरण ने प्रमुखता से प्रकाशित की थी पानी की समस्या की खबर**

अजय दुबे कन्नौज

कन्नौज। विगत 3 महीने से भी ज्यादा समय बीतने के बाद भी कस्बा जलालाबाद में पानी की भीषण किल्लत बनी हुई है जिसको समाज जागरण ने प्रमुखता से प्रकाशित किया इसके बाद जिले के आला अधिकारियों ने मामले का संज्ञान लेते हुए मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों को 15 दिन के अंदर पानी की समस्या से निजात दिलाने के लिए कहा 15 दिन के अंदर पानी की समस्या का समाधान हो जाएगा। जिला पंचायत राज अधिकारी एवं उप जिलाधिकारी सदर सहित अन्य अधिकारी जल निगम के भी अधिकारी एवं ठेकेदार मौके पर मौजूद रहे वही एसडीएम ब डीपीआरओ ने जल निगम के अधिकारियों से साफ तौर पर कहा 10 दिन के अंदर हो जाना चाहिए उस पर जल निगम के अधिकारियों ने 15 दिन की मोहलत मांगी।

आपको बता दें विगत पिछले 3 महीने से ज्यादा कस्बा के लोग पानी के लिए जूझ रहे हैं किसकी ग्रामीणों ने विकास खंड कार्यालय से लेकर जिला स्तर तक के अधिकारियों को इस समस्या से अवगत कराया लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो सका आखिर में आज अधिकारियों ने समय निकालकर मौके पर पहुंचना उचित समझा वहां पहुंचकर ग्रामीणों से उनकी समस्या सुनी। साथ ही उप जिलाधिकारी सदर ने ग्रामीणों की समस्या



को देखते हुए पानी के टैंकर की व्यवस्था करने की बात कही ।

वही सरकारी हैंडपंप में समरसेबल डालने की शिकायत पर उप जिलाधिकारी सदर ने जांच टीम बनाई साफ तौर पर कहा 15 दिन के अंदर जो भी सरकारी हैंडपंपों में समरसेबल डाले हुए हैं उन्हें तत्काल हटाया जाए नहीं तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

साथ ही ग्रामीणों की साफ-सफाई को लेकर समस्या बनी हुई थी उन्होंने अधिकारियों से कहीं अधिकारियों ने एडीओ पंचायत व पंचायत सचिव को फटकार लगाते हुए कहा कि कस्बे में नालियों की सफाई तत्काल कराई जाए। एडीओ पंचायत से साफ कहा की किसी भी दशा में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अगर लापरवाही हुई तो सीधी सीधी कार्रवाई होगी।

## कलेक्टर ने किया त्रि-स्तरीय पंचायत के मतों के सारणीकरण कार्य का निरीक्षण

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो

बालाघाट।कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा, पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ एवं जिला पंचायत के सीईओ विवेक कुमार ने 14 जुलाई को शासकीय पालीटेक्निक कालेज बालाघाट, बैहर एवं परसवाड़ा में पंच, सरपंच, जनपद पंचायत सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य के मतों के सारणीकरण कार्य का निरीक्षण किया और वहां की वयवस्थाओं को देखा। इस दौरान उन्होंने परसवाड़ा एवं बैहर में पंच, सरपंच एवं जनपद पंचायत सदस्य के विजेता प्रत्याशियों को प्रमाण पत्रों का वितरण भी किया और सभी लोगों से कहा कि वे 11 अगस्त से 17 अगस्त 2022 तक चलने वाले हर घर तिरंगा अभियान में अपने घर पर तिरंगा लगायें। उन्होंने बैहर विकासखंड की ग्राम पंचायत बिरवा में लॉटरी सिस्टम से विजयी हुए सरपंच रमेश कुर्राम को प्रमाण पत्र प्रदान किया।

हर घर तिरंगा अभियान में शामिल होने की अपील

इस दौरान अधिकारियों ने निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव अंतर्गत "स्वतंत्रता सप्ताह" दिनांक 11 अगस्त से 17 अगस्त तक "हर घर तिरंगा" राष्ट्रीय ध्वज लगाने का अभियान प्रारंभ किया जा रहा है । इस अभियान में सभी लोगों को अपने घर, दुकान, संस्थान, भवन में तिरंगा लगाना है और जन सामान्य में देशभक्ति की भावना जागृत करना है। राष्ट्रीय ध्वज के बारे में जागरूकता उत्पन्न हो इसके लिए सांकेतिक रूप से कलेक्टर बालाघाट द्वारा शुभकामना



संदेश के साथ हर घर तिरंगा अभियान को प्राथमिकता से प्रारम्भ किये जाने प्रमाण पत्र प्रदान किए गये।

**लिंगा स्कूल में बच्चों के साथ भोजन किया**

कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा, पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ, जिला पंचायत के सीईओ विवेक कुमार एवं बैहर एसडीएम तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने परसवाड़ा विकासखंड के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला लिंगा में बच्चों के साथ मध्यान्ह भोजन किया। इस दौरान उन्होंने भोजन तैयार करने वाले समूह एवं शाला के शिक्षकों से कहा कि बच्चों को हर दिन अच्छी गुणवत्ता का भोजन मिलना चाहिए। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होना चाहिए। उन्होंने जलगांव डेम का निरीक्षण किया और वहां के जल स्तर एवं अतिवर्षा की स्थिति में पानी की निकासी की जानकारी ली।

## हर घर तिरंगा कार्यक्रम 11 से 17 अगस्त तक मनाया जायेगा

दैनिक समाज जागरण/ अखिलेश सिंह हरदोई । शासन के निर्देश पर जनपद में आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत हर घर तिरंगा कार्यक्रम सफलता पूर्वक मनाये जाने हेतु आज नगर पालिका परिषद, के पं दीन दयाल उपाध्याय सभागार में अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सुख सागर मिश्र मधुर की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। अध्यक्ष श्री मधुर ने कहा कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम से नागरिकों मे राष्ट्रवाद की भावना प्रबल होगी। इस बैठक में ललित कुमार कश्यप, मनोज त्रिवेदी, मुनि मिश्रा, महेश नाहर, आदेश प्रताप सिंह, अमित त्रिवेदी रानू सभासद, बादशाह सिंह, अतुल कटियार, राम किशोर सभासद प्रतिनिधि, विमलेश कुमार दीक्षित जिलाध्यक्ष उप्र उद्योग व्यापार, अशोक,

## वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस से हुई बदमाशों की मुठभेड़ , तीन बदमाश गिरफ्तार

**- शातिर बदमाश धर्मा पर पुलिस रिकार्ड में 43 अपराधिक मामले दर्ज**

अजय दुबे कन्नौज

कन्नौज।पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस बल द्वारा चेकिंग संदिग्ध



व्यक्ति एवं वाहन व तलाश के दौरान वांछित को कुख्यात एवं पेशेवर राज्यस्तरीय अपराधियों को पकड़ने में पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी। कन्नौज को छिबरामऊ पुलिस द्वारा चेकिंग के दौराने संदिग्ध पाये जाने पर ताजपुर रोड बकरी मण्डी ट्रांसफार्मर के पास पुलिस मुठभेड के दौरान गिरफ्तार किया गया । बदमाशों के कब्जे से 03 अदद तमंचा मय 12 अदद कारतूस मय 03 अदद खोखा कारतूस 315 बोर व तीन कि0ग्रा0 नशीला पाउडर (डाइयापाम) व एक अदद कोतवाली कन्नौज क्षेत्र से चोरी की गयी मोटर साइकलि व्श्रर अपाचे वढ 74 ह6660 रंग बरामद की गयी । एवं मुठभेड में अभियुक्तों द्वारा किये गये फायर से 04 अदद खोखा कारतूस अन्य घटनास्थल से बरामद हुये हैं । अभियुक्तगण ने पुलिस पार्टी पर लगभग 10-12 फायर किये थे । पकड़े गए तीनों बदमाश कन्नौज के ही रहने वाले हैं एवं बहुत ही शातिर किस्म के है।

पकड़े गए बदमाशों के पास से बरामद हुई

धर्म सिंह उर्फ धर्मा पुत्र स्व0 कालिका सिंह से

एक तमंचा ब 05 अदद कारतूस ब 01 अदद खोखा कारतूस 315 बोर व 01 किग्रा नशीला पाउडर (डाइजापाम)

तथा अनुज पुत्र धर्म सिंह उर्फ धर्मा के पास से

एक तमंचा ब 02 अदद कारतूस ब 01 खोखा कारतूस 315 बोर व 01 किग्रा नशीला पाउडर (डाइजापाम)

वही रिंकू उर्फ राजीव गुप्ता पुत्र ईश्वरदयाल के पास से

एक तमंचा व 05 कारतूस ब 01 खोखा कारतूस 315 बोर व 01 किग्रा नशीला पाउडर (डाइजापाम) , एक मोटर साइकिल अपाचे वढ 74 ह6660 रंग सफेद ।

घटनास्थल से 04 अदद खोखा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ।

## एसडीएम ने बाढ़ प्रभावित ग्रामों का किया भ्रमण

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो

बालाघाट।तिरोड़ी तहसील में बीते दिवस भारी वर्षा होने के कारण राजीव सागर डेम से बावनथड़ी नदी में पानी छोड़ा जा रहा है। जिसके कारण बावानथड़ी नदी में जल स्तर बढ़ गया है और नदी किनारे के ग्राम भौरगढ़, मोवाड़ में सावधानी बरती जा रही है। वारासिवनी एसडीएम के सी बोपचे ने 14 जुलाई को भौरगढ़ एवं मोवाड़ के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का भ्रमण किया । बावनथड़ी नदी में पानी छोड़ने के कारण हेटी नाले में बैक वाटर के



कारण 6 मकानों में पानी भरने की संभावना को देखते हुए वहां के लोगों को स्कूल में रुकवाया गया था। पानी कम होने पर अब वे लोग अपने घरों में जा चुके हैं। एसडीएम बोपचे ने इस दौरान सिहोरा महाराष्ट्र के पुलिस अधिकारियों के साथ बावनथड़ी नदी बाढ़ के संबंध में मोवाड में बैठक भी ली और सूचनाओं का निरंतर आदान-प्रदान करने कहा गया।

## ब्लाक कांग्रेश उपाध्यक्ष विजय नामदेव ने 5 सूत्री मांग को लेकर मुख्यमंत्री के सलाहकार को सौंपा ज्ञापन।

समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख

बिलासपुर। मस्तूरी विधानसभा के एक दिवसीय दौरे पर निकले छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा पचपेड़ी के रेस्ट हाउस में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष विजय नामदेव और कांग्रेसी नेताओं ने सौजन्य मुलाकात किया, जिसमें पचपेड़ी क्षेत्र के विकास हेतु 5



सूत्री मांग का ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम उनके सलाहकार प्रदीप शर्मा को सौंपा है। जिसमें 1 पचपेड़ी में शासकीय महाविद्यालय खोलने की मांग है, 2 स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल खोलने की मांग है, 3 उप स्वास्थ्य केंद्र को समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिएचसी खोलने की मांग है,4 ग्राम पंचायत पचपेड़ी में गौठान निर्माण की मांग है,5 उप तहसील कार्यालय को जल्द से जल्द कार्य पूर्ण कराने की मांग की गई है। ज्ञापन सौंपने वालों में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मस्तूरी के उपाध्यक्ष विजय नामदेव , पचपेड़ी के उपसरपंच रविशंकर मधुकर कांति भारद्वाज जय नामदेव पिंटू जांगड़े लखन लाल टण्डन नुरेन्द्र मधुकर सुभाष मधुकर प्रितम ,कांती ,आदि उपस्थित रहे

## अकलतरा में महिला से दुष्कर्म कर हत्या के विरोध में एवं प्रदेश में निरंकुश बेलगाम कानून व्यवस्था के खिलाफ पैदल मार्च में शामिल हुए सांसद अरुण साव

समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख

बिलासपुर। प्रदेश में बढ़ती अपराध और महिलाओं के साथ बढ़ रहे अनाचार व निरंकुश कानून व्यवस्था के खिलाफ प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के आह्वान पर राजभवन पैदल मार्च में राष्ट्रीय कार्यसमिति के सदस्य एवं बिलासपुर सांसद श्री अरुण साव शामिल हुए । इस अवसर पर राज्य की बदहाल कानून व्यवस्था को लेकर माननीय राज्यपाल से मिलकर राज्य सरकार को बर्खास्त करने की मांग की गई।




## अपराध कायम के 24 घण्टे के अंदर दुष्कर्म का आरोपी पुलिस के गिरफ्त में विगत 01 वर्षो से कर रहा था नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म

समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख

बिलासपुर। सीपत थाना में प्रार्थिया द्वारा लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराई की भाठापारा मडई निवासी श्रवण सोनझरी द्वारा इसकी नाबालिग लड़की का विगत 5-6 माह से जबरन दैहिक शोषण (बलात्कार) किया जा रहा है, जिसकी



रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण के हालात से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। मामला नाबालिग बालिका से संबंधित होने एवं प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए उ.म.नि. एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदया श्रीमती पारुल माथुर द्वारा प्रकरण के आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार करने हेतु आदेशित करने पर अ.पु.अ. ग्रामीण रोहित झा, न.पु. अ. सरकण्डा, श्रीमती स्नेहिल साहू के कुशल मार्गदर्शन एवं निरीक्षक थाना प्रभारी हरिशचंद टाण्डेकर के नेतृत्व में थाना सीपत स्टाफ द्वारा आरोपी को मुखबीर की सूचना पर पकड़कर थाना लाया गया, जिससे पूछताछ पर जुर्म स्वीकार करने पर आरोपी को आई.पी.सी. की धारा-376एबी, 4, 6 पॉक्सो एक्ट के तहत विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

## प्रदेश में मॉनसून की स्थिति की समीक्षा के उपरांत मुख्यमंत्री के दिशा-निर्देश

दक्षिणी पश्चिमी मॉनसून के प्रभाव से इस वर्ष 13 जुलाई तक मात्र 76.6 मिलीमीटर वर्षा हुई है। जो कि सामान्य वर्षा 199.7 मिलीमीटर से लगभग 62% कम है। इस बीच एकमात्र आगरा जनपद ऐसा रहा जहां सामान्य वर्षा हुई। ललितपुर, फिरोजाबाद, वाराणसी और हापुड़ में सामान्य (80% से 120%) और खीरी, देवरिया, एटा और बिजनौर में सामान्य से कम (60%-80%) वर्षा हुई है। 19 जिले ऐसे हैं यहां अब तक सामान्य से 40% से 60% तक ही वर्षा दर्ज की गई है। किसानों/फसलों की स्थिति को देखते हुए हमें सभी परिस्थितियों के लिए तैयार रहना होगा।

उत्तर प्रदेश में आमतौर पर 15 जून तक बरसात का मौसम प्रारंभ हो जाता रहा है, जो कि 15 सितंबर तक जारी रहता है। खेती-किसानी की समृद्धि के लिए यह प्राकृतिक वर्षा अमृत है। इस बार मॉनसून में देरी है। हालांकि प्राकृतिक वर्षा जल से सिंचाई के साथ-साथ सरकार द्वारा नहरों, नलकूपों के विस्तार से सिंचाई सुविधा को बेहतर बनाया गया है। ताजा स्थिति के अनुसार सभी प्रमुख नदियों, नहरों और जलाशयों में पर्याप्त जलराशि है। यह संतोषप्रद स्थिति है।

अल्प वर्षा के कारण खरीफ फसलों की बोआई का कार्य प्रभावित हुआ है। खरीफ अभियान 2022-23 के अंतर्गत 13 जुलाई की अद्यतन स्थिति के अनुसार प्रदेश में 96.03 लाख हेक्टेयर के लक्ष्य के सापेक्ष 42.41 लाख हेक्टेयर की बोआई हो सकी है, जो कि लक्ष्य का मात्र 44.16% ही है। इसमें 45% हिस्सा अकेले धान की बोआई का है। गत वर्ष इसी तिथि तक 53.46 लाख हेक्टेयर भूमि पर बोआई हो चुकी थी। मौसम वैज्ञानिकों के आंकलन के अनुसार आगामी 18 जुलाई से अच्छी वर्षा की संभावना है। यद्यपि विलंब से बोआई उपज को प्रभावित करती है। किंतु हमें वैकल्पिक प्रबंध के संबंध में तैयार रहना होगा।

सभी परिस्थितियों के लिए हमारी कार्ययोजना तैयार रहनी चाहिए। कृषि, सिंचाई, राहत , राजस्व आदि सम्बंधित विभाग अलर्ट मोड में रहें। प्रत्येक जनपद में कृषि विज्ञान केंद्रों, कृषि विश्वविद्यालयों, कृषि वैज्ञानिकों के माध्यम से किसानों से सतत संवाद बनाये रखें। उन्हें सही जानकारी उपलब्ध हो।

बांदा, चंदौली, हमीरपुर, देवरिया, जालौन जिलों के साथ साथ बलिया, बस्ती, गोरखपुर, महराजगंज, संतकबीरनगर और श्रावस्ती जैसे जिलों पर विशेष ध्यान दिया जाना अपेक्षित है।

आगामी एक सप्ताह हमारे लिए चुनौतीपूर्ण हो सकता है। ऐसे में यह सुनिश्चित करें कि कहीं भी पेयजल का अभाव न हो। विंध्य और बुंदेलखंड में पेयजल की सुचारु आपूर्ति बनी रहे। वन विभाग वन्य जीवों के लिए तथा पशुपालन विभाग पशुओं के पेयजल की व्यवस्था बेहतर बनाये रखे। बरसात पर निर्भर जलाशयों में जल की उपलब्धता के लिए विशेष प्रयास किए जाएं।

## नान ब्रांडेड गल्ले पर जीएसटी लगाने के विरोध में 16 जुलाई को गल्ला व्यापारियों की हड़ताल

बहराइच 14 जुलाई। केंद्रीय जीएसटी काउंसिल द्वारा नान ब्रांडेड अनाज, आटा, चावल व गुड़ इत्यादि पर 5 प्रतिशत जीएसटी लगाए जाने के विरोध में आगामी 16 जुलाई को गल्ला व्यापारी हड़ताल पर रहेंगे। उद्योग व्यापार मंडल व गल्ला व्यापार मंडल ने डीएम के माध्यम से ज्ञापन भेजकर केंद्रीय वित्त मंत्री से अपना विरोध दर्ज कराया है।

जिला उद्योग व्यापार मंडल एवं गल्ला व्यापार मंडल अध्यक्ष गौरी शंकर भानीरामका के नेतृत्व में व्यापारी नेताओं ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर नगर मजिस्ट्रेट ज्योति राय को गल्ला व्यापार मंडल पदाधिकारियों द्वारा हस्ताक्षरिते ज्ञापन सौंपा है। व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष गौरी शंकर भानीरामका ने बताया कि "जीएसटी काउंसिल के निर्णय के अनुसारे आगामी 18 जुलाई से नान ब्रांडेड अनाज, आटा, चावल व गुड़ आदि पर 5 प्रतिशत जीएसटी लागू हो रहा है। यह पूर्णतया गलत व अमानवीय है तथा इससे गल्ला आधारित उद्योगों पर विपरीत असर पड़ेगा।"

गल्ला उद्योग व्यापार मण्डल महामंत्री रितेश गुप्ता ने कहा कि "पूर्व में जीएसटी लागू करते समय भारत सरकार ने इन वस्तुओं पर जीएसटी लागू नहीं किए जाने का आश्वासन दिया था। काउंसिल के इस फैसले से गल्ला व्यापारियों के साथ साथ किसानों का भी भारी नुकसान होगा। इन्हीं कारणों से हम सभी गल्ला व्यापारी इस टैक्स का विरोध कर रहे हैं।"

गल्ला व्यापार मंडल पदाधिकारी संजय टंडन ने बताया कि "उक्त अमानवीय टैक्स के विरोध में गल्ला व्यवसाइयों ने आगामी शनिवार 16 जुलाई को गल्ला व्यवसाय बंद रखने का निर्णय लिया है। शनिवार को गल्ला मंडी, दाल मिलें, राइस मिलें, फ्लोर मिलें, आयल मिलें एवं थोक गल्ला व्यापार पूर्ण रुप से बंद रहेंगे। हड़ताल के दिन किसी भी प्रकार की लोडिंग अनलोडिंग एवं व्यापारिक कार्य नहीं किया जाएगा।"

ज्ञापन देने के लिए कलेक्ट्रेट परिसर में उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष कुलभूषण अरोरा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बृजमोहन मातनहेलिया, उपाध्यक्ष मनीष मल्होत्रा, गल्ला व्यापार मंडल पदाधिकारी विनोद अग्रवाल, रितेश गुप्ता, संजय टंडन, हुकुम चौधरी, सलीम व समीउल्ला आदि व्यापारी नेता मौजूद रहे।

## समस्त राजकीय एवं अनुदानित पॉलीटेक्निक संस्थानों में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत ह्हर घर तिरंगा कार्यक्रम का होगा आयोजन

*11 अगस्त से 17 अगस्त 2022 तक संस्थानों में वृक्षारोपण, झण्डारोहण के साथ विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का किया जायेगा आयोजन*


### स्वतंत्रता दिवस एवं तिरंगे के प्रति सम्मान का भाव उजागर करने हेतु 11 अगस्त से 14 अगस्त, 2022 तक प्रभात फेरी निकाली जायेगी - प्राविधिक शिक्षा निदेशक श्री मनोज कुमार

लखनऊः दिनांक 14 जुलाई, प्राविधिक शिक्षा निदेशक श्री मनोज कुमार ने समस्त प्रधानाचार्य राजकीय एवं अनुदानित पॉलीटेक्निक संस्थानों को आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत ह्हर घर तिरंगाह्न कार्यक्रम के अंतर्गत 11 अगस्त से 17 अगस्त 2022 तक प्रतिदिन संस्थान स्तर पर कार्यक्रम आयोजन किये जाने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में जारी पत्र में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा कार्यक्रम का तिथिवार कार्यक्रम निर्धारित किये गये हैं। 11 अगस्त को प्रदेश के समस्त संस्थानों में प्रार्थना सभा के समय झण्डा गीत आयोजन किया जायेगा। इसी दिन छात्र-छात्राओं के मध्य स्लोगन लेखन, पेंटिंग, निबन्ध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। 12 अगस्त, 2022 को संस्थान स्तर पर वृक्षारोपण किया जायेगा। 13 अगस्त, 2022 को वाद-विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा। 14 अगस्त, 2022 को स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान के ऊपर कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

इसी तरह 15 अगस्त, 2022 को संस्थान स्तर पर वृहद झण्डारोहण का कार्यक्रम किया जायेगा। इसी दिन समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक आदि का आयोजन किया जायेगा तथा संस्थान के भवनों में तिरंगे की लाइटिंग कराते हुए संस्थान को प्रकाशमय किया जायेगा। कार्यक्रम के अंतिम दिन 17 अगस्त, 2022 को विचार गोष्ठी का आयोजन किया जायेगा। साथ ही स्वच्छ भारत मिशन, स्वावलंबन एवं स्वदेशी के प्रति जन-जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन भी किया जायेगा। इसी दिन 11 से 17 अगस्त, 2022 के मध्य आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरण किया जायेगा। प्राविधिक शिक्षा निदेशक ने निर्देश दिये कि 10 अगस्त, 2022 के पूर्व जिलाधिकारी कार्यालय से सम्पर्क स्थापित करते हुए जिले में होने वाले कार्यक्रमों के साथ समन्वय स्थापित कर प्रस्तावित कार्यक्रमों को भी अपनी कार्ययोजना में समाहित किया जाए। 11 अगस्त से 14 अगस्त, 2022 तक संस्थान के आसपास के क्षेत्र में प्रभात फेरी निकालकर जनमानस में स्वतंत्रता दिवस एवं तिरंगे के प्रति सम्मान का भाव उजागर करने हेतु जागरूकता अभियान चलाया जाए।

## प्रशासन की तैयारियां पूर्ण, पुलिस ने पुलिस ने कांवड़ मार्ग से मीट व अंडे की दुकानें हटबाई

**दैनिक समाज जागरण /अखिलेश सिंह हरदोई** ।कांवड़ मार्ग पर शिवभक्तों का आवागमन प्रारंभ हो गया है। स्थानीय प्रशासन ने भी तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। पिहानी पुलिस ने कांवड़ मार्ग की अंडा और मीट की सभी दुकानें बंद करा दी है। करावा रोड की दोनो तरफ की दुकान बंद हो गई है। अन्य व्यवस्थाएं भी तेजी के साथ पूरी की जा रही है।



पिहानी कोतवाल बेनी माधव त्रिपाठी ने कांवड़ मार्ग पर पड़ने वाली सभी अंडा और मीट की दुकानों को बंद करा दिया गया है। कांवड़ यात्रा के दौरान ये दुकानें पूरी तरह बंद रहेगी। पिहानी जहानीखेड़ा मार्ग पर आलू स्टोर के निकट भी मीट की दुकानें बंद करा दी गई है यदि कोई इसके बाद भी दुकान खोलता है तो उस पर कठोर कार्रवाई होगी। बुधवार को सुबह से ही मीट की समस्त दुकानें बंद रही। कोतवाल बेनी माधव त्रिपाठी ने बताया कि कांवड़ मार्ग पर प्रशासन ने चेकिंग अभियान चलाया और सभी मीट की दुकानों को बंद करा दिया गया। बताया कि जिला कांवड़ मार्ग पर सफाई, विद्युत व्यवस्था का काम तेजी के साथ चल रहा है।

## ग्रामीण जन सुधार सेवा समिति के सदस्यों ने बच्चों को निशुल्क वितरण की पुस्तकें

समाज जागरण बघौली ,हरदोई ।ब्लाक अहिरोरी क्षेत्र के अंतर्गत ग्रामीण जनसेवा समिति के सदस्यों ने योग उत्तर प्रदेश द्वारा गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व



पर ग्राम महँगेखेड़ा गोपार बघौली हरदोई में बच्चों को निःशुल्क पाठ्य सामग्री वितरित कर निःशुल्क कोचिंग का भी उद्घाटन किया गया, आज लगभग 50 बच्चों ने नामांकन कराया तथा बच्चों को फल व मिष्ठान वितरण किया गया समिति की अध्यक्ष शशी वर्मा ने बताया कि हमारा उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा को बढ़ावा देना है यदि हमारे देश का ग्रामीण क्षेत्र शिक्षित हो जाएगा तो देश को ओर मजबूती मिलेगी । इस मौके पर समिति की अध्यक्ष श्रीमती शशी वर्मा , सचिव व प्रबंधक मिथिलेश वर्मा कोषाध्यक्ष संजीव वर्मा अध्यापिका अंजली वर्मा , व दीपक राजपूत व नवीन वर्मा आशुतोष वर्मा , लालजीत वर्मा व अन्य ग्रामीण लोग मौजूद रहे ।

## असलहों की खेप के साथ बाइक चोरों के गैंग का भण्डाफोड, चार गिरफ्तार

### लिफ्ट मांगकर भी उड़ा देते थे बाइके, आठ बाइकें बरामद एसएसपी ने पुलिस टीम को किया पुरस्कृत




बहराइच। इन दिनों तराई का जिला बहराइच मोटरसाइकिल चोर गिरोह के निशाने पर है। हर दिन किसी न किसी इलाके से बाइक चोर गैंग मोटरसाइकिलो को उड़ा रहा है। बाइक चोर गैंग के सदस्य पलक झपकते ही क्या शहर क्या गांव कहीं से भी बाइक चुरा रहे है। बाइक चोर गैंग जनता की सवारी चुराकर नेपाल पार कर रहा है। बार्डर के रास्ते भारतीय क्षेत्रों से चुरायी गई गाड़ियां नेपाल के अंदर डम्पिंग यार्ड तक पहुंचायी जा रही है। जहां से मोटी रकम लेकर बाइक चोर गैंग मौज उड़ा रहे है। लगातार बाइक चोरी की वारदातों से आजिज आ चुकी जनता और पुलिस दोनों हैरान है। इसी कड़ी में तमाम शिकायतों के बावजूद पुलिस अधीक्षक ने जिम्मेदार थानाध्यक्षों को सख्त निर्देश दिए कि इलाके में बढ़ती बाइक चोरी की वारदातों पर सर्तकता बरते। जिसकों लेकर नानपारा कोतवाली प्रभारी शमशेर बहादुर सिंह ने जाल बिछाया और फिर बाइक चोरों के एक बड़े गैंग को गिरफ्तार कर लिया गया। यह शातिर बाइक चोर गैंग न सिर्फ गाड़िया चुराता था बल्कि हथियारों के तस्करी में भी शामिल रहा है साथ ही पूछतांछ में यह बात भी प्रकाश में आयी है कि पकड़े गए गैंग के यह चारों सदस्य हत्या, लूट, चोरी, आबकारी और फिरौती आदि में भी जेल जा चुके है। जेल से बाहर आने के बाद यह गिरोह फिर उन्हीं वारदातों को अंजाम दे रहा है। राह चलते लोगों से लिफ्ट मांगकर भी गाड़िया छीन लिया करते है। इस बार इनकी कुंडली खुल गई है। बहराइच पुलिस इन शातिरों को इनके अंजाम तक पहुंचाने के लिए कार्रवाई में जुट गई है। नानपारा पुलिस टीम ने वाहन चेकिंग के दौरान हाडा पुल रूपईडीहा रोड से चोरी की तीन बाइकों के साथ चार अभियुक्तों को दबोचा था। अभियुक्तों की निशानदेही पर पांच अन्य चोरी की बाइके भी बरामद की गई। कुल आठ बाइके बरामद हुई है। पकड़े गए अभियुक्तों के पास से चार अदद असलहे बरामद हुए है। अभियुक्तों ने पूछतांछ के दौरान बताया कि वह बाइक चुराकर नेपाल में बेंच देते थे। पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान आरिफ पुत्र गुलाम अली निवासी सोरहिया थाना रूपईडीहा, मनीष सोनकर पुत्र संजेश निवासी बेलवा भोपतपुर नानपारा, रामसागर उर्फ सागर उर्फ बादशाह पुत्र चेतराम निवासी दुविधापुर रूपईडीहा व संतोष कुमार पुत्र अम्बिका प्रसाद निवासी करीम गांव गेंदपुर रूपईडीहा के रूप में की गई। जिनके विरूद्ध कोतवाली नानपारा में अभियोग दर्ज कर जेल रवाना किया गया। पकड़े गए अभियुक्तों के विरूद्ध पूर्व में भी चोरी, एनडीपीएस, एक्साइज एक्ट के कई मामले दर्ज है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम को पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चैधरी ने 12,000 रुपए नगद पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया गया। मनीष कुमार सैनी पुत्र रामफेरन सैनी निवासी जयलालपुरवा थाना मल्हीपुर जनपद श्रावस्ती द्वारा कोतवाली नानपारा में बीते 10 जून को अपनी बाइक चोरी हो जाने की तहरीर दी थी। जिस पर मुअसं. 405/22 धारा 379 के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया था। बाइक चोरों की गिरफ्तारी व बरामदगी के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कोतवाली नानपारा पुलिस को कड़े निर्देश दिए थे। जिसके अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अशोक कुमार, क्षेत्राधिकारी नानपारा जंग बहादुर यादव के पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली नानपारा पुलिस द्वारा अथक प्रयास करते हुए अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चोरी की बाइकें व चार अदद देशी तमंचा बरामद किया गया। गिरफ्तारी टीम में थाना कोतवाली नानपारा प्रभारी शमशेर बहादुर सिंह, उ.नि.राकेश सिंह, उ.नि.रवि यादव, उ.नि.मनोज कुमार सिंह, उ.नि.धात्री शकर सहाय सिंह, उ.नि.हेमन्त चैधरी, हे.का.धर्मपाल, हे.का.नगेन्द्र सिंह, का.शिशिर पटेल शामिल रहे।

### अधिक दहेज की मांग को लेकर पत्नी ने पति पर लगाया प्रताड़ित करने का आरोप

## दहेज में बैटरी ऑटो रिक्सा की मांग की

रूपईडीहा बहराइच । दहेज प्रथा हमारे समाज मे अभिषाप बनता जा रहा है। आये दिन हमारे समाज मे दहेज को लेकर के नवविवाहिताओं को प्रताड़ित करना उनको शारीरिक दुःख देना यहाँ तक कि हत्या कर देने जैसा घृणित कार्य भी हो रहा है परंतु न तो समाज और न ही कानून इस परंपरा को लेकर ठोस कदम उठा रही है।इनका परिणाम ये हुआ है कि आये दिन शादी होते ही घर मे चैन शुकून छिन जाता है और शादी के कुछ दिन बाद ही घरों में मार पीट शुरू हो जाता है लडकिया प्रताड़ना का शिकार होने लगती है। ताजा मामला रुपईडीहा के चकिया चौराहे पर रहने वाले गरीब दर्जी का है जिसने बड़ी परेशानियों को उठाते हुए मुश्किल से अपनी 20 वर्षीय पुत्री का विवाह इसी वर्ष मार्च में चिकनिया पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम उचवा बालापुर के गुड्डू नामक युवक से किया था । शादी में उसके परिजनों ने अपनी हैसियत के अनुसार दान-दहेज भी दिया था,लेकिन उसके ससुराल पक्ष के लोग उस दान-दहेज से खुश नहीं हुए और बार बार नई नई मांग को लेकर बहु को प्रताड़ित करने लगे।इतना ही नही शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित भी किया जाने लगा। युवती के पिता शकील ने बताया कि दहेज के साथ मैंने 50 हजार रुपया नगद भी दिया था उसके बाद भी अब मेरा दामाद बैटरी ऑटो रिक्शा की मांग करने लगा और मेरी बेटी को बेरहमी से मारने पीटने लगा । जैसे ही इस बार मुझे मारपीट की सूचना मिली मैं अपनी बेटी को घर बुला लाया और मजबूरी में थाने पर प्रार्थना पत्र देकर पूरे मामले से अवगत कराया है । इस संबंध में जब रुपईडीहा थाना प्रभारी निरीक्षक श्रीधर पाठक से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मामला संज्ञान में आया है । दोनों पक्षों को थाने बुलाया गया है । पूरे मामले की छानबीन कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## आंगनबाड़ी केंद्र बदहाल, जर्जर पंचायत घर में बैठ रहे नौनिहाल



अखिलेश सिंह /रामेंद्र सैनी कछौना, हरदोई। विकास खण्ड कछौना के ग्राम सभा गढ़ी कमालपुर के ग्राम गढ़ी में स्थित काफी पुराने जर्जर पंचायत घर में आंगनवाड़ी केंद्र संचालित है। जर्जर भवन में नौनिहाल शिक्षा ग्रहण करने को विवश है। नौनिहाल का जीवन खतरे में है। बताते चलें एक तरफ सरकार नौनिहालों के पोषण व सर्वांगीण विकास को बेहतर भविष्य के लिए सतत प्रयासरत हैं। वही विकास खण्ड कछौना की ग्राम सभा गढ़ी कमालपुर के ग्राम गढ़ी में जर्जर आंगनबाड़ी केंद्र में नौनिहाल शिक्षा ग्रहण करने को विवश है। यह आंगनबाड़ी केंद्र ग्राम गढ़ी में स्थित जर्जर पंचायत घर में संचालित है। यह भवन 1957 में बना था, जो वर्तमान समय में काफी जर्जर हो गया है। दीवारें दरक गई है। दरवाजे पल्ले उखड़ चुके हैं। जगह जगह प्लास्टर भी उखड़ चुका है। केंद्र बंद होने के बाद परिसर व कमरों में जानवर बैठते हैं। जिससे आंगनवाड़ी केंद्र में गोबर पड़ा होने के कारण गंदगी का अंबार है। बरसात के समय छत से पानी टपकता है। बरसात के समय आंगनबाड़ी केंद्र बंद करना पड़ता है। स्थानीय ग्रामीणों ने इस मामले की शिकायत जिम्मेदार अधिकारियों से कई बार की लेकिन विभागीय अधिकारी खाना पूर्ती करते हुए गलत रिपोर्ट लगाकर कर्तव्य की इतिश्री कर ली हैं। ग्राम विकास अधिकारी ने जनसुनवाई संख्या 40015522002912 की आख्या रिपोर्ट में गलत रिपोर्ट लगाते हुए बताया सचिवालय की छत काफी जर्जर है, इसलिए जीर्णोद्धार कराना संभव नहीं है। उक्त भवन में कोई आंगनवाड़ी केंद्र नहीं चल रहा है। केंद्र प्राथमिक विद्यालय में संचालित होने की बात कही। ऐसे गलत रिपोर्ट लगाकर सच्चाई पर पर्दा डालने का कार्य किया, जो सीधे तौर पर अपराधिक कार्य है। बच्चों को जानबूझकर खतरे में डाले हुए है। शायद गरीब परिवार के बच्चे होने के कारण उनकी स्थिति में अव्यवस्था व दुर्दशा है। विभागीय अधिकारी कोई अनहोनी घटना का इंतजार कर रहे हैं। तभी शायद उनका कर्तव्य बोध जागृत हो। पूरे मामले की जागरूक नागरिकों ने सचिव और जिलाधिकारी से शिकायत की है।

## ऑपरेशन मुस्कान संडीला- मिला जिगर का टुकडा, चेहरों पर लौटी मुस्कान

**दैनिक समाज जागरण**
**अखिलेश सिंह**




हरदोई ।संडीला पुलिस ने बृहस्पतिवार दोपहर 12 बजे ऑपरेशन मुस्कान के तहत एक तीन वर्षीय बालक को परिजनों से मिलाया। बालक मिलने से उसके परिजनों में खुशी की लहर देखी गई। बेटे को पाकर मां चहक उठी और कोतवाल दिलेश कुमार को लंबी उम्र की दुआएं देने लगी। साथ आये परिजनों ने भी संडीला पुलिस की कार्यशैली को सराहना की।

शबनम अपने पति मोहम्मद इस्माइल के साथ अपने मायके उन्नाव रोड महीन मार्केट के पीछे पिता मोहम्मद यूसुफ के यहां बुधवार को आई थी। शबनम का बेटा मोहम्मद इरफान उम्र 3 वर्ष बृहस्पतिवार को घर पर खेल रहा था। मोहम्मद सिफान खेलते खेलते अचानक कहीं गायब हो गया। परिजनों ने काफी खोजा परंतु लापता सिफान का कुछ पता नहीं चल सका। माता पिता व रिश्तेदार किसी अनहोनी घटना को लेकर परेशान होने लगे। मां शबनम बेटे को याद कर बिलख बिलख कर रोने लगी। उधर सिफान खेल खेल में लखनऊ हरदोई मुख्य मार्ग कस्बा चौकी संडीला के पास पहुंच गया। कस्बा चौकी पर तैनात महिला कांस्टेबल रुक्मणी ने बच्चे को रोते हुए देखा तो कोतवाली में कोतवाल डीके सिंह के पास बालक फिफान को लेकर गई। पुलिस को सिफान मां- बाप का नाम नहीं बता पा रहा था। कोतवाल डीके सिंह ने रोते हुए बच्चों को दुलार करते हुए उसको चुप कराया और टॉफी बिस्कुट दिलाएं। कोतवाल डीके सिंह ने तत्परता दिखाते हुए ऑपरेशन मुस्कान के तहत अबोध बालक को माता पिता के सुपुर्द किया।। खोए बालक सिफान को पाकर परिजन बहुत खुश हुए।

## इस बार स्वतंत्रता दिवस (अमृत महोत्सव) के पावन अवसर पर हर घर में लहराएगा तिरंगा झंडा को लेकर आयोजित बैठक एडीओ पंचायत अरून कुमार वर्मा विकास खण्ड जरवल




आज गुरुवार जनपद बहराइच जरवल विकास खण्ड मुख्यालय सभागार में केंद्र सरकार व उत्तर प्रदेश सरकार की योजनाओं को लेकर अरुन कुमार वर्मा एडीओ पंचायत के नेतृत्व में पंचायत सहायकों की आयोजित की गई बैठक/

पंचायत सहायकों को संबोधित करते हुए अरुन कुमार वर्मा एडीओ पंचायत ने कहा कि इस बार स्वतंत्रता दिवस (अमृत महोत्सव) के पावन अवसर पर प्रत्येक गांव में सभी लोगों के घरों पर तिरंगा झंडा लगाया जाएगा/ तिरंगा झंडा वितरण का कार्यक्रम 22 जुलाई से 23 जुलाई के बीच में रोजगार सेवक, पंचायत सहायक, सफाई कर्मचारी बंधुओं के द्वारा प्रत्येक गांव की आम जनता के घर पहुंचाया जाएगा/ राष्ट्रीय ध्वज का किसी भी कीमत पर अपमान नहीं होना चाहिए इस विषय पर आप सभी लोगों को अपनी पैनी नजर गांव में रखनी है/ गांव में भ्रमण करके अमृत महोत्सव के बारे में लोगों को जागरूक कराना है/ केवाईसी के विषय को लेकर पंचायत सहायक को निर्देशित किया कि दो दिन के अंदर केवाईसी का सारा काम पूरा कर ले अनुशासनहीनता करने वाले सहायकों पर दंडात्मक कार्रवाई हो सकती है/ और गांव में स्थापित पंचायत भवन में पहुंचकर आम जनता की समस्या को समय से सुने और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जारी सभी योजनाओं के बारे में गांव के लोगों को विधिवत जानकारी दें तभी गांव का विकास होना संभव है व गांव में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए आने वाले समय में बरसात का मौसम चल रहा है इसलिए प्रत्येक गांव में खाली भूमि पर पेड़ जरूर लगाएं जाए/

इस मौके पर- विपिन कुमार ग्राम पंचायत सचिव, मोहित कुमार मिश्रा पंचायत सहायक, नाजिश फातिमा पंचायत सहायक, स्वाति गुप्ता पंचायत सहायक, इबरार अहमद पंचायत सहायक सहित सैकड़ों लोग रहे मौजूद/

## पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम ने 55 लाख की स्मैक के साथ एक तस्कर को किया गिरफ्तार




रुपईडीहा बहराइच। भारत नेपाल सीमावर्ती इलाकों में स्मैक व अन्य नशीले पदार्थों के कारोबार करने वाले तस्करों को नेपाल पुलिस व भारतीय पुलिस लगातार पकड़ कर जेल भेज रही है। फिर भी इस क्षेत्र में नशीले पदार्थों का धंधा फल फूल रहा है। भारत नेपाल सीमा पर इस धंधे को रोकने के लिए अलग अलग सुरक्षा एजेंसियों के जवान तैनात हैं। फिर भी यह नशीले पदार्थों का कारोबार बंद नहीं हो पा रहा है। रुपईडीहा पुलिस व सीमा पर तैनात एसएसबी पकड़े गए तस्करों से कभी यह नहीं पूछती कि तुम स्मैक कहा से लाते हो। अगर पकड़े गए तस्करों से कठाई से पूछताछ की जाए और रुपईडीहा कस्बे में थोक कारोबारियों के यहां छापेमारी की जाये तो भारी मात्रा में स्मैक बरामद हो सकती है। इसी क्रम में बीती रात रुपईडीहा पुलिस व सशस्त्र सीमा बल की संयुक्त टीम ने 107 ग्राम स्मैक के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। जिसकी अनुमानित कीमत 55 लाख रुपये आंकी गई है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रभारी निरीक्षक रुपईडीहा श्रीधर पाठक ने बताया कि गुरुवार की रात पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम नेपालगंजरोड रेलवे स्टेशन रुपईडीहा के निकट रेलवे मालगोदाम के पास गश्त कर रहे थे तभी रुपईडीहा कस्बे से नेपालगंज की ओर जा रहे एक संदिग्ध व्यक्ति को शक के आधार पर रोक लिया ।उसकी तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 107 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पकड़े गए तस्कर की पहचान मोहम्मद जावेद पुत्र मोहम्मद जाफर निवासी चकिया रोड रुपईडीहा के रूप में हुई है। पकड़े गए तस्कर के पास कुछ वर्ष पहले काफी परेशान रहता था। लेकिन इस कारोबार से इसके पास आज सब कुछ है। रुपईडीहा कस्बे में स्मैक का धंधा करने वालों के पास चार पहिया वाहन, कस्बे में आलीशान कोठियों है। पुलिस ने तस्कर के विरुद्ध मु०अ० स०239/2022 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उ0 नि0 प्रेमचंद्र यादव,का0 अशोक कुमार तिवारी,शिवम मौर्या, अशोक कुमार पाल तथा सशस्त्र सीमा बल 42 वीं वाहिनी के एएसआई अरुण कुमार,का0 विशाल डी सोनावाने, सुशील कुमार राम, भूपेंद्र सिंह विष्ट, सुरेन्द्र कुमार शाह व प्रवीण कुमार सिंह शामिल रहे।

## ब्लाक निघासन प्रधान संघ अध्यक्ष ने करवाया विशाल भंडारे का आयोजन

*प्रधान एकता संघ ब्लाक निघासन के अध्यक्ष / कार्यक्रम संरक्षक श्याम मोहन दीक्षित*

**समाज जागरण/ब्यूरो प्रभाकर गीता त्रिपाठी**



निघासन-खीरी--ब्लाक निघासन के अन्तर्गत आने वाले ग्राम पंचायत सिंगहा कलां की ग्राम प्रधान श्रीमती सुनीता देवी दीक्षित और उनके पुत्र प्रधान संघ के अध्यक्ष (प्रधान प्रतिनिधि) श्याम मोहन दीक्षित ने बड़ी धूम-धाम के साथ काली देवी मंदिर पर पूजा अर्चना कर विशाल भंडारे का आयोजन किया जिसमें ग्राम पंचायत एवं क्षेत्र के सभी भक्त श्रद्धालु माताएं/बहने भी इस भण्डारे समलित हुई। इस मौके पर नौरंगाबाद प्रधान नेकू अवस्थी , हरिद्वाही प्रधान सौरभ वर्मा, रामस्वरूप गुप्ता, कमलेश निषाद (कोटेदार), सुभाष वर्मा, कौशल कनौजिया, गया प्रसाद शर्मा, केशराम वर्मा मास्टर, मेम्बर रामगोपाल शर्मा, मेम्बर राजेंद्र कनौजिया, मुन्नालाल शाह,राजेश पटेल,रवि मौर्या,भूमेन्द्र कनौजिया,रचित गुप्ता,आंसुल गुप्ता,विमल कुमार,आशीष मौर्या, (भाजपा कार्यकर्ता) संजय निषाद,पत्रकार विमलेश कुमार, और अनेक ग्राम पंचायतों के प्रधान और ग्रामीण व्यक्ति राज कुमार, मनोज कुमार, गोविंद, सुरेश कुमार, राजेश, बीरबल, कैलाश कुमार, आदि कन्या भोज की बहने सुनीता देवी, कविता गुप्ता, आरती, श्रद्धा सिंह,काजल, कविता गुप्ता,सारिका,कामनी, बबिता, पायल देवी, प्रियंका देवी आदि अनेक सम्भ्रांत व्यक्ति और महिलाएं भी इस भण्डारे कार्यक्रम में उपस्थिति रहे !

### डीआईओएस का दूसरे दिन भी कॉलेजों में चला निरीक्षण अभियान

## दो इन्टर कालेजों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया

दैनिक समाज जागरण /
अखिलेश सिंह




हरदोई। जिला विद्यालय निरीक्षक वीके दुबे द्वारा आज समय 11.56 बजे राजकीय इण्टर कालेज टड़ियावाँ, का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय विद्यालय में प्रधानाचार्य कौशल किशोर, प्रवक्ता रजनीश कुमार सिंह, सहायक अध्यापक जगदीश चन्द्र भगत, संजय कुमार उपस्थित पाये गये तथा विमलेश कुमार आकस्मिक अवकाश पर पाये गये। विद्यालय में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं का अधिगम स्तर संतोषजनक पाया गया। कक्षा 11 व कक्षा 12 में अंग्रेजी विषय रजनीश कुमार सिंह द्वारा पढाया जा रहा था, शिक्षण कार्य के समय उपस्थित छात्र-छात्राओं से कुछ प्रश्न पूछे गये तो उनके द्वारा सही उत्तर दिया गया। कक्षा 10-ए में हिन्दी विषय की अध्यापिका द्वारा पढ़ाया जा रहा था। कक्षा 10-बी में शिक्षण कार्य होता पाया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा निरीक्षण के दौरान सभी शिक्षक अपने-अपने कक्षा कक्षों में अध्यापन कार्य करते पाये गये। विद्यालय में कक्षा कक्षों टॉयलीकरण का कार्य होता पाया गया। विद्यालय में साफ-सफाई ठीक पायी गयी, विद्यालय में छात्रों की प्रवेश प्रक्रिया गतिमान पायी गयी, कई छात्र एवं अभिभावक विद्यालय में उपस्थित पाये गये। प्रधानाचार्य कक्ष में बायोमैट्रिक मशीन क्रियाशील पायी गयी। विद्यालय में वृक्षारोपड़ का कार्य कराया जा चुका है। विद्यालय में समस्त व्यवस्थाएँ संतोषजनक पायी गयी। इसके उपरान्त अपरान्ह 12.45 बजे पंडित दीन दयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इण्टर कालेज सिकरोहरी, विद्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय विद्यालय में प्रधानाचार्य राजीव कुमार मिश्र, प्रवक्ता अरूणेन्द्र वर्मा, सहायक अध्यापक आशीष दीक्षित, दिलीप कुमार गुप्ता उपस्थित पाये गये। कनिष्ठ सहायक अश्वनी कुमार श्रीवास्तव अनुपस्थित पाये गये। उपस्थित पंजिका के अवलोकन से ज्ञात हुआ कि लिपिक के कालम में प्रतिकर अवकाश अंकित है, किन्तु प्रतिकर अवकाश से सम्बन्धित कोई भी प्रार्थना पत्र विद्यालय में नहीं पाया गया। इस सम्बन्ध में जानकारी चाही गयी, तो ज्ञात हुआ कि लिपिक के कालम में आशीष दीक्षित स०अ० द्वारा बिना किसी प्रार्थना पत्र के प्रतिकर अवकाश अंकित किया गया है। विद्यालय में अध्यनरत छात्र/छात्राओं का अधिगम स्तर संतोषजनक नहीं पाया गया। कक्षा-कक्षों में काफी गन्दगी पायी गयी, जाला लगा हुआ था। प्रधानाचार्य द्वारा विद्यालय के प्रांरण में कुछ वृक्षारोपण कराया गया है। जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा विद्यालय के मुख्य द्वार के आसपास खाली पड़ी जमीन पर वृक्षारोपण कराये जाने के निर्देश दिये गये।

उन्होने अपने निरीक्षण में पायी गयी कमियों की कार्यवाही में प्रतिकर अवकाश के सम्बन्ध में संतोषजनक साक्ष्य प्रस्तुत न किये जाने की स्थिति में अश्वनी कुमार श्रीवास्तव कनिष्ठ सहायक का एक दिन का वेतन अवरूद्ध किया गया, तथा सहायक अध्ययापक आशीष दीक्षित को निर्देशित किया गया कि इस सम्बन्ध11 में अपना स्पष्टीकरण वांछित साक्ष्यों सहित तीन दिवस के अन्दर प्रधानाचार्य के माध्यम से कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक हरदोई में उपलब्ध कराये। विद्यालय में बच्चों का अधिगम स्तर संतोषजनक न पाये जाने, विद्यालय के कक्षा कक्षों काफी गन्दगी पाये जाने के दृष्टिगत प्रधानाचार्य सहित समस्त स्टॉफ का अग्रिम आदेशों तक वेतन अवरूद्ध किया गया। तथा आदेशित किया गया कि शतप्रतिशत अनुपालन सुनिश्चत करते हुए वांछित फोटोग्राफ्स सहित अनुपालन आख्या एक सप्ताह में कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

# घाघरा मोड़ स्टील इंटरप्राइज के पास खड़ी बाइक चोरी पीड़ित ने थाने में दिया आवेदन जांच में जुटी पुलिस

**दैनिक समाज जागरण झारखण्ड /संवाददाता**

मोहनपुरः थाना क्षेत्र के छोटबहियारी गांव जगदीश मंडल ने थाने में आवेदन दिया है इसमें जिक्र किया गया है कि बुधवार को मोहनपुर बाजार से लौटने के क्रम में घाघरा मोड़ के समीप स्टील इनथर प्राइज दुकान के पास अपना मोटरसाइकिल खल15 ळ 5172 खड़ी कर दुकान के अंदर गया। जैसे ही बाहर निकला तो बाइक मौके से नदारद मिली। जब इधर उधर देखने के बाद ही बाइक



ना मिलने पर थाने में बाइक चोरी की मामला थाने में दिया। पुलिस आवेदन प्राप्त कर बाइक और चोर की तलाश में जुटी हुई है।

# मेन रोड में पुलिस के साथ धक्का मुक्की और अन्य युवकों के साथ मारपीट कर बवाल करने वाले दो आरोपियों मो.अतीक और मुकेश सिंह को

**दैनिक समाज जागरण राँचीः-झारखण्ड**

लोअर बाजार थाना की पुलिस ने जेल भेज दिया है। 11 जुलाई की रात करीब 11 बजे मेन रोड में इंडिया होटल के पास कुछ युवक मारपीट कर रहे थे। एक युवक का मारपीट में सिर फट गया था। यह देख जब लोअर बाजार थाना की पुलिस वहां पहुंची तो ये युवक पुलिस वालों के साथ ही धक्का मुक्का करने लगे और उन्हें भद्दी भद्दी गालियां देते हुए धमकी देने लगे। पुलिस ने उन युवकों में से दो को पकड़ा। अन्य युवक वहां से भाग निकले। जिन्हें पकड़ थाने लाया गया और अन्य युवकों के बारे में पूछताछ की गई। गिरफ्तार मो.अतिक कोनका रोड का रहने वाला है। वहीं मुकेश सिंह रतन टॉकिज के समीप रहता है। इनके विरुद्ध एएसआई मदन मिश्रा ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

# एनएसएस बनाम एनसीसी का फुटबाल मैच होगा आज, जेपीयू के कुलपति होंगे अध्यक्ष

**दैनिक समाज जागरण**

छपरा (सारण)। जेपीयू के पीआरओ डॉ हरिश्चंद्र ने कहा है कि शुक्रवार को अपरान्ह 4.00 बजे राष्ट्रीय सेवा योजना बनाम एनसीसी के बीछ फुटबाल



मैच आयोजित होगा। जिसकी अध्यक्षता कुलपति डॉ फारूक अली करेंगे। इसके लिए कुलपति की मानीटरिंग में कैप्टन विश्वामित्र पांडेय अपने जगदम महाविद्यालय के कैडेटों के साथ विश्वविद्यालय में स्वच्छता अभियान चलाकर सफाई कराए। कुलसचिव डॉ आर पी बबलू, सीसीडीसी सह समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना प्रो हरिश्चंद, भी स्वच्छता अभियान में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर डॉ आर पी बबलू कुलसचिव और स्नातकोत्तर दर्शन शास्त्र विभाग के अध्यक्ष प्रो राम नाथ प्रसाद और डॉ विश्वामित्र पाण्डेय ने पौधारोपण दूरस्थ शिक्षा विभाग के सामने किया। इसी क्रम में कुलपति प्रो फारूक अली ने कम्प्यूटर क्लास का औचक निरीक्षण भी किया।

# दामाद की हत्या मामले में पीड़ित की मां ने पुलिस अधीक्षक को दिया आवेदन

**दैनिक समाज जागरण**

मांझी (सारण)। ससुराल में दामाद की हत्या कर शव गायब कर देने के मामले में पीड़ित महिला ने सारण पुलिस अधीक्षक को एक लिखित आवेदन देकर पुत्र की सलामती व बरामदगी की गुहार गयी है। आवेदन के अनुसार बैशाली जिले के हाजीपुर थाना क्षेत्र के वाजितपुर गांव की एक महिला कलिया देवी ने कहा है कि उनके पुत्र संतोष शर्मा की शादी दाउदपुर थाना क्षेत्र के नासिरा गाँव निवासी मुंगरी शर्मा की पुत्री सपना के साथ करीब डेढ़ वर्ष पुर्व हुयी थी। बात दे कि सपना संतोष की पहली पत्नी के मरने के बाद दूसरी पत्नी है। संतोष ससुराल में घर और मकान बनाने को लेकर अपने भाइयों से पांच लाख रुपये कर्ज लेकर आया था। वही ससुराल वालों ने न जमीन खरीदे न ही मकान बना। तब संतोष ने पैसे वापसी दबाव बनाया तो ससुराल वालों ने उसकी हत्या कर शव गायब कर दिया। जिसकी सूचना पर दाउदपुर थाना पहुच कर आपबीती बताया तो थाना ध्यक्ष झूठा ठहराकर लौट दिया। पुलिस हमारी मदद करे।

# मांझी के निखिल ने बिहार दरोगा परीक्षा में बाजी मारी, गांव में खुशी का माहौल

**दैनिक समाज जागरण मांझी (सारण)।**

प्रखंड क्षेत्र के महम्मदपुर गांव निवासी श्री निवास तिवारी और अनिता देवी के पुत्र निखिल कुमार तिवारी का चयन बिहार में दरोगा के पद पर हो गया है। निखिल बचपन से ही पढ़ने मे मेधावी था। निखिल ने यह भी साबित कर दिखाया है की कभी भी हार नही माननी चाहिए। निखिल पिछले साल भी बिहार दरोगा का लिखित परीक्षा मेंस परीक्षा व शारीरिक परीक्षा पास



किया था। हालाँकि दुर्भाग्य वश पिछले साल की मेरिट में वह अपनी स्थान बनाने से वंचित रह गया था। लेकिन इस बार दरोगा परीक्षा में चयनित होकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। अपने बुलंद हौसले साथ वह दरोगा की तैयारी करने वालो के लिए एक प्रेरणा स्रोत बन गया है।

इस सफलता पर गाँव में खुशी का माहौल है। माता पिता सहित सारे सगे संबंधियों में खुशी की लहर दौड़ गई है तथा बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।

# पूर्व मंत्री के निधन पर मुखिया संघ ने किया शोक प्रकट

**दैनिक समाज जागरण तरैया (सारण)।**

बिहार सरकार के पूर्व मंत्री रमई राम के असामयिक निधन पर मुखिया संघ, राजद कार्यकताओं, जनप्रतिनिधियों व समाजसेवियों ने गुरुवार को शोकसभा का आयोजन कर शोक प्रकट किया। तरैया के पूर्व विधायक मुद्रिका प्रसाद राय ने शोक प्रकट करते हुए कहा कि एक कर्मठ व समाजवादी नेता सदा के लिए इस दुनिया से चल बसे। उन्होंने कहा कि पूर्व मंत्री काफी दिनों से बीमार चल रहे थे। उनका पटना के मेदांता हॉस्पिटल में इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। रमई राम का निधन बिहार राज्य व देश के लिए अपूरणीय क्षति है। इधर तरैया मुखिया संघ ने भी दो मिनट का मौन रख शोक प्रकट किया। शोक प्रकट करने वालों में मिथिलेश राय पूर्व प्रत्याशी, बीर बहादुर राय पूर्व राजद अध्यक्ष व मुखिया प्रतिनिधि, प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि धनवीर कुमार सिंह विक्कू, मुखिया संघ के अध्यक्ष मुकेश

## सुरक्षा और सुविधा को लेकर एनडीआरएफ जवानों की प्रतिनियुक्तिः- उपायुक्त....

# बाबा मंदिर के साथ शिवगंगा सरोवर में श्रद्धालुओं की सुविधा में 247 एक्टिव रहेंगे जवानः- उपायुक्त....

**दैनिक समाज जागरण झारखण्ड**

राजकीय श्रावणी मेला, 2022 के दौरान देवतुल्य श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा को लेकर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्री मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में एनडीआरएफ टीम के साथ बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने 14 जुलाई से 12 अगस्त तक चलने वाले राजकीय श्रावणी मेला के दौरान बाबा मंदिर व शिवगंगा सरोवर में किए जाने वाले विभिन्न सुरक्षा बिंदुओ पर विस्तृत चर्चा करते हुए एनडीआरएफ की टीम को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया।

इसके अलावे बैठक के दौरान उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजंत्री ने आगन्तुक श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए एनडीआरएफ टीम को बाबा मंदिर प्रांगण व शिवगंगा सरोवर में प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश दिया, ताकि किसी भी प्रकार की आपदा स्थिति में लोगों का तुरंत बचाव किया जा सके। साथ हीं एनडीआरएफ की एक मेडिकल टीम भी मंदिर में श्रद्धालुओं की सेवा में तैनात की गई हैं। आगे उपायुक्त ने एनडीआरएफ के अधिकारियों को मेला के दौरान प्रतिनियुक्त टीम के अलावा #दफ्ळ टीम बनाने का निर्देश दिया, ताकि आपात स्थिति में त्वरित निपटा जा सके।

■ शिवगंगा में निश्चित होकर लगाये डुबकी, सुरक्षा के लिए तैनात रहेगी एनडीआरएफ की टीम....



इसके अलावे उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजंत्री द्वारा जानकारी दी गई कि राजकीय श्रावणी मेला, 2022 के अवसर पर देवतुल्य श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर 60 जवानों की एनडीआरएफ की टीम शिवगंगा से लेकर मंदिर क्षेत्र में किसी भी आपदा से निपटने हेतु प्रतिनियुक्त किये गए हैं। साथ ही शिवगंगा में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ होती है और पानी गहरा होने के कारण अप्रिय घटना होने की संभावना बनी रहती है ऐसे में एनडीआरएफ की टीम 5 मोटर बोट के माध्यम से पूरे शिवगंगा सरोवर की 247 मॉनिटरिंग कर श्रद्धालुओं की सुरक्षा में मुस्तैद रहेगी।

■ एनडीआरएफ के अत्याधुनिक उपकरणों से बचाव कार्य में होगी आसानी....

इसके अलावे राजकीय श्रावणी मेला के दौरान तैनात एनडीआरएफ की टीम के जवानों को अत्याधुनिक उपकरणों से लैस किया गया है। टीम में 5 नई रबड़ की नौका, 70 लाइफ जैकट्स, गोताखोरों की टीम, मेडिकल किट एंव अन्य उपकरणों के साथ अपने-अपने चिन्हित स्थल पर प्रतिनियुक्त रहेंगे। इसके अतिरिक्त श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए एनडीआरएफ के चिकित्सक, पैरामेडिकल टीम, नर्सिंग अस्टिंट को भी तैनात किया जाएगा।

# आज आयोजित होगा युवा कौशल दिवसः जिलाधिकारी

**दैनिक समाज जागरण**

छपरा (सारण)। जिलाधिकारी राजेश मीणा के द्वारा बताया गया कि श्रम संसाधन विभाग, बिहार से प्राप्त सूचना के अनुसार अवर प्रादेशिक नियोजनालय, छपरा के तत्वाधान में दिनांक 15 जुलाई को युवा कौशल दिवस 2022 का आयोजन किया गया है।

जिलाधिकारी के द्वारा बताया गया कि इस आयोजन के तत्वाधान में निर्धारित 15 जुलाई 2022 को प्रातः 07.00 बजे से प्रातः 08.00 बजे तक सारण समाहरणालय परिसर से राजेन्द्र स्टेडियम, छपरा तक प्रभात फेरी निकाली जाएगी। जिसमें बड़ी संख्या में बच्चे भाग लेंगे। इसके सफल आयोजन हेतु पुलिस अधीक्षक, सारण निर्धारित मार्ग पर प्रभात फेरी के दौरान सुरक्षा की समुचित व्यवस्था करेंगे। अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, सदर थानाध्यक्ष, यातायात थाना को निदेश दिया गया है कि प्रभात फेरी के मार्ग पर बड़े भारी वाहनों का परिचालन नियंत्रित करना सुनिश्चित करेंगे। नगर आयुक्त, छपरा नगर निगम को पूरे मार्ग और राजेन्द्र स्टेडियम, छपरा की सफाई एक दिन पूर्व करवाना



सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

गर्मी के मौसम एवं बच्चों के स्वास्थ्य के मददेनजर असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, सारण आवश्यक दवाओं और चिकित्सक, पास मेडिकल स्टॉफ और एम्बुलेन्स के साथ एक मेडिकल टीम की प्रतिनियुक्ति पूरे कार्यक्रम के दौरान करने का निर्देश दिया गया है।

इस आयोजन के प्रचार-प्रसार हेतु प्राचार्य, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, मढौरा को आदेश दिया गया है कि वे सभी समुचित व्यवस्था करना सुनिश्चित करेंगे। इस पूरे आयोजन के दौरान विधि व्यवस्था के सम्पूर्ण प्रभार में अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर और अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, सदर रहेंगे जो आवश्यकतानुसार उपयुक्त स्थानों पर दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी और बल की प्रतिनियुक्ति करना सुनिश्चित करेंगे।

# विशाल भंडारे व शिव चर्चा के साथ महिला अष्टयाम सम्पन्न

**दैनिक समाज जागरण**

मांझी (सारण)। मांझी के धनी छपरा गांव के समीप स्थित राम जानकी मंदिर परिसर में तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान सह महिला अष्टयाम हर्षोउल्लास के साथ संपन्न हो गया। समाजसेवी स्व भिखारी सिंह द्वारा बीस वर्षों पूर्व गुरु पूर्णिमा के अवसर पर शुरू किए गए इस अनूठे शिव नाम संकीर्तन सह महिला अष्टयाम में सारण जिले के अलावा बलिया यूपी से भी बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। मंगलवार को निकाली गई भव्य कलश यात्रा से प्रारम्भ यह अनोखा अनुष्ठान गुरुवार को विशाल भंडारा तथा महिलाओं द्वारा प्रस्तुत शिव चर्चा के साथ सम्पन्न हो गया। सुनीता देवी ,मोती देवी, प्रभावती देवी, सुनैना देवी तथा फुलझड़ी देवी ने संगीतमय शिव चर्चा से श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। इससे पहले नाचती गाती सैकड़ों शिव भक्त महिलाओं ने शिव नाम संकीर्तन तथा आरती से आसपास के वातावरण को शिवमय बना दिया। अनुष्ठान के



संचालक व स्व भिखारी सिंह के अनुज रामजीत सिंह ने बताया कि उनके अग्रज ने अपनी मृत्यु से पूर्व अनुष्ठान को जारी रखने का आग्रह किया था। उनके शुभचिंतकों के सतत सहयोग से यह अनुष्ठान आगे के वर्षों में भी जारी रहेगा। इससे उनकी आत्मा को शांति भी मिलेगी तथा गांव के आसपास का वातावरण भी शुद्ध होगा। उन्होंने बताया कि अनुष्ठान की खासियत यह है कि इसकी समस्त रस्मों में सिर्फ महिलाएं ही शामिल होती हैं। भंडारा में अनेक साधु संत भी सम्मिलित हुए।

# श्री साई नाथ आश्रम मुबारकपुर में दो दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान आयोजित

**दैनिक समाज जागरण**

मांझी (सारण)। हर साल की तरह इस बार भी मांझी के मुबारकपुर गोला स्थित श्री साईं नाथ आश्रम में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर दो दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया। जिसका विधिवत समापन गुरुवार को हवन-पूजन व विशाल भंडारा के साथ संपन्न हो गया। अनुष्ठान में सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुओं ने साई बाबा की प्रतिमा को दूध,दही व शहद से स्नान करवाया और साई बाबा का महा अभिषेक कर पूजा-अर्चना की। दैनिक अनुष्ठान के बाद छोटी आरती के साथ श्री साई नाथ को महा प्रसाद का भोग लगाया गया। तत्पश्चात श्रद्धालु भक्तों के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया।

साई आश्रम के संस्थापक गोपाल जी तिवारी ने बताया की हर साल गुरु पूर्णिमा के अवसर पर उक्त आश्रम पर धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया जाता है जिसमे बड़ी संख्या मे बाबा के दर्शन के लिए श्रद्धालु भक्त आते है और पूजा-अर्चना में श्रद्धा से समल्लित होते है। उन्होंने कहा कि श्री साई बाबा की महिमा वर्षों से हमारी संस्कृति में रची बसी है। यहीं कारण है कि हजारों साल की परंपरा आज भी जीवित है। इसी



परंपरा को जीवंत रखने के लिए गुरु पूर्णिमा के अवसर पर बड़े ही भक्ति भाव से गांव तथा आसपास के श्रद्धालु भी बड़े ही उत्सुकता के साथ शामिल होते है। साई भक्तों ने खूबसूरत अंदाज में पूरी तनमन्यता के साथ आश्रम में भजन कीर्तन किया व रात भर झूमते रहे। इस दौरान हवन- पूजन के साथ ओम साई राम का जाप चलता रहा। इस दौरान आश्रम के संस्थापक द्वारा सेवानिवृत्त शिक्षक राजगृही सिंह सहित अन्य साई भक्तों को अंग वस्त्र आदि देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सरपंच कपिलदेव दुबे, उमाशंकर तिवारी, परमेश्वर तिवारी, मदन तिवारी, काशीनाथ सिंह, राकेश कुमार सिंह, ब्रजेश सिंह तथा अम्बिका प्रसाद यादव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

# पोषाहार राशि वितरण धांधली को लेकर उत्क्रमित मध्य विद्यालय बाघमारी में नहीं सुलझ रहा समस्या तारीख पे तारीख

## गुरुवार को सौ से अधिक संख्या में अभिभावक पहुंचे थे विद्यालय में अभिभावकों ने लगाया है शिक्षक पर बच्चे का पैसा डकारने करने का आरोप

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता /अनिल कुमार**

मोहनपुरः प्रखंड के उत्कर्मित मध्य विद्यालय बाघमारी किता खरवा में पोषाहार राशि वितरण धांधली को लेकर गुरुवार को भी विद्यालय परिसर में अभिभावक ने शिक्षक से पोषाहार राशि वितरण को लेकर पूरा जानकारी जुटाने की कोशिश की गई। आखिर कुछ बच्चे को कम पोषाहार राशि वितरण देकर घर भेज दिया था जिसके बाद अभिभावकों ने इस बात को लेकर अड़े हुए हैं कि इस विद्यालय में कितनी धांधली क्यों? वही इस बात की जानकारी मिलते ही पंचायत के मुखिया व उप मुखिया वार्ड सदस्य भी पहुंच गए।

जानकारी के अनुसार 4 दिन पूर्व विद्यालय में पोषाहार राशि वितरण किया गया था । जिसमें विद्यालय के प्रधानाध्यापक पर पोषाहार राशि वितरण में व्यापक गड़बड़ी करने का आरोप लगाया है। लोगों का आरोप



था सरकार के निदेर्शानुसार के बाद भी छात्र छात्राओं को कम राशि देकर विद्यालय के प्रधानाध्यापक धांधली की जा रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि न केवल इस बार बल्कि हर वर्ष विद्यालय में चाहे माध्यम भोजन हो या पोषाहार राशि वितरण इसी तरह की धांधली की जाती है। इसकी शिकायत के बाद भी विभागीय स्तर की तरफ से कोई कार्रवाई नहीं की गई। यही वजह है कि इन दिनों विद्यालय में प्रधानाध्यापक बच्चों का पोषाहार राशि पर कुंडली मारकर बैठे हैं।

# तम्बाकु मुक्त मेला क्षेत्र बनाने में सभी का सहयोग आपेक्षितः- उपायुक्त....

## मेला क्षेत्र में तम्बाकु व धुम्रपान के दुष्परिणामों से सभी को करायें अवगतः- उपायुक्त....

**दैनिक समाज जागरण देवघर/संवाददाता**

उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी मंजुनाथ भजंत्री के निदेर्शानुसार राजकीय श्रावणी मेला, 2022 के दौरान मेला क्षेत्र को तम्बाकु मुक्त मेला क्षेत्र बनाने की पहल की गयी है। ऐसे में COTPA, 2003 की धारा -4 के अन्तर्गत सार्वजनिक स्थल पर धूम्रपान करना प्रतिबंधित है। साथ ही श्रावणी मेला क्षेत्र, सार्वजनिक स्थल की परिभाषा के दायरे में आऐंगे इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को कड़े शब्दों में निदेशित किया है कि अपने स्तर से श्रावणी मेला के दौरान तम्बाकू के दुष्परिणामों के प्रति आमजनमानस व श्रद्धालुओं में जागरूकता लाने के उदेश्य से कार्य करने की बात कही है।

ज्ञात हो कि तम्बाकू इस्तेमाल से भारत में वर्ष 13 लाख लोगों से अधिक की मौत होती है। झारखण्ड में 50.1 प्रतिशत वयस्क आबादी किसी ना किसी रूप में तम्बाकू का इस्तेमाल करती हैं, जो कि राष्ट्रीय औसत 35 प्रतिशत से काफी अधिक है एवं गंभीर चिन्ता का विषय है। साथ हीं तम्बाकू के दुष्परिणामों के प्रति लोगों में जागरूकता का अभाव



देखा गया है। ऐसे में आम जनमानस में तम्बाकू के दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता लाए जाने एवं सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पाद ( विज्ञापन का प्रतिषेध और व्यापार तथा वाणिज्य उत्पादन प्रदाय और वितरण का विनियमन ) अधिनियम, 2003 (COTPA, 2003) के प्रभावकारी अनुपालन हेतु सरकार कृत संकल्पित है। इसके अलावे उपायुक्त ने श्रावणी मेला को धूम्रपान मुक्त क्षेत्र घोषित किए जाने एवँ उडळढअ, 2003 का अनुपालन सुनिश्चित किये जाने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया है। साथ हीं श्रावणी मेला मंदिर परिसर आदि सभी प्रमुख स्थलों में गैर धूम्रपान क्षेत्र के बोर्ड का व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के अलावा Anti Tobacco Hoardings एवं Posters का व्यापक रूप से प्रर्दशन कर लोगों में तम्बाकू के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने का निदेश दिया गया है।

# मुखिया संघ ने तरैया को सूखाग्रस्त क्षेत्र घोषित करने की मांग की

**दैनिक समाज जागरण**

तरैया (सारण)। प्रखंड के चैनपुर पंचायत के मुखिया जयश्री देवी के आवास पर गुरुवार को तरैया मुखिया संघ की एक बैठक हुई। अध्यक्षता मुखिया संघ के अध्यक्ष सह भागवतपुर पंचायत के मुखिया मुकेश कुमार यादव ने किया। बैठक में चर्चा हुई की क्षेत्र के किसानों के धान के बिचड़े सुख रहे हैं। बारिस नहीं होने से धान की खेती समय से नहीं हो रही है। सामान्य से भी बहुत कम बारिस हुई है जिस कारण सब्जी का फसल सूख कर बर्बाद हो गया। इस परिस्थिति को देखते हुए बैठक में तरैया प्रखंड को सूखाग्रस्त क्षेत्र घोषित करने की मांग की गई। मुखिया संघ ने जिलाधिकारी सारण से तरैया प्रखंड को सूखाग्रस्त क्षेत्र घोषित कर किसानों को मुआवजे देने की मांग किया है। बैठक में चंचलिया मुखिया नंदकिशोर साह पर हुए हमले की निंदा की तथा अब तक प्राथमिकी



दर्ज नहीं किये जाने पर पुलिस प्रशासन के रवैये के खिलाफ सारण एसपी से मिलने की बात कही गई। बैठक में मुखिया प्रतिनिधि बीर बहादुर राय, अनिल कुमार यादव, शैलेन्द्र राम, हरेन्द्र सहनी, मुखिया सुशील सिंह, नंदकिशोर साह, ओमप्रकाश राम, अमित कुमार सिंह समेत अन्य मुखिया व प्रतिनिधि शामिल थे।

# फूड प्वाइजनिंग के शिकार 8 लोगों का रेफरल अस्पताल तरैया में हुआ इलाज, पांच छपरा रेफर

## पानापुर के सलेमपुर में विषायुक्त मिष्ठान खाने से 60 से 70 लोग है बीमार

**दैनिक समाज जागरण छपरा/तरैया (सारण)।**

जिले के पानापुर थाना क्षेत्र के बसहियां पंचायत के सलेमपुर गांव में गत रात्रि एक बर्थडे पार्टी के दौरान केक व मिठाई खाने के बाद पार्टी में शामिल लगभग 60 से 70 लोग बीमार पड़ गए। सभी लोगों की तबीयत एकाएक कर बिगड़ने लगी और लूज-मोशन व दस्त की शिकायत होने लगी। सूचना मिलते ही पीएससी पानापुर के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी कुमार गौरव रात्रि में ही उक्त गांव में पहुंच गए और मेडिकल टीम गठित कर स्थिति को नियंत्रण करने के लिए उपचार शुरू कर दिए। इसी बीच गुरुवार की दोपहर में अचानक कुछ लोगों की स्थिति नियंत्रण से बाहर होने लगी। जिसके बाद उनलोगों इलाज के लिए रेफरल अस्पताल तरैया में रेफर कर दिया गया। जिसमें मुन्ना सिंह के पुत्री कोमल कुमारी, काजल कुमारी, शशि भूषण सिंह के की पत्नी उषा देवी, पुत्री शालू कुमारी, निशा कुमारी, गौतम चौबे की पुत्री आरती कुमारी, मीनू कुमारी, मुन्ना चौबे की पत्नी सुमन देवी तथा योगेंद्र चौबे की पत्नी बबूनती देवी का उपचार रेफरल अस्पताल तरैया में चल रहा था। जहां स्थिति में सुधार न होता देख कोमल कुमारी, काजल कुमारी, शालू कुमारी, निशा कुमारी, तथा उषा देवी को गंभीर स्थिति में चिकित्सकों ने छपरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उनलोगों का इलाज चल रहा है। इलाज के दौरान परिजनों ने बताया कि गत सोमवार की रात्रि सलेमपुर गांव निवासी गुंजन सिंह के 7 वर्षीय पुत्र अयांश कुमार का बर्थडे पार्टी था उसी दौरान गांव के अधिकतर लोग उस पार्टी में शामिल हुए। पार्टी में सभी ने केक व मिठाई खाया, जिसके बाद अगले दिन से लोगों की तबीयत बिगड़ने लगी। पेट-दर्द लूज-मोशन व दस्त की शिकायत पर लोग नजदीकी चिकित्सक के यहां अपना इलाज कराने लगे। धीरे-धीरे आंकड़ा बढ़ता गया और लगभग 60 से 70 लोग इसके चपेट में आ गए। जिसके बाद मेडिकल टीम पहुचकर सभी का इलाज कर रही है। इलाज करा रहे लोगों ने बताया कि उक्त विषायुक्त मिष्ठान तरैया बाजार से खरीद कर ले गये थे।



जिसको खाने के बाद सब लोगों की तबीयत बिगड़ी हुई है। वहीं सूचना मिलते ही फूड कॉरपोरेशन विभाग के खाद्य संरक्षण अधिकारी सह अधिकृत अधिकारी सारण प्रमंडल नारायण राम ने तरैया पहुंचकर बाजार के कई मिष्ठान दुकानों व केक हाउस की जांच की तथा दुकानों में मौजूद मिष्ठान व अन्य फूड सामानों की सैंपल कलेक्ट कर जांच के लिए अपने साथ ले गए। वहीं समाचार प्रेषण तक लगभग फूड प्वाइजनिंग के शिकार सभी लोगों की इलाज चल रहा है।

## इंस्पायर अवार्ड को ले बीके साहू इंटर विद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित राज्य प्रदर्शनी में भेजे जाएंगे सर्वश्रेष्ठ पांच मॉडल

समाज जागरण

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-वारिसलीगंज स्थित बीके साहू इंटर विद्यालय में गुरुवार को इंस्पायर अवार्ड में सम्मिलित होने को ले विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों के बीच विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित कराई गई।

विद्यालय शिक्षिका सीमा कुमारी, अनामिका जोशी, फोबिया फराह, पूनम कुमारी आदि के नेतृत्व में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों द्वारा एक से बढ़कर एक करीब दो से अधिक दर्जन विज्ञान और समसामयिक विषयों पर आधारित मॉडल बनाया गया। जिसमें ज्वालामुखी का उद्गम स्थल, दूरबीन ,बिजली की समस्या को लेकर सौर ऊर्जा ,पवन ऊर्जा का मॉडल बनाया गया था। विद्यार्थियों के द्वारा रेल फाटक पर हो रहे दुर्घटना को देखते हुए सेंसर बनाया गया था। जो ट्रेन के नजदीक आते ही फाटक बंद नहीं रहने पर आवाज कर चालक को सूचित कर देता है। उसी प्रकार विद्यार्थियों द्वारा एयर एंबुलेंस, मानव शरीर के प्रमुख अंग किडनी, लीवर आदि को शुद्ध रखने के लिए मॉडल सहित उद्योगों से निकलने वाला दूषित जल, दूषित हवा को शुद्ध करने के लिए विज्ञान आधारित मॉडल विद्यार्थियों द्वारा बनाया गया। विद्यालय प्रभारी जसपाल गौतम ने बताया कि प्रदर्शनी में सम्मिलित विज्ञान पर आधारित प्रदर्शनी में पांच सर्वश्रेष्ठ मॉडल का चयन कर राज्य में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता के लिए भेजा जाएगा। राज्य स्तर पर चयनित होने के बाद प्रति मॉडल सरकार द्वारा 10 हजार पुरस्कार स्वरूप दिया जाता है। मौके पर डॉ विक्रम आनंद,अभिषेक कुमार,जवाहर प्रसाद, प्रह्लाद शर्मा ,वेद व्यास, प्रकाश, श्वेता सिंह, स्वीटी कुमारी, अरविंद कुमार एवं सुधीर कुमार आदि उपस्थित थे।



## निजी संसाधनों के भरोसे धान रोपनी में जुटे क्षेत्र के किसान

समाज जागरण

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-आषाढ़ माह में पर्याप्त पानी होने के बाद क्षेत्र के खेतों में धान रोपनी शुरू हो जाती थी। लेकिन इस बार आषाढ़ माह की समाप्ति बाद भी मानसून की तगड़ी वर्षा नहीं होने से क्षेत्र के किसान को धान रोपनी तो दूर, अपने बिचड़ा बचाने की जद्दोजहद करनी पड़ रही है। वर्षा नहीं होने से परेशान किसान अपने निजी संसाधनों से धान रोपनी शुरू किया हैं।

वारिसलीगंज क्षेत्र में रोहन नक्षत्र में सबसे अधिक धान का बिचड़ा गिराया जाता था। लेकिन लगातार हो रही सुखाड़ के कारण बिचड़ा गिराने के समय में किसानों द्वारा परिवर्तन किया गया है। अब किसान रोहन और मध्य मृगशिरा तक बिचड़ा गिराने का कार्य करते है। रोहन नक्षत्र में गिराए गए धान का बिचड़ा खेतों में लगाने के लिए पूरी तरह तैयार हो चुका है। कृषि वैज्ञानिकों द्वारा जुलाई मध्य के बाद मानसून की अच्छी बारिश होने को लेकर भविष्यवाणी की जा रही है।



हालांकि वर्तमान समय में मानसून का रुख देखते हुए क्षेत्रवासी सुखाड़ की आशंका से भयभीत है। बावजूद वैसे किसान जिनका बिचड़ा पूरी तरह तैयार हो चुका है। विकट परिस्थिति में अपने कुछ भूभाग में जहां बिजली पंपसेट की सुविधा उपलब्ध है। धान रोपनी शुरू कर दिए हैं। सुखाड़ की आशंका से डरे किसानों को महंगी हो चुकी डीजल और बिजली की आंख मिचौनी से परेशानी हो रही है। प्रखंड क्षेत्र के मंजौर निवासी चंदन कुमार जो सावन के प्रथम दिन पंपसेट के सहारे धान रोपनी का कार्य शुरू कर दिए हैं। बताते हैं कि बिजली अगर सही मिलती रहे तो धान रोपनी में परेशानी कम होगी।

## रेल राज्य मंत्री वारिसलीगंज में आज

समाज जागरण

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारी को लेकर भाजपा नेताओं द्वारा पार्टी को मजबूती प्रदान करने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत गुरुवार को दिन के 10 बजे केंद्रीय रेल राज्य मंत्री राव साहेब पाटील दानवे वारिसलीगंज बाईपास स्थित जेपीएस आईटीआई प्रांगण में कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। इस आशय की जानकारी देते हुए भाजयुमो के जिला प्रवक्ता चंदन कुमार ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव सहित आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करने को ले रेल राज्य मंत्री सहित स्थानीय विधायक अरुणा देवी, हसुआ विधायक अनिल सिंह, नवादा जिला भाजपा अध्यक्ष संजय कुमार मुन्ना सहित जिला व प्रखंड के सभी नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।

## साइबर मामले में नारोमुरार का युवक गिरफ्तार, साथ ले गई मुंबई पुलिस

समाज जागरण

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-मुंबई पुलिस ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से थाना क्षेत्र के नारोमुरार ग्रामीण राकेश सिंह के पुत्र राहुल कुमार को साइबर मामले के तहत गिरफ्तार कर गुरुवार को अपने साथ ले गई है। स्थानीय थाना में मुंबई साइबर पुलिस स्टेशन के इंस्पेक्टर सचिन माने ने बताया कि संबंधित थाने में साइबर मामले के तहत मामला दर्ज था। जिसको लेकर गिरफ्तार किया गया है।

## भंडारी गांव से पुलिस ने तीन पियक्कड़ को किया गिरफ्तार

कौआकोल(नवादा) कौआकोल पुलिस ने भंडारी गांव के तीन पियक्कड़ को गिरफ्तार कर गुरुवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। कौआकोल पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार की शाम भंडारी गांव निवासी मोहम्मद इस्तेखार,मोहम्मद मोकिम एवं मोहम्मद शाकिर हसन को शराब के नशे में रहने के आरोप में गिरफ्तार कर गुरुवार को न्यायिक हिरासत में नवादा भेज दिया गया।

## मारपीट के आरोप में दो व्यक्ति पर प्राथमिकी दर्ज

सिरदला नवादा :-थाना क्षेत्र के अब्दुल पंचायत के हीरा कुरहा गांव की एक महिला शारदा देवी ने सिरदला थाना में अपने ही गांव के शंभु चौधरी और रामविलास चौधरी पर गाली गलौज,मारपीट,छेड़छाड़ और छिनतई आदि के आरोप में प्राथमिकी दर्ज करवाया है। जहां पीड़ित महिला ने बताया की उक्त आरोपियों के धान का बिचड़ा कर खेत मे जानवर चल जाने की विवाद पर मारपीट की घटना की गयी है। थानाध्यक्ष आशिष कुमार मिश्रा ने बताया कि पीड़ित महिला के शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है।

## अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त,मामला दर्ज।

नारदीगंज,नवादाः-थाना क्षेत्र के कहुआरा गांव के समीप गुरुवार को सुबह में एक अवैध रूप से बालू लदे ट्रैक्टर को पुलिस ने जब्त किया है। साथ ही वाहन चालक को भी गिरफ्तार किया गया है। यह जानकारी थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने दिया। उन्होंने बताया इस मौके पर पुलिस ने मुफ्फसिल थाना के नया बेलदारी निवासी चालक शिवनंदन चौहान को गिरफ्तार किया गया है। उसके बाद खनन विभाग के अधिकारी अमित कुमार के लिखित आवेदन पर 211/22 कांड संख्या दर्ज किया गया है।

## घर मे घुस कर मारपीट के आरोप में पांच पर प्राथमिकी दर्ज

सिरदला नवादा :-थाना क्षेत्र के सांढ़ पंचायत के पचम्बा गांव निवासी राजेन्द्र चौहान ने सिरदला थाना में अपने ही गांव के सकलदेव चौहान,सुखदेव चौहान,चुन्नू चौहान,ईश्वरी चौहान और अर्जुन चौहान पर गाली गलौज और मारपीट करने आदि के आरोप में प्राथमिकी दर्ज करवाया है। जहां पीड़ित ने बताया कि उक्त सभी आरोपी शराब के नशे में धुत्त होकर घर मे घुस कर गाली गलौज करते हुए उसके पुत्र पर बारात में गए लोगो का रुपया चुराने के आरोप लगा कर मारने लगा। जिसका विरोध करने पर लाठी डंडे से पूरे परिवार को मारपीट कर जख्मी कर दिया। पड़ोसियों द्वारा बीच बचाव करने के बाद सिरदला पीएचसी में इलाज के बाद सिरदला थाना में शिकायत दर्ज करवाया हूं। थानाध्यक्ष आशिष कुमार मिश्रा ने बताया कि पीड़ित के शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है

## कोरोना टीकाकरण महाअभियान में 700 लोगों का लगा टीका।

नारदीगंज,नवादाः-कोरोना टीकाकरण महाअभियान के तहत गुरुवार को टीकाकरण किया गया। इस मौके पर नारदीगंज प्रखंड के 20 स्थानों पर कोरोना वैक्सीन का टीकाकरण हुआ। साथ ही सर्तकता डोज भी दिया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा अखिलेश प्रसाद, हेल्थ मैनेजर राहुल कुमार समेत अन्य ने ओड़ो,हंडिया,नारदीगंज पंचायत में चल रहे कोरोना टीकाकरण का जायजा लिया और अधिक से अधिक लोगों को टीकाकरण में भाग लेने की अपील की। हेल्थ मैनेजर ने कहा इस महाअभियान में 700 लोगों का टीकाकरण हुआ है।

## प्राथमिकी के 6 महीना बाद भी वजीरगंज पुलिस अपराधी को नही कर रही गिरफ्तार

वजीरगंज (,गया )वजीरगंज प्रखंड के महुएत गाँव की असहाय महिला 30 वर्षीय सरिता देवी को मारपीट कर घायल करने के मामले में 6 माह पूर्व की गई प्राथमिकी के बावजूद अभी तक वजीरगंज पुलिंदा नामजद अभियुक्त की गिरफ्तारी करने में नाकामयाब हैं।



महुएत गाँव निवासी युवा समाजसेवी सह आंबेडकर पब्लिक वेलफेयर ट्रस्ट के निदेशक पिंटू कुमार ने बताया कि विपक्षी पार्टी द्वारा बार बार केस उठाने की धमकी दी जा रही हैं। उन्होने वजीरगंज पुलिस पर आरोप लगाते हुए बताया कि वजीरगंज थाना कांड संख्या 19/2022 के नामजद अभियुक्त प्रमोद पाल सहित चार अन्य अपराधी वजीरगंज पुलिस के संरक्षण में हैं और इधर लाचार बेसहारा महिला को हमेशा तंग करता रहा हैं और अभी कर कर रहा हैं।

इसी मामले को लेकर सरिता देवी गया एसएसपी के पास जा रही हैं

## अवैध बालू लदा दो ट्रक एवं एक ट्रैक्टर जब्त, प्राथमिकी दर्ज

समाज जागरण

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-वारिसलीगंज पुलिस ने बुधवार को दोपहर बाद थाना क्षेत्र के कोचगांव पंचायत की कोचगांव गांव के बगीचे से अवैध बालू लदा दो ट्रकों को जब्त कर थाना लाई। छापेमारी के नेतृत्व अमित कुमार जिला खान निरीक्षक नवादा तथा राजीवकान्त शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। दूसरी ओर नगर के चांदनी चौक के पास से अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर को बालू परिवहन करते देखा गया। पुलिस को देखते ही ट्रैक्टर चालक भागने में सफल हो गया। जबकि पुलिस ट्रैक्टर को जब्त कर थाना लाई। बाद में खान निरीक्षक श्री कुमार के आवेदन पर जब्त ट्रको एवं ट्रैक्टर के मालिक व चालक के विरुद्ध अवैध खनन अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज किया गया है। बताया गया कि पुलिस को देख ट्रक एवं ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़ भाग निकला। फलत सड़क पर खड़ी अवैध बालू लदा ट्रक एवं ट्रैक्टर को जब्त कर लिया गया। वारिसलीगंज पुलिस इन दिनों बालू के अवैध कारोबार के विरुद्ध काफी शख्त नजर आ रही है। प्रति दिन क्षेत्र के कही न कही से अवैध खनन करते कोई न कोई वाहन को जब्त करने का कार्य कर रही है।

## मारपीट के आरोपी को भेजा गया जेल

समाज जागरण सूर्यगढ़ा

स्थानीय पुलिस ने थाना क्षेत्र अंतर्गत एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है तथा इस संदर्भ में मिली प्राप्त जानकारी के अनुसार सूर्यगढ़ा थाना कांड संख्या 199/22 मामले में फरार चल रहे अभियुक्त को सूर्यगढ़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत निस्ता गांव से गिरफ्तार किया गया तथा गिरफ्तार किया गया अभियुक्त ललन यादव अवध यादव है जो कि मारपीट मामले में फरार चल रहे थे जिसे गिरफ्तार कर लखीसराय जेल भेजा गया

## कुटरी की बहु, झौर की बेटी तथा ठेरा मुखिया का भाई दारोगा पद पर चयनित हो गांव को किया गौरवान्विते

समाज जागरण

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-अर्जुन की तरह लक्ष्य को निशाना कर जब कोई व्यक्ति परिश्रम करता है तो फिर सफलता उसकी कदम चूमती है। कुछ इस प्रकार का ही परिणाम लेकर दिखाया है वारिसलीगंज के विभिन्न गांवो की बहू, बेटी एवं बेटे ने। वारिसलीगंज प्रखण्ड के कुटरी ग्रामीण सह ग्रामीण चिकित्सक अशोक कुमार शर्मा तथा शिक्षिको अनुपमा देवी की पुत्र वधु सह अमित कुमार की पत्नी खुशबू कुमारी ने पहले ही प्रयास मे दारोगा के लिए सफलता प्राप्त कर परिवार गांव समेत क्षेत्र का नाम रोशन किया है। जबकि प्रखंड ठेरा ग्रामीण सुरेंद्र सिंह का पुत्र एवं प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष सह ठेरा मुखिया गौतम कुमार का भाई गणेश शंकर ने दारोगा परीक्षा में सफल होकर क्षेत्र को गौरान्वित किया है। वही



झौर ग्रामीण अखिलेश्वर प्रसाद की पुत्री प्रीति कुमारी सिन्हा ने दारोगा परीक्षा में सफलता प्राप्त कर गांव परिवार का नाम रौशन किया है। दूसरी ओर नप के माली चक ग्रामीण ब्रजेश कुमार का पुत्र शुभम कुमार ने दारोगा परीक्षा में सफलता अर्जित कर गांव को गौरव प्रदान किया है। जबकि अपसढ़ पंचायत की जमुआवां ग्रामीण कृषक ललन सिंह का पुत्र मनीष कुमार ने भी बिहार सब इंस्पेक्टर परीक्षा में बाजी मारी है। क्षेत्र के बुद्धिजीवियों एवं शिक्षा प्रेमियों ने दारोगा पद पर चयनित सभी सफल युवक युवतियों को बधाई एवं शुभकामना दिया है।

## 15 किलो विस्फोटक बरामद नक्सली फरार

समाज जागरण लखीसराय ब्यूरो
आत्मानंद सिंह

जिला मुख्यालय स्थित लखीसराय एसपी अभियान मोतीलाल के कार्यालय परिसर में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया उक्त प्रेसवार्ता में लखीसराय जिले के सभी मीडिया गण शामिल हुए तथा उपस्थित पत्रकारों को संबोधित करते हुए लखीसराय एसपी अभियान मोतीलाल ने जानकारी देते हुए बताया गया कि लखीसराय पुलिस अधीक्षक पंकज कुमार एवं एसडीएम को सूचना मिली थी नक्सल प्रभावित क्षेत्र में नक्सलियों का एक दस्ता जिसमें माओवादी जोनल कमांडर प्रवेश दा एवं उनके सहयोगी नारायणगुड़ा अरविंद यादव एवं सुरेश कोड़ा सहित भाकपा माओवादी किसी बड़े घटना के अंजाम देने की फिराक में है तथा लखीसराय पुलिस अधीक्षक पंकज कुमार के द्वारा नक्सलियों की सुनिश्चित गिरफ्तारी हेतु लखीसराय



एसपी अभियान मोतीलाल को निर्देश दिया गया तथा दिए गए निर्देश के आलोक में लखीसराय अपर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया तथा विशेष पुलिस बल के द्वारा नक्सलियों की धरपकड़ एवं छापेमारी को लेकर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में छापेमारी अभियान चलाया गया छापेमारी के दौरान कजरा थाना क्षेत्र के नक्सल प्रभावित क्षेत्र बरमसिया से तकरीबन 3 किलोमीटर दूर कुरवा पहाड़ी पर छापेमारी के दौरान लखीसराय एसपी अभियान एसटीएफ एवं विशेष टीम के द्वारा पहाड़ी क्षेत्रों पर आता देख सभी नक्सली मौके से फरार हो गए जहां पुलिस को 15 किलो विस्फोटक पदार्थ नक्सली झंडा, प्रिंटर मशीन, केबल तार, प्रिंटर कार्टेज, स्टेबलाइजर ,कीबोर्ड ,नक्सली साहित्य, मैन पैक, वायरलेस सेट, एंटीना, ड्रिल मशीन, एवं कलर इंकमेट पेपर, बरामद किया गया लगातार तथा पुलिस के द्वारा छापेमारी अभियान में अभियान दल 03, जमालपुर मुंगेर, अभियान दल,06 घटवारी मुंगेर, ए आर जी मुंगेर, अभियान दल 10 पीरी बाजार लखीसराय एवं जिला प्रशासन लखीसराय शामिल रहे प्रेस वार्ता के दौरान लखीसराय जिले के नक्सल प्रभावित कजरा थाना के थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिन्हा भी मौजूद रहे उनकी भी भूमिका काफी अहम मानी जा रही है

## 61 बोतल विदेशी शराब के साथ दो व्यक्ति गिरफ्तार

समाज जागरण लखीसराय

लखीसराय जिले के क्यूल रेलवे स्टेशन पर क्यूल जीआरपी पुलिस ने 13029 अप हावड़ा मोकामा एक्सप्रेस के गार्ड बोगी के दो बोगी आगे जनरल बोगी से 2 लोगों को क्यूल जीआरपी पुलिस ने विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है तथा क्यूल जीआरपी पुलिस के द्वारा गिरफ्तार किए गए लोगों में रोशन कुमार के सरकारी लाल यादव मुंगेर जिले के सिंघिया गांव का रहने वाले बताया जा रहा है जिसके पास से 750' ऑफिसर चॉइस का 20 बोतल और 375' का 5 बोतल एवं जतन यादव जमुई जिले के रहने वाले युवक से 750' का सिग्नेचर 6 बोतल विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार कर अग्रेतर कार्यवाही की जा रही है



## राजद एमएलसी ने श्रावणी मेला की फीता काटकर की शुरूआत

समाज जागरण लखीसराय

जिले के अमरपुर पंचायत किस सिंगारपुर गांव स्थित रामेश्वर धाम में श्रावणी महोत्सव का उद्घाटन लखीसराय मुंगेर शेखपुरा जमुई राजद के एमएलसी अजय कुमार ने श्रावणी मेला की शुरूआत फीता काटकर की गई स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा श्रावणी मेला के आयोजन को लेकर काफी भव्य सजावट की गई थी उक्त मौके पर सूर्यगढ़ा विधानसभा क्षेत्र से लोजपा प्रत्याशी रहे रविशंकर सिंह अशोक के अलावे काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण जनप्रतिनिधि मौजूद रहे तथा इस दौरान राजद एमएलसी अजय कुमार को पुरोहित के द्वारा पूरे विधि-विधान से भगवान भोले शंकर की पूजन कराया गया उक्त मौके पर स्थानीय ग्रामीण स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे

## पकरीवरमा में दो सगी बहनों ने किया धमाल एक साथ बनी दरोगा।

समाज जागरण
नवादा ब्यूरो (धर्म जीत सिन्हा)

पकरीवरामां :कहते हैं जब हौसले बुलंद हो तो हर बड़ी से बड़ी मंजिल को भी आसानी से पाया जा सकता है। रास्ते में आने वाले हर बाधाओं को पार कर लेते हैं। कुछ ऐसा ही चरितार्थ किया है पकरीबरावां की दो सगी बहनों ने। दोनों ने बिहार दरोगा भर्ती की परीक्षा एक साथ पास कर यह साबित कर दी कि सच्ची लगन एवं मेहनत के बूते किसी भी मुकाम को हासिल किया जा सकता है।

मध्यम वर्गीय परिवार में जन्मी पूजा एवं प्रिया ने शुरू से ही बिहार पुलिस में सब इंस्पेक्टर बनने का सपना संजोए थी। उसे अपनी मेहनत के बूते पूरी कर ली। गुरुवार को मेरिट लिस्ट का प्रकाशन होते ही पूरे परिवार में खुशियों की लहर दौड़ पड़ी।

पकरीबरावां बाजार निवासी गृहणी रेखा देवी एवं व्यवसायी मदन साव की दोनो बेटियां पूजा कुमारी एवं



प्रिया कुमारी ने सब इंस्पेक्टर बनकर अपने माता- पिता के साथ ही पूरे परिवार का नाम रोशन की है।

पूजा ने जहां पहले प्रयास में ही परीक्षा पास की, वहीं प्रिया को दूसरी प्रयास में यह सफलता मिली। पूजा एवं प्रिया की प्रारंभिक पढ़ाई पकरीबरावां से ही हुई।

पूजा ने जहां दशवीं की बोर्ड परीक्षा इंटर विद्यालय पकरीबरावां से पास की, वहीं प्रिया नवादा के प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय से बोर्ड परीक्षा पास की। तत्पश्चात दोनों बहने कृषक महाविद्यालय धेवधा से बारहवीं के बाद स्नातक पास की। फिर दोनों बहनों ने पीछे मुड़कर नहीं देखा और अपने सपनों को साकार करने में जुट गई। गरीबी के बावजूद पिता ने बेटियों को कभी किसी प्रकार की कमी होने नहीं दी। पिता की इच्छा थी कि बेटियां अपने पैरों पर खड़ा हो। पिता मदन साव कहते हैं, वे कर्ज में डूब गए बावजूद बेटियों की पढ़ाई जारी रखी।

इस काम में पूजा एवं प्रिया के नाना नानी ने भी भरपूर सपोर्ट किया। दोनों बहनों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता- पिता के साथ ही नाना-नानी को दिया है। बातचीत में पूजा एवं प्रिया ने बताया कि उन्होंने लक्ष्य तय कर पढ़ाई शुरू कर दी। सेल्फ स्टडी एवं ग्रुप स्टडीज के जरिए उन्होंने इस मुकाम को हासिल किया है। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारियों में जुटे आज की युवा पीढ़ी को उन्होंने संदेश देते हुए कहा कि अगर आप किसी भी लक्ष्य को निर्धारित कर निरंतर लगन के साथ मेहनत करते हैं, तो आप निश्चित तौर पर सफल होंगे। इधर, दोनों बहनों की सफलता की खबर मिलते ही उनके एवं उनके परिजनों को बधाई देने वालों का तांता लगा है।

## बिहार - सरकार के पूर्व मंत्री, रमई राम के निधन पर पूर्व मंत्री, डॉक्टर सुरेश पासवान ने की गहरी संवेदना व्यक्त

दैनिक समाज जागरण
अजय कुमार पाण्डेय औरंगाबादः ( बिहार )

बिहार। - सरकार के पूर्व मंत्री एवं राष्ट्रीय जनता दल प्रदेश उपाध्यक्ष, डाक्टर सुरेश पासवान ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा है कि वरिष्ठ समाजवादी नेता एवं बिहार - सरकार के पूर्व मंत्री, जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष तथा मुजफ्फरपुर जिला अंतर्गत बोचहा विधानसभा क्षेत्र से 09 बार विधायक रहे माननीय, श्री रमई राम का आज पटना के मेदांता अस्पताल में निधन हो गया। जैसे ही स्वर्गीय राम के निधन की खबर मिडिया के माध्यम से आया! वैसे ही राजनीति गलियारे में शोक की लहर दौड़ गई। स्वर्गीय रमई राम जी बिहार - सरकार के कई महत्वपूर्ण मंत्रालयो के




लंबे समय तक मंत्री भी रहे हैं। श्रद्धेय रमई बाबू के निधन से मुझे व्यक्तिगत रूप से गहरा धक्का लगा है। वे हमारे न सिर्फ राजनीतिक गुरु थे, बल्कि हमारे अभिभावक भी थे।1992 में जब मैं कार्यकर्ता था! उस समय बिहार - सरकार के मंत्री पद पर होते हुए अत्यंत सुदूर इलाके में मेरे गांव गए थे! उनके हाथों डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर साहब के प्रतिमा का अनावरण किया गया, और एक बड़ी को सभा को भी सम्बोधित किए थे।आज मैं जिस मुकाम पर हूं! उसमें बहुत बड़ा योगदान उनका रहा है। वे हमें पुत्र वत मानते थे।

मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि दिवंगत आत्मा को चिर शान्ति एवं परिवार को इस संकट की घड़ी में दुख सहने को शक्ति प्रदान करें।

शत - शत नमन, विनम्र श्रद्धांजलि!

## अवैध बालू लदा दो ट्रक एवं एक ट्रैक्टर जब्त, प्राथमिकी दर्ज

समाज जागरण

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-वारिसलीगंज पुलिस ने बुधवार को दोपहर बाद थाना क्षेत्र के कोचगांव पंचायत की कोचगांव गांव के बगीचे से अवैध बालू लदा दो ट्रकों को जब्त कर थाना लाई। छापेमारी के नेतृत्व अमित कुमार जिला खान निरीक्षक नवादा तथा राजीवकान्त शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। दूसरी ओर नगर के चांदनी चौक के पास से अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर को बालू परिवहन करते देखा गया। पुलिस को देखते ही ट्रैक्टर चालक भागने में सफल हो गया। जबकि पुलिस ट्रैक्टर को जब्त कर थाना लाई। बाद में खान निरीक्षक श्री कुमार के आवेदन पर जब्त ट्रको एवं ट्रैक्टर के मालिक व चालक के विरुद्ध अवैध खनन अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज किया गया है। बताया गया कि पुलिस को देख ट्रक एवं ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़ भाग निकला। फलत सड़क पर खड़ी अवैध बालू लदा ट्रक एवं ट्रैक्टर को जब्त कर लिया गया। वारिसलीगंज पुलिस इन दिनों बालू के अवैध कारोबार के विरुद्ध काफी शख्त नजर आ रही है। प्रति दिन क्षेत्र के कही न कही से अवैध खनन करते कोई न कोई वाहन को जब्त करने का कार्य कर रही है।

## विभिन्न मामलों के पांच आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया न्यायालये

समाज जागरण

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-वारिसलीगंज पुलिस ने थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवो में छापेमारी कर पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर गुरुवार को व्यवहार न्यायालय नवादा भेज दिया है। बताया गया कि शराब मामले के फरार आरोपी हेमदो ग्रामीण रामजतन मांझी के अलावे रसनपुर गांव के गोरेलाल मांझी, तथा अपने ही पिता के हत्या का आरोपी वेगराजपुर ग्रामीण कन्हैया चौहान तथा शेखपुरा जिला के बरबीघा थाना क्षेत्र के नागडीह गांव के मिठू कुमार तथा बल्लोपुर ग्रामीण बहादुर दास को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया।

## सड़क दुर्घटना में घायल हुई महिला की मौत

समाज जागरण

कौआकोल(नवादा) चलती बाइक से गिरकर बुधवार को बुरी तरह घायल हुई महिला की देर रात्रि पावापुरी हॉस्पिटल में निधन हो गया। निधन की सूचना मिलने के बाद दुर्गामण्डप मुहल्ला में मातम का माहौल छा गया। बता दें कि बुधवार को दुर्गामण्डप निवासी दिनेश शर्मा अपने ससुराल मसुदा,वारिसलीगंज से पत्नी सरिता देवी को बाइक पर बैठाकर लौट रहे थे,सरौनी मोड़ के पास महिला बाइक से गिर गई। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गई। स्वजनों से प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक महिला को कौआकोल पीएचसी में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया गया। जहां से रेफर करने के बाद उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। परन्तु स्थिति ज्यादा सीरियस रहने के कारण सदर अस्पताल से पावापुरी रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान घायल महिला की मौत हो गई। इसे अनहोनी ही कहें कि मृतक महिला के पिता का कुछ दिन पूर्व निधन हुआ था। बुधवार को वह अपने पिता का श्राद्ध कार्यक्रम निपटा कर मायके से पति के साथ लौट रही थी। पर ईश्वर को तो कुछ और ही मंजूर था। इधर मौत की खबर के बाद मृतक के घर में उनके तीन संतानों समेत परिवार के अन्य सदस्यों का रो रोकर बुरा हाल हो गया।

## पूर्व मंत्री के निधन पर जताया शोक

समाज जागरण

कौआकोल(नवादा) बिहार सरकार के पूर्व मंत्री व बोचहा विधानसभा से नौ बार विधायक रहे राजद के वरिष्ठ नेता रमई राम का गुरुवार को निधन हो गया। उनके निधन पर प्रखण्ड के विभिन्न दलों के नेताओं ने गहरा शोक जताया है।राजद के प्रखण्ड अध्यक्ष कैलाश यादव,जिला पार्षद अजित यादव,जिला पार्षद नीतीश राज,जदयू के प्रखण्ड अध्यक्ष रामाश्रय सिंह,समाजसेवी व जदयू नेता ब्रहमदेव रविदास आदि ने रमई राम के निधन पर शोक जताते हुए कहा कि इनके निधन से बिहार की राजनीति में एक युग का अंत हो गया।

## मारपीट मामले में फरार चल रहे छह अभियुक्त गिरफ्तार

समाज जागरण

कौआकोल(नवादा) कौआकोल पुलिस ने गुरुवार को मारपीट के मामले में फरार चल रहे छह अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इसकी जानकारी देते हुए एएसआई मणिलाल मांझी ने बताया कि कौआकोल थाना कांड संख्या-274/22 के तहत दर्ज प्राथमिकी में फरार चल रहे अभियुक्त सियाशरण मांझी,अनिल मांझी,राजकुमार मांझी,करन मांझी,जीरा देवी,ललिता देवी उर्फ टुसिया को बुधवार की शाम रामपुर बलुआ गाँव मे छापेमारी कर गिरफ्तार कर लिया। जिसके बाद सभी को गुरुवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। एएसआई ने बताया कि सभी अभियुक्तों के विरुद्ध मारपीट समेत अन्य आरोपों में प्राथमिकी दर्ज था।

## अभियुक्त को छुड़ाने आये बदमाशों ने थाना पर किया रोड़ेबाजी

समाज जागरण

कौआकोल(नवादा) थाना क्षेत्र के रामपुर बलुआ गांव में मारपीट के पूर्व से दर्ज रहे मामले में फरार चल रहे छह अभियुक्तों को गिरफ्तार कर थाना लाये जाने के बाद गुरुवार को अचानक रामपुर बलुआ गांव के ही कुछ बदमाशों ने थाना पर रोड़ेबाजी करनी शुरू कर दी।हालांकि इस रोड़ेबाजी में किसी प्रकार की कोई क्षति नहीं हुई। वहीं पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर से तीन बदमाशों को खदेड़कर गिरफ्तार कर लिया। कौआकोल पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना पर रोड़ेबाजी करने के आरोप में रामपुर बलुआ गांव निवासी रत्नेश मांझी,महेंद्र मांझी एवं भीम मांझी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार सभी आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में भेजा जाएगा।

22 may 2022:Layout 1 7/15/2022 1:11 AM Page 11



## वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**समाज जागरण सूर्यगढ़ा**

स्थानीय सूर्यगढ़ा पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार किया है तथा इस संदर्भ में मिली प्राप्त जानकारी के अनुसार सूर्यगढ़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत नीरपुर निवासी रामविलास महतो पेसर मूलचंद महतो के ऊपर थाने में मामला दर्ज था और संबंधित केस में हाजिर नहीं होने पर उसके ऊपर न्यायालय के द्वारा वारंट निर्गत किया गया था जिसके आलोक में सूर्यगढ़ा पुलिस ने गिरफ्तार कर व्यक्ति को लखीसराय जेल भेज दिया गया है

## वर्षो से फरार तीन आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल।

**दैनिक समाज जागरण/संवाददाता मो0जियाउद्दीन।**

किशनपुर थाना पुलिस बुधवार के रात विभिन्न कांडो में वर्षो से फरार चल रहे तीन वारंटी को एस ड्राईब के तहत छापेमारी कर गिरफ्तार किया है। इस बाबत थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि अभुआर निवासी बालेश्वर झा के उपर 2006 मे मारपीट के आरोप मे मामला दर्ज किया गया था। जबकि किशनपुर उत्तर पंचायत के रतनपुरा निवासी चन्देश्वरी यादव व उनके पुत्र अनिल यादव के ऊपर 2012 में मारपीट का मामला दर्ज हुआ था। जहां दोनों को गिरफ्तार किया गया है। तीनों को न्यायिक हिरासत में सुपौल भेज दिया गया।




## भागलपुर का शाहजंगी तालाब अब टूरिस्ट स्पॉट के रूप में होगा विकसित

**भागलपुर समाज जागरण /राजीब पाण्डेय /निभाष मोदी ।**

बिहार सरकार के उद्योग मंत्री सैयद शाहनवाज हुसैन और पर्यटन विभाग के प्रधान सचिव ने शाहजंगी तालाब का किया निरीक्षण

भागलपुर।बिहार सरकार के उद्योग मंत्री सैयद शाहनवाज हुसैन ने पर्यटन





विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल के साथ शाहजगी तालाब का निरीक्षण किया। मंत्री ने कहा कि तालाब अब टूरिस्ट स्पॉट के रूप में विकसित होगा। इसका डिजाइन तैयार हो गया है इसके लिए जल्द एजेंसी का चयन किया जाएगा, और सौंदर्य करण कराया जाएगा। निरीक्षण के दौरान पर्यटन विभाग के प्रधान सचिव के साथ आर्किटेक्ट को भी लाया गया था। जिन्होंने पहले से इस तालाब और आसपास के एरिया को विकसित करने का डिजाइन तैयार कर रखा था। तालाब को विकसित करने के साथ-साथ इसमें वोटिंग, म्यूजिक फोंटेन तलाब के चारों ओर रंगीन लाइटिंग शाहजंगी मजार के चारों ओर टीले को भी शानदार तरीके से विकसित कर लैंडस्कैपिंग किया जाएगा। तलाब विकसित हो जाने के बाद यहां पर आने वाले लोग इस का लुफ्त उठा सकेंगे वहीं पर्यटकों के पहुंचने से यहां के लोगों को लाभ होगा और क्षेत्र का विकास होगा।

## सच्ची श्रद्धा और सम्मान से गुरुभक्ति पाई जा सकती हैं आचार्य केशव कुमार मिश्रा।

**पीरपैंती समाज जागरण /केदारनाथ पाण्डेय ।**

संत जानकीदास सरस्वती विद्या मंदिर बाराहाट में गुरू पूर्णिमा के अवसर पर महर्षि वेदव्यास के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। प्राचार्य केशव कुमार मिश्रा ने गुरु कि महिमा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु शब्द ही अपने आप में ज्ञान का असीमित भंडार है और जीवन को प्रकाशित करते रहता है।तथा सफलता की ओर ले जाता है।गुरु कि श्रद्धा पूर्ण सेवा ही सच्ची गुरुभक्ति है। आचार्य सुनील कुमार झा जी ने गुरु का मार्ग दर्शन सूर्य के प्रकाश कि तरह होता है।आचार्य संजय कुमार तिवारी जी ने गुरु कि महिमा पर प्रकाश डाला।इस अवसर पर नीलू खातून आचार्या सुनीता सिन्हा,रूपा सिन्हा,वीना भारतीय,आचार्य ब्रजेश कुमार सिंह इत्यादि ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किए।




## बेटियो ने बढ़ाया पीरपैती की शान।

**पीरपैंती समाज जागरण /केदारनाथ पाण्डेय ।**

बिहार पुलिस के अवर निरीक्षक के पद पर चयनित होकर बढ़ाया अपने गांव का समान,बाए तरफ की लड़की मो नजीम नौवा टोली के पिता एक समान किसान और माता गृहणी है।दूसरे तरफ स्वतंत्रा सेनानी स्व फूलचंद रजक की पौत्री महेश रजक की पुत्री है।इस दोनो को बधाईयां देने वालो का ताता लगा हूवा है।बधाई देनेवाले में पूर्व मुखिया मो मोजाहिद, पूर्व मुखिया अरविंद शर्मा,नंद किशोर तांती, डीलर संघ के अध्यक्ष,कुंदन कुमार,बिपिन कुमार, बबुआन सिंह, मो कौसर इत्यादि ने बधाईयां दी जीवन में सफलता की कामना की।सफल छात्रा प्रियंका कुमारी,और मारुख खातून ने संवाद दाता को बताया कि ये प्रदान सीढ़ी आगे और बढ़ना है। लक्ष्य ऊंचे पद पर जाना है।





## वर्षो से फरार तीन आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल।

**दैनिक समाज जागरण/संवाददाता मो0जियाउद्दीन।**

किशनपुर थाना पुलिस बुधवार के रात विभिन्न कांडो में वर्षो से फरार चल रहे तीन वारंटी को एस ड्राईब के तहत छापेमारी कर गिरफ्तार किया है। इस बाबत थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि अभुआर निवासी बालेश्वर झा के उपर 2006 मे मारपीट के आरोप मे मामला दर्ज किया गया था। जबकि किशनपुर उत्तर पंचायत के रतनपुरा निवासी चन्देश्वरी यादव व उनके पुत्र अनिल यादव के ऊपर 2012 में मारपीट का मामला दर्ज हुआ था। जहां दोनों को गिरफ्तार किया गया है। तीनों को न्यायिक हिरासत में सुपौल भेज दिया गया।




## कोविड मेगा ड्राइव जिले के विभिन्न प्रखंडों में विशेष कोविड वैक्सीनेशन शिविर आयोजित कर छूटे लाभार्थियों को दी गई वैक्सीन

**समाज जागरण लखीसराय**

जिले में शत-प्रतिशत लोगों का कोविड टीकाकरण जल्द से जल्द सुनिश्चित करने को लेकर लगातार वैक्सीनेशन अभियान के तहत शिविर आयोजित कर लोगों को वैक्सीन दी जा रही है। साथ ही हर जरूरी निर्णय भी लिए जा रहे और हर आवश्यक पहल भी की जा रही है। वहीं, गुरुवार को जिले भर में कोविड टीकाकरण महाअभियान चलाया गया। जिसके माध्यम से जिले के सभी प्रखंडों में विशेष कोविड टीकाकरण शिविर आयोजित कर टीका से वंचित लोगों को टीकाकृत किया गया। साथ ही सेकेंड और प्रीकॉशनरी डोज लेने की निर्धारित समयावधि पूरी करने वाले लाभार्थियों को प्राथमिकता के आधार पर सुविधाजनक तरीके से टीका दिया गया ।

सभी लाभार्थियों को प्राथमिकता के तौर पर लगाया सुरक्षा का टीका :

सिविल सर्जन डॉ देवेन्द्र कुमार चौधरी ने बताया, जिले के सभी प्रखंडों में विशेष टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया । सभी सेशन साइटों पर सभी लाभार्थियों को प्राथमिकता के आधार पर टीकाकृत किया गया। साथ ही अन्य लाभार्थियों को भी प्रेरित करने के लिए जागरूक किया गया। ताकि जल्द से जल्द शत-प्रतिशत लाभार्थियों का टीकाकरण सुनिश्चित हो सके और सामुदायिक स्तर पर लोग इस घातक महामारी से सुरक्षित हो सकें । इस विशेष अभियान के सफल संचालन के लिए सभी सेशन साइटों पर पर्याप्त संख्या में कर्मियों की तैनाती एवं वैक्सीन वाइल की व्यवस्था सुनिश्चित की गई । ताकि एक भी व्यक्ति को वैक्सीन के अभाव में लौटना नहीं पड़े। वहीं, उन्होंने बताया, जिले में चल रहे टीकाकरण अभियान को और तेज गति देने के लिए वैक्सीनेशन टीम को आवश्यक निर्देश भी दिए गए।



जरूरतमंदों के घरों तक पहुँची वैक्सीनेशन टीम :

डीआईओ सह एसीएमओ डॉ अशोक कुमार भारती ने बताया जिले में आज कोविड महाअभियान के तहत 9000 लोगों को टीकाकृत करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया । जिले के सभी प्रखंडों में चयनित जगहों पर इस महाअभियान का आयोजन किया गया है । इस तरह के महाअभियान के आयोजन का यही मकसद होता है की जो लाभार्थी समय पर किसी कारण कोविड का टिका नहीं लिए हैं उन्हें टिकाकृत किया जा सके । साथ ही कोई भी लाभार्थी कोविड के टीका से वंचित ना रहे और जल्द से जल्द शत-प्रतिशत लोगों का टीकाकरण सुनिश्चित हो सके तथा सामुदायिक स्तर पर लोगों को इस घातक महामारी के खतरे से सुरक्षित किया जा सके ।

## अजगैबीनाथ धाम मे सावन मास के पहले दिन ही शिव भक्तों कि उमडी भीड़, भोलेनाथ के जयकारों से गुंजायमान हुआ पूरा सुल्तानगंज।

**भागलपुर समाज जागरण /प्रमंडलीय व्यूरो राजीब पाण्डेय /निभाष मोदी।**

हजारों हजार की संख्या में कांवरिया सुल्तानगंज से जल भरकर बाबा बैद्यनाथ धाम के लिए हुए रवाना

भागलपुर सुलतानगंज के अजगैबीनाथ धाम में विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेले कि शुरूआत हो गई। अभी विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला का प्रशासनिक तौर पर विधिवत उद्घाटन भी नहीं हुआ है कि कांवरिया हजारों हजार की संख्या में सुल्तानगंज अजगैबीनाथ घाट से जल भरकर बाबा बैद्यनाथ को जल चढ़ाने के लिए प्रस्थान करने लगे हैं।सावन के पहले दिन सुबह से ही अजगैबीनाथ धाम मे बिहार झारखंड सहित अन्य राज्यों के कांवरिया उत्तरवाहिनी गंगा पहुचकर गंगा स्नान कर अजगैबीनाथ धाम मे बाबा भोलेनाथ के शिवलिंग मे गंगा जल अभीषेक कर पुजा अर्चना करते हुये बोल बम के जयकारों के साथ बाबा बैधनाथ धाम के लिये रवाना हुये।ऐसी मान्यता हैं कि सावन मास मे बाबा भोलेनाथ को पवित्र उत्तरवाहिनी गंगा जल से अभीषेक करने पर सारी मनोकामनाएं





पूर्ण होते है।इसी को लेकर खासकर बिहार झारखंड सहित अन्य राज्यों के कांवरिया अजगैबीनाथ धाम पहुचते हैं।वहीं कांवरियों ने बताया कि बाबा भोलेनाथ के दरबार आने से हमे खुशी मिली हैं।बाबा भोलेनाथ हमारी सारी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं।इस लिए बाबा भोलेनाथ के दरबार अजगैबीनाथ धाम पहुचर बैधनाथ धाम मे गंगा जल से अभीषेक करेगे।साथ ही पंडित ने भी बताया कि बाबा भोलेनाथ को गंगा जल चढाने के लिए बिहार झारखंड सहित अन्य राज्यों के कांवरिया अजगैबीनाथ शिव के धाम पहुचकर पुजा अर्चना करते हुये बैधनाथ धाम के लिये रवाना हो रहे हैं।

## जहाँगीपुर बैसी में कटाव को लेकर मानवाधिकार संरक्षण बोर्ड के द्वारा भागलपुर DM को सौंपा ज्ञापन।

**नवगछिया समाज जागरण /शक्ति ठाकुर।**

जहांगीरपुर बैसी में कटाव पीड़ितों के लिए मानवाधिकार संरक्षण बोर्ड के द्वारा पांच सूत्रीय मांगों को पूरा करने के लिए डीएम को ज्ञापन सौंपा हैं। ज्ञापन के अनुसार एक सौ से अधिक परिवार का घर कोसी नदी के कटाव में विलीन हो चुका हैं। कटाव से विस्थापित परिवार खानाबदोस के समान जीवन जी रहे हैं। इन लोगों का जीवन बेहद कष्टदायी हैं। पीड़ित परिवार को प्रशासन की ओर से कोई ठोस मदद नहीं मिल रही हैं। जहांगीरपुर बैसी गांव के लोगों के साथ बैठक कर पांच मांगे रखी गई हैं।

कटाव रोकने के लिए वृहद पैमाने पर कटाव निरोधी कार्य करवाया जाए। ताकि कोसी नदी में विलीन होने से अन्य लोगों का घर बच सके। विस्थापित परिवार को पुर्नवास योजना के तहत जमीन उपलब्ध करवाकर स्पैशल पैकज के तहत आवासीय कॉलोनी बनाया जाए। ताकि वर्तमान में धूप में काफी कष्टकारी जीवन काट रहे लोगों को सर छिपाने के लिए अपना अशियाना मिल सके। विगत पांच वर्षों से कोसी नदी के कटाव से सरकार को दर्जनों बार अवगत करवाया। लेकिन इस दिशा में सरकार की ओर से कोई ठोस निरोधात्मक कार्य नहीं की गई। अब यह दिन देखना पड़ रहा हैं। यदि इन मांगों को समय पर पूरा नहीं किया गया



तो मानवाधिकार संरक्षण बोर्ड के बैनर तले धरना प्रदर्शन किया जायेगा। फिर भी समाधान नहीं हुआ तो उच्च न्यायालय पटना में सभी समस्याओं का वर्णन करते हुए जनहित याचिका दायर की जायेगी। इस मौके पर मानवाधिकार संरक्षण बोर्ड के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना जाहिद हलीमी, महासचिव अधिवक्ता मंजर आलम, अब्दुल गफ्फार, मु. इस्तेखार आलम, अताउल हक, मोईज उद्दीन व अन्य लोग भी मौजूद थे।

## सेविका सहायिकाओं ने किया एसबीआई बैंक का घेराव।

**समाज जागरण मोहम्मद आजाद**

गौनाहा / गुरुवार को गौनाहा बाल विकास परियोजना की आक्रोशित सेविकाओं द्वारा भारतीय स्टेट बैंक का घेराव किया गया। सेविकाओं द्वारा आज 15 दिन से 50 से अधिक सेविकाओं का पोषाहार राशि की खाता को होल्ड कर अकाउंटेंट द्वारा सेविकाओं को बेवजह परेशान किया जा रहा है। जबकि कार्यालय सीडीपीओ द्वारा पोषाहार समिति का अध्यक्ष,व सचिव का संयुक्त हस्ताक्षर का अनुमोदन करते हुए बैंक को पूर्व में दे दी गई है। फिर भी अकाउंटेंट द्वारा सेविकाओं का नियुक्ति पत्र जो अकाउंटेंट को मांगने का हक नहीं है आगे आधार कार्ड ,पेन कार्ड, अध्यक्ष का आधार कार्ड ,पैन कार्ड ,मांगा जा रहा है। वही कई तरह का कागज की मांग की जा रही है जिससे पोषाहार का उठाव ठप है।




और कई केंद्रों पर राशि के अभाव में खाना बंद होने के कगार पर है। ऐसी परिस्थिति में यूनियन की जिला महासचिव सुमन वर्मा ने विभागीय पदाधिकारी से अकाउंटेंट के ऊपर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है तथा स्टेट बैंक से अकाउंटेंट को अविलंब हटाने की मांग की गयी है । प्रखंड अध्यक्ष संध्या देवी ने बताई की अकाउंटेंट की मनमानी का कोई अंत नहीं है अकाउंटेंट द्वारा बेवजह लोगों को परेशान किया जाता है जिससे सरकारी कर्मी के साथ साथ आम लोगों में भी अकाउंटेंट के प्रति काफी आक्रोश है। इसलिए इनको इस बैंक से अविलंब हटाना चाहिए आगे संध्या देवी ने बताई की बैंक में प्रतिदिन महिलाओं के प्रति अकाउंटेंट द्वारा अभद्र व्यवहार भी किया जाता है जिसका भुक्तभोगी मैं स्वयं हूं।

## लौरिया में तेज रफ्तार की कहर ने ली एक और युवक की जान।

**समाज जागरण बगहा से नीरज मिश्रा**

बस ने बाइक सवार व्यक्ति को रौंदा मृत व्यक्ति की पहचान तेलपुर निवासी स्वर्गीय हरिशंकर प्रसाद के 40 वर्षीय पुत्र राजू श्रीवास्तव के रूप में हुई है। मृतक राजू श्रीवास्तव अपने 8 वर्षीय पुत्र शिवम का इलाज कराकर बेतिया से वापस अपने घर तेलपुर जा रहे थे कि अचानक लौरिया बेतिया मुख्य मार्ग में पेट्रोल पंप के समीप बगहा से बेतिया की ओर जा रही तेज रफ्तार में शिवदनी बस जिसका रजिस्ट्रेशन नम्बर इफ 01ढ ए- 0195 मोटरसाइकिल सवार को रौंद दिया। मोटरसाइकिल पर तीन लोग सवार होकर बेतिया से अपने पुत्र का इलाज कराकर अपने घर जा रहे थे। बाइक पर सवार में से दो लोगो की हालत गम्भीर है। जिसका प्राथमिक इलाज लौरिया रेफरल अस्पताल में किया गया। इधर डाक्टरो की माने तो माँ व बेटा की भी स्थिति नाजुक बताई जा रही है। स्थिति नाजुक देखते हुए डॉक्टरों ने मां आरती देवी व बेटा शिवम को बेतिया गवर्नमेंट अस्पताल भेज दिया है।



## केंद्रीय मंत्री ने युवा मोर्चा के परिचायक बैठक की।

**समाज जागरण नवादा(का. स.)**

आगामी लोकसभा चुनाव के निमित्त युवा मोर्चा के कार्यकताओं के साथ केंद्रीय राज्य मंत्री राव साहेब पाटिल दानवे ने परिचयात्मक बैठक को संबोधित किया। युवा मोर्चा ज़िला अध्यक्ष रवि राज की अध्यक्षता में सभी ज़िला पदाधिकारी ने युवा मोर्चा द्वारा अब तक के किए गए कार्यक्रम एवं संगठन से संबंधित जानकारी माननीय मंत्री जी को दिया। माननीय मंत्री ने अगले प्रवास के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव एवं युवा मोर्चा के लिए प्रशिक्षण सत्र आयोजन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा की प्रत्येक युवा मोर्चा का कार्यकर्ता ग्रामीण क्षेत्र के पाँच नए कार्यकताओं को जोड़े। महाराष्ट्र में युवा मोर्चा के कार्यकलापों के तर्ज. पर ह्लडब्बा पार्टीह्व का आयोजन किसी सुदूरवर्ती गाँव में करने का निर्देश दिया। इस बैठक में लोकसभा संयोजक हिसुआ विधानसभा के पूर्व विधायक अनिल सिंह जी, मुंगेर विधायक प्रणव यादव जी, वारिसलीगंज विधायिका अरुणा देवी जी, लोकसभा प्रभारी रविशंकर, हिसुआ विधानसभा प्रभारी परवीन यादव , भाजपा ज़िलाध्यक्ष संजय कुमार मुन्ना, भाजयुमो ज़िलाउपाध्यक्ष रविशंकर कुमार, तरुण कुमार, मुकेश राज, शिव यादव, भाजयुमो ज़िला महामंत्री राहुल कुमार, भाजयुमो ज़िला मंत्री बिपुल कुमार, भाजयुमो ज़िला कोषाध्यक्ष गौरव कुमार सूरज, भाजयुमो नवादा पूर्वी मंडल अध्यक्ष राजीव रंजन, रौशन कुमार, ज्ञान प्रकाश, सौरभ कुमार, राज सिंघानिया सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।





## बिंदा पंचायत में पंजाब नेशनल बैंक की सीएसपी शाखा का हुआ उद्घाटन।

**समाज जागरण**

बाराचट्टी(गया)प्रखंड के बिंदा पंचायत के सुरौंधा गाँव मे बैंकिंग सुविधा के लिए गुरुवार को एस वी एफ संजीवनी विकास फाउंडेशन के तहत पंजाब नेशनल बैंक की सीएसपी शाखा का उद्घाटन शाखा प्रबंधक के द्वारा किया गया। प्रखंड के सुरौंधा गाँव में खुले इस शाखा का उद्घाटन पीएनबी सरवां बाजार के शाखा प्रबंधक अभिषेक तिवारी, बिंदा मुखिया राजू यादव एवं जिला पार्षद अरविंद यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। यह सीएसपी ब्रांच पंचायत में ग्राहक सेवा केन्द्र के रूप में काम करेगा। प्रबंधक ने कहा कि मौजूदा परिवेश में बैंकिंग का महत्व बढते ही जा रहा है। उन्होंने लोगों को ग्राहक सेवा केन्द्र से जुड़ने की सलाह देते हुए कहा कि आज के परिवेश में बैंकों का महत्व काफी बढ़ गया है। विद्यार्थी, किसान, व्यवसायी आदि सभी वर्ग के लोगों को इस ग्राहक सेवा केन्द्र से काफी लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि कृषि, शिक्षा, पेंशन आदि लाभों के लिए अब अन्य बैंकों का चक्कर नही लगाना पड़ेगा। ग्राहकों को सभी तरह की सुविधाएं ग्राहक सेवा केन्द्र से उपलब्ध करवाएं जाएंगे।अब पंचायत के लोंगो को जमा निकासी के लिए अब सरवां बाजार शाखा में जाना नही होगा।इस मौके पर शाखा प्रबंधक के साथ जीविका के बीपीएम अमित मिश्रा,दीपक बाबा सहित ग्रामीण जनता मौजूद थे।




## रेवार से दहेज हत्या मामलें में पति-पत्नी गिरफ्तार, तीन अन्य भेजे गए जेल

**समाज जागरण**

पकरीबरावां(नवादा) धमौल ओपी की पुलिस ने ओपी क्षेत्र के रेवार गांव निवासी भोला चौधरी एवं उसकी पत्नी सुनैना देवी को गिरफ्तार किया है। गुप्त सूचना के आधार पर धमौल पुलिस ने एएसआई ललन सिंह के नेतृत्व में छापेमारी करते हुए जमुई नगर थाना क्षेत्र के आमीन गांव से गिरफ्तार किया है। इसकी जानकारी देते हुए धमौल एसएचओ नीरज कुमार ने बताया कि दहेज हत्या के मामलें में दोनों की गिरफ्तारी हुई है। दोनों पर अपने ही पुत्रवधू की हत्या के मामलें में कांड संख्या -328/21 दर्ज है। उन्होंने बताया कि दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। दूसरी ओर, धमौल पुलिस ने पुलिस पर हमला करने के मामलें में रेवार से शिबालक पासवान जबकि जमुई जिले के चंद्रदीप थाना क्षेत्र के कैथा से मो. मलिक एवं मो. फिरोज को गिरफ्तार किया है। सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## मॉडल विद्यालय बन रहा मध्य विद्यालय नारायणपुर, इऊ नें किया निरीक्षण।

**नारायणपुर समाज जागरण /पुरुषोत्तम ठाकुर।**

मध्य विद्यालय नारायणपुर में जिर्णोद्धारिकरण का कार्य चल रहा है। इस विद्यालय को मॉडल विद्यालय के रूप में विकसित की जा रही है। आज बीडीओ हरिमोहन कु, सीओ अजय कु सरकार, मनरेगा पीओ लालमोहन राय ने विद्यालय पहुंचकर जानकारी लिया।

विद्यालय परिसर में पुस्तकालय, वृक्षारोपण, ओपन जिम, वाटर हार्वेस्टिंग, जल जमाव से मुक्ति के लिए सोख्ता आदि बनाने के लिए पहल किया गया।




विदित हो कि पंचायत समिति से विद्यालय जिर्णोद्धारिकरण, पेवर ब्लॉक सोलिंग का कार्य प्रगति पर है। मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना के से कमरा जिर्णोद्धारिकरण, मुख्य द्वार का कार्य किया जा रहा है। मौके पर नगर पारा उत्तर पंचायत मुखिया संजीव यादव, समाजसेवी मंटू यादव, तकनीकी सहायक मनीष कुमार, सरपंच देवेंद्र यादव, प्रधानाध्यापक, शिक्षक आदि मौजूद थे।

## नवगछिया स्टेशन पर चेन पुलिंग करनें व अवैध वेंडर को पुलिस नें दबोचा , कुल 6 लोगों को भेजा जेल।


**नवगछिया समाज जागरण /शक्ति ठाकुर।**

नवगछिया के अलग-अलग स्टेशनों पर मेल एक्सप्रेस ट्रेनों का चेन पुलिंग करने एवं अवैध रूप से वेंडर व किन्नरों द्वारा वसूली करने के मामले में नवगछिया आरपीएफ इंस्पेक्टर के द्वारा छह लोगों को गिरफ्तार किया गया। आरपीएफ इंस्पेक्टर मृणाल कुमार ने बताया कि सुबह-सुबह चंडीगढ़ कामाख्या 15903 एक्सप्रेस को को नवगछिया स्टेशन के समीप चेन पुलिंग कर उतर रहे दो किन्नर को हिरासत में लिया गया। गाड़ी संख्या 15715 से दो वेंडर को ट्रेन से अवैध रूप से विक्री करने को लेकर हिरासत में लिया। लाल गढ़ से डिब्रूगढ़ जाने वाली अवध आसाम एक्सप्रेस कटरिया नवगछिया स्टेशन के बीच चेन पुलिंग करने पर दो यात्रियों को हिरासत में लेकर रेल अधिनियम के तहत कार्रवाई किया गया।

## चट्टानी एकता का परिचय देंगे सेविका सहायिका।

**समाज जागरण मोहम्मद आजाद**

गौनाहा / गुरुवार को बिहार राज्य आंगनबाड़ी कर्मचारी यूनियन बैनर तले प्रखंड की सभी सेविका सहायिकाओं ने एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष संध्या देवी द्वारा की गई । वही सेविकाओं को संबोधित करते हुए यूनियन जिला महासचिव सुमन वर्मा ने कहा कि आज चार-पांच माह से कार्यालय के बड़ा बाबू आनंद कुमार द्वारा सेविकाओं का प्रोत्साहन राशि बैंक में भेजने की बात कह रहे हैं लेकिन भेजते नहीं है । जिसके कारण कई सेविकाओं का मकान भाड़ा बाकी है। डाटा ऑपरेटर के द्वारा समय सीमा के अंदर सेविकाओं का पोषाहार खाता निदेशालय नहीं भेजने के कारण जून माह का पोषाहार बाधित हो गया है । जिसको लेकर संबंधित कर्मियों पर कार्रवाई करने की जरूरत है।आज 6 माह से अधिक दिनों से कार्यालय डाटा ऑपरेटर द्वारा जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं बनाया जा रहा है जिससे प्रखंड के लोगों में काफी आक्रोश है1



बैठक को संबोधित करते हुए जिला संगठन प्रभारी अजय वर्मा ने कहा कि कार्यालय कर्मियों द्वारा जो भी कमियां की गई है उन सभी बातों को लेकर जिला में आवाज उठाया जाएगा और जिला के वरीय पदाधिकारी से मिलकर शिकायत की जाएगी। श्री वर्मा ने कहा कि सरकार नई मीनू लागू कर दी है लेकिन नई मीनू की हिसाब से कोई केंद्र पर बर्तन नहीं दिया गया है ना सरकार द्वारा बाजार भाव से सेविकाओं को राशि दी जा रही है । सेविकाओं का मोबाइल खराब है लेकिन मोबाइल से काम करने के लिए दिन रात प्रताड़ित करने का कार्य किया जा रहा है। सेविका कार्य करने के लिए तैयार है लेकिन सेविकाओं को पर्याप्त मात्रा में केंद्रों पर संसाधन मुहैया उपलब्ध कराना अति आवश्यक है। आगे सेविकाओं को चट्टानी एकता बनाकर संघर्ष करने की बात कही कहीं गई आज की बैठक मे लालती देवी ,सत्या देवी, विद्यापति देवी, मायावती देवी ,सुनैना देवी, मोबीन अहमद ,मोनिका देवी, दीपा गुप्ता ,रिचा शर्मा, विनोद कुशवाहा, दुर्गावती देवी, खुशी कुमारी,नूर सबा खातून , शबनम खातून, नरगिस परवीन,गायत्री देवी ,रीना देवी ,उषा देवी, सत्य रूपा देवी आदि उपस्थित थे।

## हाथों की मेहंदी और पांव की महावर अभी धुमिल भी नहीं हुई की दहेज की बेदी पर एक और बेटी की बलि दहेज दानवों ने दें दी ।

**समाज जागरण बगहा से नीरज मिश्रा**

मामल बगहा थाना क्षेत्र अवरहिया का हैं। जहां एक माह पूर्व शादी कर घर लाई गई नई नवेली दुल्हन को पति समेत ससुरालियों द्वारा गला दबाकर हत्या कर दी गई । और गुप चुप तरिके से शव को बगहा थाना क्षेत्र के रजवटीया समान में लाकर नदी के किनारे शव को जलाया जा रहा था कि मृतका के भाई के सुचना पर पहुंच कर पुलिस ने अधजली शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया । वहीं त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मृतका के पति व सास को गिरफ्तार कर लिया है । साथ ही अन्य कि गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है ।मृतका के भाई राजू यादव ने बताया कि वे अपनी बहन की 07/06/2022 को शादी हुईं थी । जिसमें उन लोगों ने 50, 000 हजार रुपए और एक बाइक दहेज में दिया था । उसके बावजूद मृतका के पति व उसके ससुरालियों द्वारा उसे दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाता था ।जब वे लोग दहेज देने में स्मर्थता जताई तो दहेज के लिए उसकी बहन की गला दबा कर हत्या कर दिया । और उन लोगों के बिना बताए ही उसके शव को जला दिए।

